

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,रविवार 15 सितंबर 2024 ■ भाद्रपद पक्ष-12 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-168 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 16 सितंबर 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur
phone: 0771-2543112

## संक्षेप

### छत्तीसगढ़ से ओडिशा जा रही बस में सशस्त्र लूट

**सरायपाली 15 सितंबर।** झारखंड से ओड़िशा जा रही बस में लूट की घटना हुई है। पिस्टल की नोंक पर यात्रियों के साथ लूट की वारदात की गयी है। जानकारी के मुताबिक बस रायपुर से बरगढ की ओर जा रही थी। इस दौरान यात्री बस को बीती रात लुटेरों ने अपना शिकार बना लिया। जानकारी के मुताबिक झिलमिला चौक में ये पूरी घटना को अंजाम दिया गया है। लुटेरों ने बस रोककर फ़िल्मी स्टाईल मे पिस्टल की नोक में लूट की घटना की। लूट की जानकारी घटना के बाद पुलिस को दी गयी, जिसके बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए 4 आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। महासमुंद पुलिस ये बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 2 नग कट्टा, 17 नग कारतूस, 02 नग मोटर साइकिल, 01 नग मोबाईल तथा लूट किया गया नगदी रकम 7200 रूपये बरामद किया है। सायबर सेल एवम थाना सरायपाली पुलिस की सयुक्त कार्यवाही की है।

### ट्रेलर की चपेट में आने से एक की मौत

**जांजगीर चाँम्पा,15 सितंबर।** अकलतरा थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत कोटमी सोनार से लौटते समय नेशनल हाइवे मे ट्रेलर से कुचलकर एक युवक की मौत हो गई है।वही एक युवक का पैर बुरी तरह कुचल गया है। दरअसल हादसे में तीन युवक थे जिनमे से एक युवक का सर ट्रेलर के चक्के मे दबने से उसकी की तुरंत मौत हो गई। यह घटना को सुनते ही लोगो की भीड़ जमा हो गई।

### इमारत गिरने से परिवार के 10 लोगों की मौत

**मेरठ,15 सितंबर।** बारिश के कारण 3 मंजिला घर ढह गया था। इसमें परिवार के 15 लोग दब गए थे। दरअसल यूपी के मेरठ में शनिवार शाम हुए हादसे में अब तक 10 की मौत हो गई। मृतकों मां, बेटा, बहू और पोता-पोती शामिल हैं। 5 लोगों का रेस्क्यू कर हॉस्पिटल भेजा गया। 15 लोग दबे थे। 16 घंटे के रेस्क्यू में सभी को बाहर निकाला गया। हालांकि एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीम अभी भी मलबे को हटाकर देख रही है। संकरी गली होने से बुलडोजर नहीं पहुंच सका। रुक-रुक बारिश होती रही। इस वजह से रेस्क्यू ऑपरेशन में दिक्कतें हुईं।

### ज्ञानवापी पर योगी आदित्यनाथ के बयान को गंभीरता से लेना चाहिए: विहिप

**नई दिल्ली ,15 सितंबर ।** ज्ञानवापी विवाद को लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा दिए गए बयान की सराहना करते हुए विश्व हिंदू परिषद ने शनिवार को कहा कि सच सब जानते हैं और ऐसे में वहां पर मस्जिद की महा जिद करना उचित नहीं है। विहिप ने योगी आदित्यनाथ के बयान को गंभीरता से भी लेने की सलाह दी है। विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जो बात कही है, उसे गंभीरता से लेना चाहिए और ज्ञानवापी मामले का समाधान जल्द से जल्द होना ही चाहिए।

विहिप प्रवक्ता ने कहा कि काशी सिर्फ धर्म की ही नहीं बल्कि ज्ञान की नगरी भी है। वहां आदि गुरु शंकराचार्य को भी ज्ञान प्राप्त हुआ था। यह भगवान शंकर और विश्वेश्वर भगवान की पुण्य धरा है। यह किससे छिपा है कि भगवान विश्वेश्वर महादेव की इस पुण्य धरा पर कुछ विदेशी आक्रांताओं ने कब्जा जमाने की कोशिश की। जिसको अभी कुछ लोग तथाकथित मस्जिद कहते हैं, वह वास्तव में भगवान शंकर का गर्भगृह है, मूल स्थान है और उसकी मुक्ति बहुत आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि क्या यह सच्चाई नहीं है कि जिसे वह मस्जिद बता कर झूठ बोल रहे हैं, उसकी दीवारें व गुंबद का निचला हिस्सा ही उनकी उस झूठ की पोल खोल रहा है। वहां का स्ट्रक्चर, भूगोल, परंपराएं, मान्यताएं , तथ्य और सत्य को देखते हुए किसी को शंका नहीं होनी चाहिए कि वह भगवान विश्वनाथ की ही जगह है।

## अरविंद केजरीवाल ने किया इस्तीफे का ऐलान

### अग्नि परीक्षा देने दो दिन बाद छोड़ेंगे मुख्यमंत्री पद की कुर्सी

**नयी दिल्ली,15 सितंबर।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने छ्टरू पद से इस्तीफे का ऐलान किया है। तिहाड़ से 13 सितंबर को रिहा होने के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल रविवार को पहली बार आम आदमी पार्टी के ऑफिस पहुंचकर कार्यकर्ता को संबोधित कर रहे हैं। इस दौरान उनके साथ,क्क नेता मनीष सिसोदिया, संजय सिंह और आतिशी भी मौजूद हैं। केजरीवाल ने कहा- 2 दिन के बाद सीएम की कुर्सी से इस्तीफा देने जा रहा हूं। केजरीवाल ने कहा कि तब तक उस कुर्सी पर नहीं बैठूंगा, जब तक जनता अपना फैसला ना सुना दे। जब तक जनता ना कह दे कि केजरीवाल ईमानदार है, जब तक सीएम की कुर्सी पर नहीं बैठूंगा। आपको लग रहा होगा कि अभी रिहा होकर आया है और ऐसा



क्यों बोल रहा है। इन्होंने आरोप लगाया है कि केजरीवाल चोर है, भ्रष्टाचारी है, भारत माता के साथ धोखा किया है। मैं देश के लिए कुछ करने आया था, जब 14 साल के बाद भगवान राम वनवास से लौटे तो सीता को अग्नि परीक्षा देनी पड़ी थी। आज मैं अग्नि परीक्षा दूंगा।केंद्र सरकार ने कानून पर कानून डालकर मेरी पावर छीन ली। ये कंडीशन कोई मायने नहीं रखती। मैंने अपनी जिंदगी में ईमानदारी कमाई है। फरवरी में चुनाव हैं। मैं मांग करता हूं कि चुनाव महाराष्ट्र के साथ नवंबर में कराए जाएं। आपका फैसला आने तक मैं जिम्मेदारी नहीं संभालूंगा।आम आदमी पार्टी से कोई और मुख्यमंत्री बनेगा। विधायक दल की मीटिंग में अगले मुख्यमंत्री का नाम तय किया जाए।

मनीष सिसोदिया के मन में भी वही पीड़ा है। उनका भी कहना है कि डिप्टी सीएम और शिक्षा मंत्री का पद तभी संभालेंगे, जब जनता कहेगी कि मनीष सिसोदिया ईमानदार हैं। हम दोनों जनता की अदालत में जाएंगे, जनता कहेगी कि ईमानदार हैं, तभी कुर्सी पर बैठेंगे। 2020 में कहा था कि काम किया था तो वोट देना। आज कह रहा हूं कि ईमानदार हूं तो वोट देना।

## भोरमदेव अभयारण्य में बाघ-बाघिन का बसेरा, 25 गांवों में मुनादी

**कवर्धा,15 सितंबर।** कबीरधाम जिले के भोरमदेव वन्यजीव अभ्यारण्य में लंबे समय बाद एक बार फिर बाघ -बाघिन की चहलकदमी व धमक दिखाई दी है। वन विभाग की माने तो पिछले एक महीने से बाघ भोरमदेव अभ्यारण में चहलकदमी करते नजर आ रहा है। जिसकी तस्वीरें भी वन विभाग के कैमरे में कैद हो रही है। खास बात ये है कि, इस बार बाघ बाघिन जोड़े में भोरमदेव अभ्यारण पहुंचा है।

अभ्यारण क्षेत्र में बाघ बाधिन की मौजूदगी का पता लगते ही वन विभाग ने भोरमदेव वाइल्ड वाइल्डलाइफ सैंक्चुरी से लगे लगभग 25 गांवों में बाघ बाघिन की मौजूदगी की जानकारी देते हुए लोगों को जंगल में नहीं जाने की मुनादी करा दी है। हालांकि अभी तक बाघ-बाघिन द्वारा किसी को नुकसान पहुंचाए जाने की खबर सामने नहीं आई है। वहीं वन विभाग भी बाघ-बाघिन की हर गतिविधियों में नजर रखे हुए है।

वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, भोरमदेव अभ्यारण में पिछले एक महीने से बाघ और बाघिन की चहलकदमी देखने को मिल रही है। विभाग ने बाध- बाधिन की हर गतिविधियों और चहल कदमी में नजर रखने के लिए जगह- जगह ट्रैप कैमरा लगाया हुआ है। जिससे बाघ के जंगल में घूमने की कई तस्वीरें कैमरे में कैद हो रही है। कई जगहों पर बाघ के फूट प्रिंट भी मिले हैं। लगातार वन विभाग के अधिकारी, कर्मचारी बाघ के मूवमेंट पर नजर बनाए हुए हैं। वनमंडल अधिकारी शशि कुमार ने बताया कि भोरमदेव अभ्यारण्य के कोर रेंज में बाघ बाघिन का मूवमेंट की सूचना मिली है।

## सौम्या चौरसिया के निवास पर संपत्ति कुर्की का नोटिस चस्पा

**दुर्ग,15 सितंबर।** दुर्ग में छत्तीसगढ़ के कोल स्कैम घोटाले के मामले में रायपुर सेंट्रल जेल में बंद पूर्ववर्ती सरकार में उपसचिव रही सौम्या चौरसिया के भिलाई स्थित सूर्या रेसीडेंसी के निवास पर अब आयकर विभाग ने संपत्ति कुर्की की नोटिस चस्पा कर दिया है। सूर्या रेसीडेंसी के मकान नंबर ए-1 और ए-22 में अलग अलग नोटिस लगाया गया है। आयकर विभाग ने इस सूर्या रेसीडेंसी के प्लाट ए-1 और ए-22 संपत्ति को आयकर उपायुक्त के द्वारा बेनामी प्रतिबंध इकाई रायपुर द्वारा आदेश बेनामी संपत्ति लेनदेन निषेध अधिनियम 1988 की धारा 24/4 के तहत अनंतिम रूप से संलग्न किया गया है। यह आदेश आयकर उपायुक्त बेनामी प्रतिषेध इकाई रायपुर और आयकर निदेशालय (अन्वेषण) रायपुर के द्वारा चस्पा किया गया है। आपको बता दें कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की उपसचिव रह चुकी सौम्या चौरसिया कथित कोल स्कैम



घोटाला और मनी लांड्रिंग के मामले में पिछले 16 महीनों से रायपुर जेल में बंद है। इसके पूर्व प्रवर्तन निदेशालय के द्वारा जांच की जा रही थी। सूर्या रेसीडेंसी के ब्लॉक ए के मकान नंबर 103 में अब तक श्रेष्ठ के द्वारा चस्पा किए गए नोटिस को नही हटाया गया है। कोल स्कैम और मनी लांड्रिंग मामले में ईडी के द्वारा सौम्या चौरसिया सहित सूर्यकांत तिवारी, सुनील अग्रवाल आईएएस रानू साहू और समीर बिश्नोई,को भी अलग अलग तारीख को गिरफ्तार किया गया है। ईडी के द्वारा अब तक इन मामलों में 222 करोड रुपए की संपत्ति अटैच की है।



## ...जब बिहार में खेतों में दौड़ने लगी ट्रेन

**पटना,15 सितंबर।** ये बिहार है भैया.. यहां कुछ भी असंभव नहीं है। बिहार में खेत में पुल और अस्पताल बनने के बाद अब खेतों में ट्रेन के दौड़नने का मामला सामने आया है। मामला बिहार के धार्मिक नगरी गया का है। खेतों में ट्रेन इंजन के दौड़ने का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। इसमें देखा जा सकता है कि ट्रेन का इंजन पटरी से उतरकर खेत में काफी दूर तर चलता गया। पटरी से उतरने के कारण इंजन के पहिए मिट्टी में धंस गए। मिली जानकारी के अनुसार यह घटना शुक्रवार शाम की है। घटना गया किउल रेलखंड के वजीरगंज स्टेशन और कोल्हना हॉल्ट के बीच रघुनाथपुर गांव के समीप हुई। जानकारी के अनुसार लोको पायलट इंजन को लेकर लूप लाइन से गया की ओर जा रहे थे कि अचानक इंजन उनके नियंत्रण से बाहर हो गया और खेत मे उतर गया। हालांकि रेल इंजन के साथ कोई और बोगी नहीं था और घटना में लोको पायलट सुरक्षित रहा। इस घटना के कुछ ही देर बाद रेलवे पुलिस मौके पर पहुंचे। राहत व बचाव दल भी मौके पर पहुंचा और रेल इंजन को वापस रेल ट्रैक पर लाने की जुगाड़ में जुट गए। इस दुर्घटना में केवल रेल पटरी व रेल इंजन को आंशिक रूप से क्षति पहुंची है।

## डीजे बजा तो नहीं होने देंगे शादी: मौलाना

**नई दिल्ली,15 सितंबर।** जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना मदनी ने मुसलमानों की शादी को लेकर बड़ी बात कही है। उन्होंने कहा कि जिस शादी में डीजे होगा और जरूरत से ज्यादा खर्च किया जाएगा, उस शादी को हम होने नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि सरकार को कानून बनाना चाहिए क्योंकि इतनी धूमधाम से शादियां गरीबों का मजाक बनाती हैं।

एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, हम यह फैसला कर रहे हैं कि जिस शादी में जरूरत से ज्यादा खर्च किया जाएगा और रौशनी की जाएगी। जिस शादी में पर्यावरण का ध्यान नहीं रखा जाएगा। जिस शादी में गरीब की गुरबत का मजाक उड़ाया जाएगा। उस शादी को हम होने नहीं देंगे। गरीब को पीने का ठीक-ठाक पानी नहीं मिल रहा है और आप शादी में इतना खर्च करते हैं। आप कैसा मुल्क बनाना चाहते हैं। उन्होंने कहा, यह समाज का मामला है। हमें आपको और पूरे समाज को मिलकर यह काम करना चाहिए। समाज को गलत रास्ते पर नहीं जाने देना चाहिए। सब लोगों को ठीक से बैठकर चिंता करनी चाहिए। इस कार्यक्रम में महमूद मदनी ने गैंगस्टर से राजनेता बने मुख्तार अंसारी की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि मुखतार गरीबों के मसीहा थे। मदनी



ने कहा, आप जाकर पता कर लीजिए। उनके साथ बड़ी संख्या में गैरमुस्लिम थे। वह गरीबों का आदमी था। मौलाना मदनीने कहा कि कि किसी के जो भी अच्छे काम हैं उनके बारे में कहना ही पड़ेगा। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि टूथपेस्ट में भी हलाल का सर्टिफिकेट होना चाहिए। इसमें कहीं-कहीं जिलेटिन का इस्तेमाल किया जाता है जो कि जानवरों की हड्डियों से बनाया जाता है। ऐसे में पता लगाना जरूरी है कि यह पाक है या नहीं।

## एनआर इस्पात में लोहे का स्ट्रक्चर गिरने से क्रेन आपरेटर की मौत

**रायगढ़,15 सितंबर।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में एनआर इस्पात में काम करते समय एक क्रेन आपरेटर की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही प्लांट में अफरा-तफरा की स्थिति निर्मित हो गई। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल भेज दिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रायगढ़ जिले के पूंजीपथरा थाना क्षेत्र में स्थित एनआर इस्पात में कल दोपहर 3 बजे के आसपास गुरफान निवासी सीवान बिहार जो कि एनआर इस्पात में बीते तीन माह से क्रेन आपरेटर के पद पर काम करते आ रहा था। कल दोपहर वह क्रेन से लोहे के कुछ सामान को उपर चढ़ा रहा था इसी बीच क्रेन में बंधा हुआ पट्टा टूट गया और फिर लोहे का भारी भरकम 3 टन स्ट्रक्चर क्रेन आपरेटर गुरफान अली के ही उपर गिर गया जिससे घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। वहीं मौके पर मौजूद हेल्फर बाल- बाल बचा। अचानक घटी इस घटना के बाद प्लांट में अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। जिसके बाद पूंजीपथरा पुलिस को इस घटना से अवगत कराया गया। इस संबंध में पुलिस ने बताया कि कल दोपहर हुई इस घटना के बाद मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल भेज दिया.

## ट्रक ने बस को मारी टक्कर, 10 घायल

**धमतरी/बालोद,15 सितंबर।** छत्तीसगढ़ के दो अलग-अलग जिलों में हादसा हुआ है. पहली घटना धमतरी जिले की है. तेज रफ्तार ट्रक ने यात्री बस को टक्कर मार दी. हादसे में 10 यात्री घायल हो गए हैं, जिनमें से दो गंभीर रूप से घायल हैं. वहीं दूसरी घटना बालोद जिले की है. एक बाइक सड़क के बीच में बैठे मवेशी से टकरा गई. हादसे में बाइक सवार को मौत हो गई. वहीं मवेशी की भी मौत हो गई.

धमतरी जिले के भखारा क्षेत्र में सड़क हादसा हुआ. देर रात कोसमर्रा गांव के पास ट्रक ने बस को पीछे से टक्कर मार दी. हादसे में बस में सवार 10 यात्री घायल हो गए, जिनमें से दो की हालत गंभीर है और उन्हें रायपुर रेफर किया गया है. बताया जा रहा है कि बस में कुल 56 लोग सवार थे, जो मैनपाट पिकनिक पर जा रहे थे. घायल यात्रियों को जिला अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद भर्ती किया गया है.

### मवेशी से बाइक की भिड़ंत, युवक की मौत

बालोद जिले के राजहरा मुख्य मार्ग पर देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ. ग्राम देहान के पास बाइक सड़क पर बैठे एक मवेशी से टकरा गई. इस हादसे में बाइक चालक युवक की मौके पर ही मौत हो गई. हादसे में बाइक से टकराने वाला मवेशी भी मारा गया. घटना की सुचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है. मृतक की पहचान टिकेश्वर साहू के रूप में की गई है, जो ग्राम हीरापुर का निवासी था. मृतक की पत्नी 5 माह की गर्भवती है और हादसे के बाद से उसकी पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है.

## विनेश फोगाट ने पीटी ऊषा पर भी लगाए ये आरोप

**नई दिल्ली ,11 सितंबर।** विनेश फोगाट ने पेरिस ओलंपिक को लेकर बड़ा दावा किया है। उन्होंने भारतीय ओलंपिक संघ की प्रमुख पीटी ऊषा की तरफ से फोटो शेयर किए जाने पर भी कड़ी प्रतिक्रिया दी है। फाइनल में फोगाट को वजन के चलते अयोग्य करार दे दिया गया था। अभी कुछ ही दिन पहले उन्होंने कांग्रेस का दामन थामा है। पार्टी ने उन्हें हरियाणा की जुलाना सीट से टिकट दिया है।

जब फोगाट अस्पताल में भर्ती थीं, तब ऊषा उनसे मुलाकात करने पहुंची थीं। उस दौरान फोगाट के साथ तस्वीर भी खिंचाई थी। सोशल मीडिया पर फोटो की खासी चर्चा भी हुई थी। दरअसल, वजन कम करने की कोशिश में फोगाट की तबियत पर असर पड़ा था और उन्हें अस्पताल में भर्ती होना पड़ गया था। अब पहलवान ने आरोप लगाए हैं कि ऊषा ने फोटो शेयर कर राजनीति की है। रिपोर्ट्स के अनुसार, उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं पता कि मुझे वहां कौन सा समर्थन मिला।' उन्होंने कहा, 'पीटी ऊषा मैम मिलने अस्पताल आईं थीं। एक फोटो भी क्लिक हुई थीज। जैसा कि आपने कहा कि बंद दरवाजे के पीछे राजनीति में बहुत कुछ होता है। उसी तरह वहां (पेरिस) में भी राजनीति हुई। इसलिए मेरा दिल टूट गया। नहीं तो कई लोग थे, जो कह रहे थे कि कुश्ती मत छोड़ो।' फोटो को लेकर उन्होंने आरोप लगाए हैं कि बगैर उनकी जानकारी के तस्वीर खींची गई थी और सोशल मीडिया पर शेयर की गई थी। उन्होंने कहा, 'आप अस्पताल के बिस्तर पर हैं, जहां आपको नहीं पता कि बाहर का जीवन कैसा चल रहा है। आप जीवन के सबसे बुरे दौर से गुजर रहे हैं। ऐसे में वहां सिर्फ यह दिखाने के लिए कि आप मेरे साथ खड़ी हैं, आप बगैर बताए फोटो खींच रहे हो। उन्होंने कहा, 'फिर फोटो सोशल मीडिया पर डालकर बोल रहे हो कि हम साथ खड़े हैं। ऐसे समर्थन नहीं जताया जाता है। वो दिखावे से ज्यादा क्या था।

## पीएम मोदी ने 6 नई वंदे भारत ट्रेनों को दिखाई हरी झंडी

**नई दिल्ली ,15 सितंबर।** पीएम मोदी आज टाटानगर यानि जमशेदपुर नहीं पहुंच सके। खराब मौसम के चलते उनके प्लान में बदलाव कर दिया गया। हालांकि, टाटानगर से वंदे भारत ट्रेन अब रवाना हो चुकी है। पीएम मोदी ने रांची से ऑनलाइन होकर6 नई वंदे भारत ट्रेनों को हरी दिखाई। मौसम खराब होने की वजह से रांची से जमशेदपुर की उड़ान नहीं भड़ी जा सकी। बता दें कि झारखंड के कई हिस्सों में रविवार की अहले सुबह से हवाओं के साथ वर्षा जारी है।

पीएम मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से छह वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना कर दिया है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि ऑनलाइन हस्तांतरित की। इसके अलावा, प्रधानमंत्री ने 650 करोड़ की रेल परियोजनाओं का उद्घाटन तथा शिलान्यास किया। पीएम का टाटानगर स्टेशन में विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन करने तथा रोड़ शो का कार्यक्रम स्थगित हो गया। भाजपा की ओर से इसकी आधिकारिक सूचना दी गई, लेकिन गोपाल मैदान में आयोजित होने वाली सभा को लेकर अभी सस्पेंस बरकरार है।

जमशेदपुर में आयोजित कार्यक्रम को लेकर पीएम मोदी रविवार की सुबह 9ः05 बजे वायु सेवा के विशेष विमान से बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन प्रधानमंत्री से मिलने एयरपोर्ट नहीं पहुंचे। एयरपोर्ट पर प्रधानमंत्री से मुलाकात करने के बाद भाजपा के सभी नेता पुराने टर्मिनल भवन से बाहर आए।

### टेनिस- यूएस ओपन 2024, उलटफेर का सिलसिला जारी है

jasclaudius@gmail.com

## खेल में अब मानसिक परिपक्वता का बढ़ता प्रभाव

✍ **जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

वर्तमान युग में संसार के लोकप्रिय खेलों जैसे फुटबाल, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, हाकी, तैराकी, क्रिकेट, मुक्केबाजी आदि की तरह टेनिस भी है। इस खेल की स्पर्धा साल भर



दुनिया के सभी महाद्वीपों में होती है। टेनिस टूर्नामेंट का संचालन इंटरनेशनल टेनिस फेडरेशन (आईटीएफ) द्वारा किया जाता है। टेनिस में चार चैंपियनशिप सबसे महत्वपूर्ण होती है जिसे ग्रेंड स्लम कहते हैं। इसमें साल की पहली प्रतियोगिता आस्ट्रेलियन ओपन, दूसरी फ्रेंच ओपन तीसरी विंबल्डन और चौथी यूएस ओपन होती है। आस्ट्रेलियन ओपन 1905 से प्रत्येक वर्ष जनवरी में मेलबोर्न पार्क, मेलबोर्न में, फ्रेंच ओपन स्टेड रोलेंड गरोस-पेरिस में प्रत्येक वर्ष मई के अंत से जून के आरंभ में, विंबल्डन 1877 से जून के अंतिम सप्ताह से जुलाई में शुरुवात तक लंदन, इंग्लैंड में जबकि चौथा ग्रेड स्लेम यूएस ओपन 1881 से प्रत्येक वर्ष अगस्त के अंत से सितंबर के शुरुवात तक न्यूयार्क सिटी, यूनाईटेड स्टेट्स में आयोजित किया जाता है।

2024 कीयूएस ओपन चैंपियनशिप काफी उतार-चढ़ाव भरा रहा। पुरुष वर्ग का एकल खिताब इटली के जेनिक सिनर ने जीता। यह उनकी इस स्पर्धा में पहली सफलता थी। फिलहाल विश्व में उन्हें पहली वरीयता प्राप्त है। 23 वर्षीय सिनर इस समय संसार के उभरते हुए टेनिस खिलाड़ियों में से एक है। 2024 में महिला वर्ग का टाइटिल बेलारुस की अरीना सबालेंका ने अमेरिका की जेसिका पेगुला को शिकस्त देकर जीता। उल्लेखनीय है कि अरीना इस समय विश्व में नंबर दो जबकि जेसिका को तीसरी वरीयता प्राप्त है। महिला वर्ग में यूएस ओपन जीतने वाली महिला खिलाड़ियों में 2014 के बाद से लगातार बदलाव हुआ है। 2014 में सेरेना विलियम्स के पश्चात 2024 तक पिछले 11 वर्ष के इतिहास में नौ खिलाड़ी विजेता बनी। इस दौरान जापान की नाओमी ओसाका ही एकमात्र खिलाड़ी रही जिन्होंने 2018 तथा 2020 में दो बार इस खिताब को जीता। पुरुष वर्ग में 2014 के बाद पिछले 11 वर्षों में सात खिलाड़ी चैंपियन बने इसमें नोवाक जोकोविच तीन बार 2015, 2018, 2023 में यूएस विजेता रहे। आखिर ऐसी कोन सी बात है कि यूएस टेनिस में इस तरह के अप्रत्याशित परिणाम आ रहे हैं। यूएस ओपन जिस कोर्ट में खेला जाता है वह हार्ड कोर्ट होता है। इसमें खेल बहुत तेज होता है। वैसे तो प्रत्येक सतह में खिलाड़ी का फिट होना सबसे महत्वपूर्ण होता है लेकिन अब मुकाबले के लिए आमने-सामने खड़े खिलाड़ी को मानसिक रूप से स्वस्थ व परिपक्व होना बहुत आवश्यक है। वर्तमान युग में पूर्व की अपेक्षा अनेक तरह की सुविधा उपलब्ध है। अब शारीरिक रूप से चुस्त-दुरुस्त रहने के लिए अनेक कारण और अभ्यास कराये जाते हैं। टेनिस के खेल में शरीर के विभिन्न अंग जैसे कलाई, हाथ, कंधा, भुजा, घुटना, एड़ी, पंजों का इस्तेमाल



गेंद के पहुचने की जगह का सही-सही पूर्वानुमान, गेंद की गति पर नजर रखने के द्वारा मैच पर पकड़ बनाया जा सकता है। इन सबके बावजूद आज की परिस्थिति में जीतने का हौसला बनाए रखना जरूरी होती है। यूएस ओपन में पुरुष व महिला वर्ग में पछले 11 वर्षों के 22 टूर्नामेंट में 16 विजेता बने इसके पीछे उभरते हुए खिलाड़ियों का मानसिक रूप से मजबूत होना प्रमुख है। इसके साथ ही टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों का प्रत्येक मैच के लिए एकाग्रता का भी विशेष महत्व होता है। यूएस ओपन के एकल विजेता के लगातार बदलाव हमें खेल के प्रति अनुशासित और ईमानदार होने का संदेश देता है।



## 5 लाख रुपए का इनामी नक्सली ढेर

सुकमा। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में जवानों ने 5 लाख रुपए के इनामी नक्सली को ढेर कर दिया है। मारे गए नक्सली का नाम माड़वी कोसा है। ये ACM कैडर का नक्सली था। नक्सलियों की प्लाटून में सक्रिय था। मौके से जवानों ने शव समेत हथियार बरामद किया है। मामला चिंतागुफा थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, पुलिस को सूचना मिली थी कि, तुमालपाड़, छोटेकेड़वाल, बड़ेकेड़वाल, इलाके में भारी संख्या में नक्सली मौजूद हैं। इसी सूचना के आधार पर सुकमा से DRG और बस्तर फाइटर्स के जवानों को सर्च ऑपरेशन के लिए भेजा गया था। जवान जब 14 तारीख को तुमालपाड़ में नक्सलियों के ठिकाने में पहुंचे तो माओवादियों ने फायरिंग शुरू कर दी, जिसके बाद जवानों ने भी मोर्चा संभाला। जवाबी कार्रवाई में एक नक्सली को ढेर किया गया है। जब दोनों तरफ से गोलीबारी रुकी तो जवानों ने इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया गया। सुरक्षाबलों ने मौके से एक पुरुष माओवादी का शव बरामद किया, जिसकी शिनाख्त माड़वी कोसा के रूप में की गई। अफसरों का कहना है कि ये पिछ्ले कई सालों से नक्सल संगठन से जुड़कर काम कर रहा था। जवानों ने मौके से 1 नग पिस्टल, 3 नग जिंदा राउंड, 1 नग वायरलेस सेट, 1 नग काला पिट्ठू, 1 नग टिफिन बम, 1 नग देसी ग्रेनेड, 2 नग BGL सेल,4 नग जिलेटिन रॉड, 4 नग इलेक्ट्रिक डेटोनेटर, बिजली तार समेत अन्य सामान बरामद किया गया है।

## एक नजर

### सलाहकार समिति की बैठक में साफ सफाई पर सदस्यों ने दी अपनी राय



**भिलाई, 15 सितम्बर।** नगर पालिक निगम भिलाई में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा अभियान से प्रत्येक नागरिकों को जोड़ना है। उसी को लेकर सलाहकार समिति की बैठक हुई। इसके साथ-साथ साफ-सफाई से लेकर कार्यो को किस प्रकार से सुचारू रूप से संचालित किया जाए। इस पर भी सदस्यों ने अपनी राय दी। समिति के अध्यक्ष लक्ष्मीपति राजू ने बताया कि हम सब सदस्यों की एक ही राय है। सफाई में और कसावट लाने की आवश्यकता है प्रत्येक सफाई मित्र समय पर आए पुरा कार्य करे, सबकी जवाबदेही तय हो। सलाहकार समिति ने बैठक के दौरान पूर्व सभापति एवं सदस्य श्याम सुन्दर राव, एल लक्ष्मी गोपाल, के जगदीश, उमेश साहू, कोमल दास टण्डन, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, राजेश पालवे इत्यादि उपस्थित रहे।

### सोने का मंगलसूत्र चोरी


**भिलाई, 15 सितंबर।** भिलाई सुपेला थाना अंतर्गत ट्रॉली बैग को खुलवाने के लिए एक युवक ने ताला.चाबी वाले के पास 15 मिनट के लिए बैग छोड़ दिया। इस बीच बैग के अंदर रखा सोने का मंगलसूत्र पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 303;2द्ध के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है सुपेला पुलिस ने बताया कि अमन कुमार टंडन ;31वर्षद्ध ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसके ट्रॉली बैग का पासवर्ड लॉक खुल नहीं रहा था। इसके चलते 8 सितंबर की शाम करीब 5 बजे उसे खुलवाने के लिए नेहरूनगर चौक के पास एक ताला चाबी दुकान में पहुंचा। दुकानदार मोहम्मद हसमत ने कहा कि उसे लॉक ठीक करने में करीब आधा घंटा लगेगा। इस पर लॉक ट्रॉली बैग को उसकी दुकान पर छोड़कर अपने काम से निकल गया। इस बीच करीब 15 मिनट बाद ही दुकानदार मोहम्मद हसमत ने कॉल करके ट्रॉली बैग का लॉक ठीक होने की जानकारी दी। इस पर दुकान जार बैग ले आया। घर जाकर बैग खोलकर देखा तो उसमें रखे कपड़े सही सलामत थे। लेकिन एक लाल कलर का ज्वेलरी बैग में रखा सोने का मंगलसूत्र गायब था इस पर उसे दुकानदार द्वारा सामान निकले जाने की शंका हुई इस पर दुकानदार से इस संबंध में जानकारी लेने रात करीब 8ण15 बजे पहुंचा। लेकिन उसने इंकार कर दिया। इस बीच अपने स्तर पर उससे मंगलसूत्र निकालने को लेकर दबाब बनाता रहा लेकिन कोई प्रयास काम नहीं आया इस पर अब जाकर थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी।

### नशीली दवाई बेच रहा युवक गिरफ्तार



**भिलाई, 15 सितंबर।**भिलाई छावनी थाना क्षेत्र बैकुंठ धाम के पास स्कूटी की डिक्की में नशीली दवाई रखकर उसकी अवैध रूप से बिक्री करने वाले दो कोचिए मोहम्मद अरमान राईन उर्फ चिल्ली व राजेश सिंह भूमिहार को पुलिस ने गिरफ्तार किया है पुलिस ने दोनों से कुल 1072 नग प्रोकर्स ओएचएम स्पा कैप्सूल जब्त किया है जिसकी कीमत करीब 10 हजार 700 रुपये आकी गई है पुलिस ने दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा के तहत कार्रवाई कर जेल भेजा है छावनी सीएसपी हरीश पाटिल ने बताया कि बैकुंठ धाम के मंच के पास दो लोग नशीली दवाइयों की बिक्री कर रहे हैं इस पर पुलिस की एक टीम को मौके पर रवाना किया गया पुलिस ने मौके से आरोपित मोहम्मद अरमान राईन उर्फ चिल्ली ( 33 साल) निवासी शारदा पारा किशन चौक अमर टेलर्स के पीछे और राजेश सिंह भूमिहार (37 साल ) निवासी बैकुंठ धाम मंदिर के पीछे (दोनों कैंप-दो के) को गिरफ्तार किया आरोपित मोहम्मद अरमान की स्कूटी की डिक्की की तलाशी लेने पर 720 और आरोपित राजेश सिंह से 352 कैप्सूल बरामद किया गया दोनों आरोपितों ने एक मेडिकल से दवाई लाकर बिक्री करने की बात स्वीकार की है आरोपितों के बयान के आधार पर पुलिस आगे की जांच कर रही है आरोपितों से 1072 प्रोकर्स ओएचएम स्पा कैप्सूल जब्त बैकुंठ धाम के पास स्कूटी की डिक्की में रखे थे ।

### गांजा बेचने वाला पकड़ाया



**भिलाई, 15 सितंबर।** भिलाई गांजा का अवैध कारोबार करने वाले अधेड़ को पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपी के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस के तहत जुर्म दर्ज किया है एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर कुंदरा पारा ग्रीन चौक दुर्ग निवासी केशव नाई को पुलिस ने पकड़ा है ।

### गणेशोत्सव में हास्य कवि सम्मेलन 15 को

**भिलाई, 15 सितंबर ।** हर हर महादेव गणेशोत्सव समिति सेन्ट्रल एवेन्यू सेक्टर-9 में हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन 15 सितम्बर रविवार को संध्या 7.30 बजे से किया जा रहा है। जिसमे आमंत्रित कवि के रूप में वह भाई वह फेम हास्य कवि वंशीधर मिश्रा बिलाईगढ़, श्रृंगार रस की कवयित्री किरण सोनी कोरबा, हास्य कवि भूषन चिपड़े एवं संयोजक संचालक हास्य कवि गजराज दस महंत हँसबो अउ हंसाबो फेम शामिल होंगे। उक्त जानकारी समिति अध्यक्ष कैलाश ने एक जारी बयान में दी।

# विश्वेश्वरैया के विचारों से अच्छे कार्य करने की प्रेरणा मिलती है इंजीनियर्स को

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 15 सितंबर।** 15 सितंबर को इंजीनियर सर एम विश्वेश्वरैया की जन्मदिवस के रूप में मनाया जाता है जिन्हें इंजीनियरिंग का जनक भी कहा जाता है यह उत्सव देश के विकास में योगदान देने वाले सभी सिविल इंजीनियरों को सम्मान प्रदान करता है देश की सेवा ही विश्वेश्वरैया की तपस्या थी 1955 में उनकी अभूतपूर्व एवं जनहितकारी उपलब्धियां के लिए देश के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया । इंजिनियर यानी ÷अभियंता÷ समाज के बुनियादी ढांचे की रीढ़ हैं। सड़कें, पुल और गगनचुंबी इमारतें बनाने से लेकर जीवनरक्षक चिकित्सा उपकरणों के डिजाइन और अत्याधुनिक सॉफ्टवेयर विकसित करने तक, ÷अभियंता÷ लगभग हर उस तकनीकी प्रगति के पीछे हैं, जिसका लाभ सभी आज उठा रहे है । कार्यपालन अभियंता लावण्य पुष्प परगनिहा , कार्यपालन अभियंता दिलीप सिंह राजपूत , कार्यपालन अभियंता एस के ठाकुर , कार्यपालन अभियंता बी एन भोयर , कार्यपालन अभियंता एम एल कुर्रे , एसडीओ गोपाल प्रसाद ठाकुर , एसडीओ विशाल नेताम , एसडीओ सचिन शर्मा , एसडीओ सुखनंदन राम , सहायक अभियंता संतोष गुप्ता , सहायक अभियंता सोमकांत गुप्ता , सेवानिवृत एसडीओ प्रेम ठाकरे , सहायक अभियंता मनोज सोनी , सहायक अभियंता आर एन निकुंज , सहायक अभियंता अरविंद निर्मलकर , सहायक अभियंता सौरभ देशमुख , उप अभियंता नरेंद्र राव गणवीर , उप अभियंता जे रितेश नायडू , उप अभियंता सुधीर श्रीवास्तव , उप अभियंता दुर्गा राय , उप अभियंता अलका डडसेना , उप अभियंता व्ही के अखंड , उप अभियंता बी आर सिन्हा , उप अभियंता आर एल छतरे , उप अभियंता सागर यादव , उप अभियंता ईश्वरी प्रसाद श्याम , उप अभियंता टोमन कुंजाम , उप अभियंता अश्विनी ठाकुर , , उप अभियंता भाग्यश्री ने विचार व्यक्त करते हुए कहा की एम विश्वेश्वरैया के विचारो से अच्छे से गुणवत्ता युक्त और ईमानदारी से इंजीनियर्स निर्माण करने की प्रेरणा मिलती है । फादर ऑफ़ इंजीनियरिंग के नाम से विश्व विख्यात है कई इंजीनियर्स ने यह भी बताया । विश्व में महान निर्माण कार्यों के लिए विख्यात थे इसलिए अभियंता दिवस के रूप में मनाया जाता है ।

### लोक निर्माण विभाग में सादगी से मनाया गया अभियंता दिवस



**कवर्धा, 15 सितंबर।** लोक निर्माण विभाग में कार्यपालन अभियंता एल पी परगनिहा सहित समस्त इंजिनियर ने भारत रत्न से सम्मानित इंजिनियर एम विश्वेश्वरैया के तैलचित्र पर फूल की माला पहनाकर एवं नारियल फल फूल चढ़ाकर पूजा कर अभियंता दिवस मनाया । पूजा के उपरांत इंजिनियर एम विश्वेश्वरैया के विचारो को याद करते हुए कार्यपालन अभियंता ने कहा की उनके विचारों से गुणवत्ता युक्त अच्छी कार्य करने की प्रेरणा मिलती है और इंजिनियर को अच्छी तकनीकी ज्ञान का अनुभव होना चाहिए । डीएम पवन ठाकुर , उप अभियंता एल आर छतरे , उप अभियंता श्रीमती दुर्गा राय , उप अभियंता कु. अल्का डड़सेना , उप अभियंता व्ही के अखंड ने कहा की एम विश्वेश्वरैया के विचारो से अच्छे कार्य करने की प्रेरणा मिलती है

### वैशालीनगर कॉलेज में हिंदी दिवस मनाया गया



**भिलाई, 15 सितंबर ।** इंदिरा गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय वैशाली नगर में हिंदी दिवस का आयोजन किया गया। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ श्रीमती अलका मेश्राम ने की। अपने वक्तव्य में प्रो. कौशल्या शास्त्री ने कहा कि 1953 से 14 सितंबर को हिंदी दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। संविधान में हिंदी को राजभाषा कहा गया है। हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ कैलाश शर्मा ने बताया कि हिंदी भाषा का विकास कैसे हुआ। कार्यक्रम में प्रो सुशीला शर्मा, डॉ चांदनी मरकाम, डॉ भूमिराज पटेल, प्रो अमृतेष शुक्ला, प्रो महेश अलेंद्र, डॉ एल के तिवारी, डॉ आडील, प्रो चंद्रशेखर तथा महाविद्यालय के छात्र छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

### कलेक्टर ने किया निर्माणाधीन विश्वविद्यालय भवन का निरीक्षण

**दुर्ग, 15 सितम्बर ।** दुर्ग संभाग के आयुक्त एवं हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के कुलपति श्री सत्यनारायण राठौर और कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज नगर के पोटिया वार्ड में विश्वविद्यालय के निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने भवन के मैप का अवलोकन किया और कांट्रेक्टर को भवन निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। विश्वविद्यालय के कुलसचिव श्री भूपेंद्र कुलदीप ने निर्माणाधीन भवन में प्रशासनिक व्यवस्था के संबंध में अवगत कराया।



कवर्धा। अलका डडसेना के निवास पर श्री गणेश भगवान की मूर्ति विराजित

### डिप्टी विजय शर्मा ने गणेश भगवान की पूजा की



**कवर्धा, 15 सितंबर।** स्थानीय विधायक एवं उप-मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने विभिन्न पंडालों में विराजित गणेश भगवान जी की मूर्ति की पूजा की । इस दौरान शहर मंडल अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, श्रीकान्त उपाध्याय, राजा टाटिया ,रिंकेश वैष्णव,पवन देवांगन, उमंग पांडे,दुर्गेश देवांगन,निर्मल द्विवेदी,हेमचन्द चंद्रवंशी, सुनील दोषी, मंजीत बैरागी,राजेन्द्र सांखला,जितेंद्र पांडेय,यश भट्ट,हर्ष खुराना सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहें ।

### युगांडा में बिखरी गणेशोत्सव की छटा



**भिलाई, 15 सितंबर ।** गणेशोत्सव का उल्लास भारत ही नहीं बल्कि दुनिया में भी किस तरह से छाया हुआ है इसकी अनूठी तस्वीर युगांडा के काम्पाला शहर में भी देखने को मिल रही है। वहां से अंतराष्ट्रीय चित्रकार एवं भिलाई इस्पात संयंत्र के अवकाश प्राप्त अधिकारी महेश चतुर्वेदी ने गणेशोत्सव की छवि तरुण छत्तीसगढ़ को भेजी है। उन्होंने बताया कि काम्पाला में धूमधाम से गणेशोत्सव का पर्व मनाया जा रहा है। प्रतिदिन आरती में लोग एकत्र होकर गणेश-वंदना करते हैं। वहां के पूजा पंडाल में महेश चतुर्वेदी अपनी धर्मपत्नी श्रीमती कुसुम चतुर्वेदी, नैवेद्य, श्रीमती भावना एवं विवान चतुर्वेदी के साथ पहुंचे तो उनका भव्य स्वागत किया गया। महेश चतुर्वेदी ने वहां के आर्ट एवं कल्चर की भी प्रशंसा की।

# गणेश मूर्ति का विसर्जन निर्धारित तालाबों में ही करें:आयुक्त

**भिलाई, 15 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ शासन आवास एवं पर्यावरण विभाग मंत्रालय नवा रायपुर द्वारा मूर्ति विसर्जन हेतु दिशा निर्देश जारी किया गया है। शासन के आदेश का पालन करते हुए नगर निगम भिलाई में सभी जोन क्षेत्र के तालाबो में मूर्ति विसर्जन के लिए अस्थाई पॉड का निर्माण किया गया है। ऐसे श्रद्धालु जो अपने चिन्हित क्षेत्र में भगवान की पदस्थापना किये है, वे निगम क्षेत्र के तालाबो में बनाये गए अस्थाई पॉड में ही मूर्ति विसर्जित करें। मूर्ति विसर्जन से जल स्त्रोतों की गुणवत्ता प्रभावित होती है। जिसके कारण जलीय जीव-जंतुओं के जान को खतरा होता है, जिससे जल प्रदूषित होता है। केंद्रीय प्रदूषण बोर्ड द्वारा जारी आदेशानुसार मूर्ति विसर्जन क्षेत्र के चिन्हित तालाब में बनाए गए पॉड पर ही विसर्जन करें। जिससे जल प्रदूषण को रोका जा सके और जलीय जीव जन्तुओ को भी बचाया जा सके। प्रायः यह देखा जाता है कि श्रद्धालुओं द्वारा मूर्ति विसर्जन के दौरान स्वयं पानी के गहराई में चले जाते है जिससे उनके जान को खतरा बना रहता है। इस हेतु निगम के वार्ड सुपरवाइजर की ड्यूटी लगाई गई है। ताकि मूर्ति विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की दुर्घटना न हो। इसी तारतम्य में मूर्ति विसर्जन हेतु निगम भिलाई के इन स्थानों में पॉड बनाया गया है जहां श्रद्धालु मूर्ति ले जाकर विसर्जन कर सकते हैं। प्रमुख स्थानः- जोन-01 के वार्ड 01 खम्हरिया आमाबंध तालाब, खम्हरिया, शीतला तालाब, जुनवानी शीतला तालाब, वार्ड 07 राधिका नगर आमा तालाब, वार्ड 11 फरीद नगर लिम्हा तालाब, वार्ड 13 आर्यनगर शीतला तालाब। जोन-02 के वार्ड 16 शीतला तालाब सुपेला, वार्ड 22 कुरूद नकटा तालाब, शीतला तालाब, वार्ड 26 रामनगर मुक्तिधाम तालाब। जोन-03 के केम्प 02 तालाब। जोन-04 वार्ड 40 छावनी दर्री तााालाब। जोन-05 के वार्ड 65 सेक्टर 07 शिवधाम तालाब, वार्ड 70 हुड़को तालाब। इन तालाबों में मूर्ति विसर्जन पर रहेगा पूर्णतः प्रतिबंधः- वार्ड 02 स्मृति नगर तालाब थाना के सामने, वार्ड 04 नेहरू नगर भेलवा तालाब, वार्ड 06 संजय नगर तालाब, वार्ड 13 साकेत नगर भेलवा तालाब, वार्ड 13 हरी तालाब एवं बंधन तालाब, वार्ड 25 सूर्यकुण्ड हाउसिंग बोर्ड, सेक्टर 02 तालाब, वार्ड 50 बाबा बालकनाथ मंदर, वार्ड 41 छावनी लक्ष्मण नगर तालाब, वार्ड 13 बापू सरोवर। नगर निगम भिलाई के महपौर नीरज पाल एवं आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने अपील की है कि सभी जोन में गणेश प्रतिमा विसर्जन हेतु तालाब निर्धारित किया गया है। अस्थाई विसर्जन कुण्ड भी बना है, गणेश प्रतिमा का विसर्जन वहीं पर सावधानी पूर्वक करें।

पांडेय ने शारदा का किया सम्मान



भिलाई, 15 सितंबर । छत्तीसगढ़ के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेमप्रकाश पांडेय ने आम्रपाली गणेशोत्सव के शामिल होकर भगवान श्री गणेश को आरती उतारी। उन्होंने यहाँ राष्ट्रपति सम्मानित शिक्षिका शारदा का सम्मान भी किया और अपनी शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर आम्रपाली सोसाइटी के अशोक गोयल एवं पीएस सिंह खास तौर पर उपस्थित रहे।

### ईद मिलादुन्नबी पर 16 को निकलेगा जुलूसे मुहम्मदी, रोशन हुए मस्जिद व मदरसे



**भिलाई, 15 सितम्बर ।** पैगम्बरे इस्लाम हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की यौमे पैदाइश पर जश्ने ईद मिलादुन्नबी का जश्न शहर में शुरू हो चुका है। 16 सितंबर को जुलूसे मुहम्मदी निकलेगा। ईद मिलादुन्नबी को देखते हुए शहर में तमाम मस्जिदों-मदरसों में खास तौर पर रोशनी की गई है। भिलाई नगर मस्जिद ट्रस्ट के सदर मिर्जा आसिम बेग ने बताया कि कि जुलूसे मुहम्मदी का आगाज़ 16 सितंबर को दोपहर 2 बजे गौसिया मस्जिद केम्प-1 से होगा। जुलूस लिंक रोड से होता हुआ केम्प-2 रज़ा जामा मस्जिद दोपहर 2ः45 बजे तक पहुंचेगा। वहां से मदरसा रोड से शीतला कॉम्पलेक्स से नंदिनी रोड फिर ओवर ब्रिज से पार कर शाम 4ः00 बजे मुर्गा चौक पहुंचेगा। जहां पर हाउसिंग बोर्ड, खुर्सीपार, जोन-1/2 व जोन-3 से आने वाली अन्जुमने भी शामिल होंगी।। फिर पं. रविशंकर शुक्ल मार्ग (सेंट्रल एवेन्यू) से सेक्टर-5 चौक होते हुए शाम 5ः45 बजे सेक्टर-6, जामा मस्जिद के ईदगाह मैदान में शाम 6 बजे पहुंचेगा। यहां परचमे इस्लाम फहराया जाएगा। जुलूस ए मुहम्मदी सेक्टर-7 मार्केट से विभिन्न स्ट्रीट से गुजरते हुए वापस मदरसा पहुंचेगा।

### स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ रैली निकाल कर किया



**भिलाई, 15 सितंबर ।** सेल.भिलाई इस्पात संयंत्र में स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ 14 सितंबर को मुख्य महाप्रबंधक उत्पल दत्ता ने जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर किया। रैली के दौरान ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं सेफी चेयरमेन एन के बंछोरए महासचिव परविंदर सिंहए भिलाई इस्पात संयंत्र के महाप्रबंधक विष्णु पाठकए के के यादवए पी आर नोरकेए महाप्रबंधक ;जनसंपर्क प्रशान्त तिवारीए उप महाप्रबंधक आर गर्गए रवि कुमार फुले आर के साहूए एम के साहूए सहायक महाप्रबंधक वाई के साहू, यशवंत कुमार, सरोज झाए वरिष्ठ प्रबंधक ए के बंजाराए उप प्रबंधक मिलिंद बंछोर तथा नगर सेवा विभाग के विभिन्न सेक्शन के कार्मिकगण उपस्थित थे। भिलाई नगर पालिक निगम के जनसम्पर्क प्रभारी अजय शुक्ला भी पूरे कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# जिला महिला कांग्रेस ने पूर्व सीएम भूपेश के साथ मनाया तीज त्यौहार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,15 सितंबर।** महिला कांग्रेस द्वारा आयोजित तीज मिलन कार्यक्रम पधारे पूर्व मुखमंत्री भूपेश बघेल ने भारी संख्या में उपस्थित महिलाओं के द्वारा फुल माला से आत्मीय स्वागत से अभिभूत ब् गदगद हो गये श्री बघेल जी चूकि यह कार्यक्रम महिलाओं द्वारा आयोजित थी साथ ही पूर्ण रूप से महिलाओं पर थी इसलिए मंच में केवल मगीलाओ को स्थान दिलवाया और अपने साथ बैठाया यहाँ तक मंच संचालन के लिया भी ज़िलाध्यक्ष सीमा अनंत को कहा गया कार्यक्रम शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी व भगवान शिव पार्वती की पूजा अर्चना मुख्य अतिथि द्वारा किया गया तत्पश्चात् अध्यक्ष महिला कांग्रेस के पदाधिकारियों के द्वारा पुष्प गुच्छ द्वारा स्वागत किया गया साथ ही शुभारंभ में स्वागत भाषण श्रीमती अनंत के द्वारा संबोधन किया गया पश्चात मुख्य अतिथि




पूर्व मुख्यमंत्री बघेल द्वारा तीज मिलन मिलन में उपस्थित महिलाओं को बधाई व शुभकामना प्रेषित करते कहा कि आज महिलाए हर क्षेत्र में सशक्त भूमिका निभा रही हैं आगे भी आर्थिक व शैक्षणिक रूप से सशक्त होनी कि ज़रूरत है 7 उन्होंने बताया की कांग्रेस के अपने शासन काल में महिलाओं को आने के लिए अनेकों प्रयास को विस्तार से बताया और यह भी बताया कि वर्तमान भाजपा सरकार के आठ महीने के कार्यकाल में महिलाओं पर हो रहे अन्याय अत्याचार बलात्कार रेप लूट हत्या जैसे जघन्य घटना लगातार बढ़ी है निरंकुश भाजपा की सरकार क़ानून व्यवस्था के क्षेत्र में नाकाम रही है कार्यक्रम में मुख्यरूप से ज़िलाध्यक्ष सीमा अनंत कांग्रेस ज़िलाध्यक्ष होरी साहू पूर्व विधायक द्वय श्रीमती प्रतिमा चंद्राकर श्रीमती ममता चंद्राकर शहर ,पुष्पा साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत , मीना चंद्रवंशी, सावित्री साहू, लीला धनुक द्वेय नगर पंचायत अध्यक्ष अध्यक्ष, वर्षा ठाकुर शहर अध्यक्ष, नीलू चंद्रवंशी, आनंद सिंह, पारस बागनी, शिव कुमार चंद्रवंधी श्रीमती ताजिंदर कौर नारायणी टोंडर ,ममता शर्मा, पदमिनी तिवारी ,तारिणी ठाकुर ब्लॉक अध्यक्ष श्रीमती शारदा चन्द्रवंशी ,अध्यक्ष श्रीमती सरस्वती गोयल ,अध्यक्ष श्रीमती शारदा सोनवानी अध्यक्ष श्रीमती लता सेन अध्यक्ष अध्यक्ष श्रीमती छवि ध्रुव अध्यक्ष रेंगाखर जंगल श्रीमती अनिता कश्यप अध्यक्ष श्रीमती कल्याणी कौशिक श्रीमती लीला वर्मा। श्रीमती मंजु बाँगली वतन मेरावी श्रीमती सावित्री साहू अध्यक्ष नगर पंचायत श्रीमती गंगोत्री योगी श्रीमती सकूँन पात्रे हेमकुमारी श्रीमती विद्या साहू श्रीमती अनिता बंजारे , कलाराम, राकेश साहू, मनोज नेताम, जलेश यादव, बाबूदास गोप, शिव महंत, वाल्मीकि वर्मा, सीतेश चंद्रवंशी आदि बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता बहनें उपस्थित थीं ।

### बीएसपी में सेल अधिकारियों के लिए लिंक्डइन लर्निंग कार्यशाला



**भिलाई, 15 सितंबर ।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन विकास केंद्र में लिंक्डइन लर्निंग अमेरिकी ऑनलाइन शिक्षण मंच के विशेषज्ञों द्वारा 13 सितंबर को इंटरेक्शन सत्र आयोजित किया गया। प्रशिक्षकों की टीम में क्षेत्रीय निदेशक अनूप मेनन और सीनीयर कस्टमर सक्सेस मैनेजर अमित मुखर्जी शामिल थे।

### कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित हुए कर्मचारी



भिलाई, 15 सितंबर । सेल-भिलाई इस्पात सयंत्र के कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग विभाग में कर्म शिरोमणि पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तरुण कनरार तथा विशिष्ट अतिथि मुख्य महाप्रबंधक तुलाराम बेहेरा थे। इंजीनियरिंग एसोसिएट अर्जुन राम ठाकुर एवं इंजीनियरिंग एसोसिएट दया राम धुर्वे को अगस्त 2024 के लिए, कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया।

### जिला संयोजक बंछोर ने ली भिलाई चरोदा मंडल में समीक्षा बैठक



**जामुल,15 सितंबर।** भाजपा सदस्यता अभियान जिला संयोजक रेखराम बंछोर द्वारा मंडलों की समीक्षा बैठक ली जा रही है। शुक्रवार 13 सितम्बर को भिलाई चरोदा मंडल में मंडल अध्यक्ष सुषमा जेठानी के अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुआ। जिसमें सभी 25 शक्ति केंद्र मे अब तक के किए गए कार्य पर विस्तार से चर्चा हुआ। मंडल संयोजक जायसवाल ने जानकारी दिया कि अब तक लगभग 3500 लोगों ने भाजपा का सदस्यता ले चुके हैं। बैठक में मुख्य रूप से जिला सहसंयोजक दिलीप पटेल, नेता प्रतिपक्ष रामखिलावन वर्मा, मंडल सँजोजक श्याम सुंदर जायसवाल, मंडल महामन्त्री मुकेश अग्रवाल, जामुल मंडल महामन्त्री नूतन वर्मा, प्रशांत बंटी गुप्ता, डी नारायण रेड्डी, कीर्ति नायक, पूर्णिमा ठाकुर, मीरा गिरी, सुजाता डोंगरे, तुलसी मरकाम, उदयराम देवांगन, कमलेश पांडे, विजय डोंगरे, विजय कोइरी, मोकेश्वर प्रसाद वर्मा सहित मंडल के जिम्मेदार पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रगति के साथ आदिवासी संस्कृति का संरक्षण भी जरूरी:मुख्यमंत्री

## मांदर पर थाप देते हुए, करमा तिहार के उल्लास में झूमे मुख्यमंत्री



**रायपुर, 15 सितम्बर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय आज राजधानी रायपुर के इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय स्थित कृषि मंडपम में छ. ग. कंवर समाज युवा प्रभाग, रायपुर महानगर द्वारा आयोजित प्रकृति पर्व भादो एकादशी व्रत- करमा तिहार 2024 कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी संस्कृति हमारे पूर्वजों की देन है। प्रगति के साथ-साथ आदिवासी संस्कृति का संरक्षण भी जरूरी है। मुख्यमंत्री ने पारम्परिक विधान से पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह बहुत खुशी बात है कि कंवर समाज के युवाओं द्वारा राजधानी रायपुर में करमा तिहार का शुभारंभ किया जा रहा है। यह एक बहुत अच्छी परंपरा की शुरआत है। मुख्यमंत्री श्री साय करमा तिहार के उल्लास में शामिल होने से खुद को रोक नहीं पाए और मांदर पर थाप देते हुए हाय रे सरगुजा नाचे गीत पर जमकर झूमे।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आज करमा तिहार मनाया जा रहा है। आदिवासी संस्कृति में कई तरह के करमा तिहार मनाये जाते हैं। आज एकादशी का करमा तिहार है। आज का त्योहार हमारी कुंवारी बेटियों का त्योहार है। इस करमा पर्व को मनाने का उद्देश्य है कि हमारी बेटियों को अच्छा वर और अच्छा घर मिले। भगवान शिव और माता पार्वती का पूजन करके बेटियां अच्छे वर और अच्छे घर की कामना करती हैं। इसके बाद दशहरा करमा का त्योहार भी आता है, जिसमें शादी के पश्चात पहली बार जब बेटी मायके आती है तो वह उपवास रहकर विजयादशमी का पर्व मनाती है। पुत्र-पुत्रियों के लंबे जीवन की कामना के साथ जियुत पुत्रिका करमा मनाया जाता है। यह एक बहुत कठिन व्रत होता है, जिसमें माताएं चौबीस घण्टे बिना अन्न-जल ग्रहण किये इस करमा पर्व को मनाती हैं।

हमारी संस्कृति में कृषि कार्य से भी करमा पर्व जुड़ा है। एक त्योहार बाम्बा करमा भी होता है । बाम्बा एक प्रकार का कीट होता है जो धान के दाने में बीमारी पैदा करता है। इस करमा में नौजवान बेटे उपवास रहते हैं बाम्बा कीड़े को नदी में विसर्जित करते हैं। करमा तिहार प्रकृति से जुड़ा तिहार है। जब वर्षा नहीं होती तब पानी कर्मा मनाया जाता है। इस पर्व में करमा पूजा करके वर्षा के लिये प्रार्थना की जाती है।मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हर साल राजधानी रायपुर में करमा त्योहार मनाया जाना चाहिए ।मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें आदिवासी संस्कृति को कभी भूलना नहीं है। हमें अपनी संस्कृति को जिंदा रखना है। ये नृत्य-गीत हमारे समाज को जोड़ के रखते हैं । प्रगति के साथ हमें इसे बरकरार रखना है। ये बहुत गर्व का विषय है कि आज आपका एक आदिवासी बेटा मुख्यमंत्री है । कल ही हमारी सरकार को बने नौ माह पूर्ण हुए हैं। इन नौ महीनों में काफी कार्य हुआ है । 21 क्विंटल धान की खरीदी की जा रही है । धान का मूल्य 3100 रुपये प्रति क्विंटल हम दे रहे हैं। दो साल का बकाया बोनस भी हमने दिया है । महतारी वंदन योजना के तहत हर महीने 1 हज़ार रुपये माताओं-बहनों के खाते में दिया जा रहा है। हमारे वनवासी भाइयों को हम तेंदूपत्ता की राशि प्रति मानक बोरा 4 हज़ार से बढ़ा कर 5500 रुपये दे रहे हैं। रामलला दर्शन योजना भी शुरू की गई है। छत्तीसगढ़ माता कौशल्या की भूमि है। बड़ी संख्या में राज्य से श्रद्धालु रामलला के दर्शन करने जा रहे हैं। पहली कैबिनेट में 18 लाख आवास की स्वीकृत दी गयी । मुख्यमंत्री श्री साय ने हिंदी दिवस के अवसर पर सभी को हिंदी दिवस की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हमारी सरकार ने एक बड़ा निर्णय लिया है।

## एक नजर

### अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लगाने पुलिस ने की कार्रवाई

**राजनांदगांव 15 सितंबर।** पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) श्री मुकेश ठाकुर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदशन मे अवैध रूप से शराब बिक्री पर अंकुश लगाने हेतु कड़ी कार्यवाही करने के संबंध में जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को निर्देश दिया गया था जिसके तहत दिनांक 13.09.2024 एवं 14.09.2024 को दो दिनों में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा 34(1) के 01 प्रकरण में 01 आरोपी के पास से 17 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 1530/- रूपये बिक्री रकम 250/- रूपये जप्त, 36(च) के 01 प्रकरण में 01 आरोपी के विरूद्ध की गई कार्यवाही की गई। थाना बोरतलाव पुलिस द्वारा 34(2) के 01 प्रकरण में 02 आरोपी के पास से 12 लीटर हाथ भट्ठी से निर्मित महुआ शराब कीमती 3200/- रूपये एवं परिवहन में प्रयुक्त मोटर साईकल हिरोहोण्डा कीमती करीबन 10000/- रूपये एवं नारजों कम्पनी को 01 नग मोबाईल कीमती 3000/- रूपये जुमला कीमती 16200/- रूपये जप्त, थाना लालबाग पुलिस द्वारा 34(1) के 01 प्रकरण में 01 आरोपी के पास से 19 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 1710/- रूपये बिक्री रकम 120/- रूपये जप्त, थाना डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा 34(2) के 01 प्रकरण में 01 आरोपी के पास से 36 पौवा अंग्रेजी शराब कीमती 4680/- रूपये बिक्री रकम 200/- रूपये जप्त, 36(च) के 04 प्रकरण में 04 आरोपी के विरूद्ध की गई कार्यवाही एवं 10 आदतन शराब कोचियों के विरूद्ध की गई प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, ओ.पी. तुमड़ीबोड़ पुलिस द्वारा 36(च) के 03 प्रकरण में 03 आरोपी के विरूद्ध की गई कार्यवाही, ओ.पी. मोहारा पुलिस द्वारा 34(1) के 01 प्रकरण में 01 आरोपी के पास से 20 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 1800/- रूपये जप्त एवं 36(च) के 01 प्रकरण में 01 आरोपी के विरूद्ध की गई कार्यवाही, थाना डोंगरगांव पुलिस द्वारा 36(च) के 04 प्रकरण में 04 आरोपी के विरूद्ध की गई कार्यवाही, ओ.पी. चिखली पुलिस द्वारा 36(च) के 01 प्रकरण में 01 आरोपी के विरूद्ध की गई कार्यवाही। इस प्रकार जिले में कुल 34(2) के 02 प्रकरण में 03 आरोपी के पास से 12 लीटर महुआ शराब कीमती 3200/- एवं 36 पौवा अंग्रेजी शराब कीमती 4680 जप्त, 34(1) के 03 प्रकरण में 03 आरोपी के पास से 56 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 4320/-जप्त, एवं बिक्री रकम 370/- रूपये एवं 01 नग मोटरसायकल कीमती 10000/-रूपये एवं 01 नग मोबाईल कीमती 3000/- रूपये जप्त इस प्रकार कुल 15 प्रकरणों में 16 आरोपियों के पास से जुमला मसरूका 20,820/- रूपये जप्त की गई है।

### 17 सितम्बर को मटन मार्केट बंद

**राजनांदगांव 14 सितम्बर।** राज्य शासन के निर्देशानुसार अनंत चर्तुदशी एवं पयुषर्ण पर्व के अंतिम दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 17 सितम्बर दिन मंगलवार को नगर निगम सीमाक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे। नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित सुनिश्चित करने कहा है। आयुक्त श्री गुप्ता ने स्वास्थ्य विभाग से कहा है कि उक्त दिवस पर मांस विक्रय करते पाये जाने पर मांस जप्त करने एवं संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्यवाही करते हुये 5 हजार रूपये तक जुर्माना वसूल करे। उन्होंने समस्त स्वच्छता निरीक्षकों को उक्त दिवस को अपने अपने क्षेत्र में पर्यवेक्षण करने के निर्देश दिये है।

### कालकापारा में युवक ने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी की

**डोंगरगढ़ 15 सितंबर।** कालकापारा के युवक ने फांसी के फंदे पर लटक जाने से आत्महत्या करने मामला सामने आया है। पुलिस से मिली जानकारी में बताया गया कि सुभाष मेश्राम पिता मदन मेश्राम उम्र 27 साल निवासी वार्ड नं 09 भीमनगर डोंगरगढ़ ने 13 सितम्बर को दोपहर 03 बजे अपने पिता से बताया कि वह पीछे कमरे में सोने जा रहा हूँ और लगभग शाम 6.30 बजे उसकी बहन उजाला बँसोड देखी कि उसका भाई सुभाष गुलाबी रंग के दुपट्टा में छत के पंखा लगाने के हुक में फांसी का फँदा बना आत्महत्या कर लिया है। पुलिस ने शव को उतार पंचनामा कार्यवाही कर 194 बीएनएसएस मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवा कर मामले को जाँच में लिया है।

### मुख्यमंत्री ने इंजीनियरों को अभियंता दिवस की दी शुभकामनाएं

**रायपुर, 15 सितम्बर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने सभी इंजीनियरों को अभियंता दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी है। अपने शुभकामना संदेश में उन्होंने कहा कि भारत के महान इंजीनियर भारत रत्न सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया के सम्मान में उनके जन्मदिन 15 सितम्बर को अभियंता दिवस के रूप में मनाया जाता है। विश्वेश्वरैया जी ने अपनी असाधारण दृष्टि और प्रतिभा से भारत को इंजीनियरिंग के क्षेत्र में नई ऊँचाई पर ले गए। उन्हें आधुनिक भारत के विश्वकर्मा के रूप में याद किया जाता है। उनके इंजीनियरिंग के असाधारण कार्यों में से एक मैसूर का कृष्णराज सागर बांध है। इस बांध के बनने से सिंचाई क्षमता में विस्तार के साथ अनेक उद्योग विकसित हुए, जिसने कर्नाटक राज्य के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी राष्ट्र और राज्य के निर्माण में इंजीनियरों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इंजीनियर्स अपनी दूरदृष्टि और कौशल से किसी राज्य के विकास को नए आयाम दे सकते हैं।

## आदतन बदमाशों पर कार्रवाई



**राजनांदगांव 15 सितंबर।** प्रार्थी आज दिनांक 14.09.24 को चौकी चिखली हाजिर आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 13.09.2024 के रात्रि मे दीनदयाल नगर कालोनी मे तुलसी शर्मा व सुधीर नायडू द्वारा शराब पीने के लिए पैसो का मांग रहे थे मना करने पर मां बहन की अश्लील गाली गुप्तार कर कुल्हाड़ी लेकर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट किये है कि रिपोर्ट पर धारा 296,351(2),119(1),3(5) भा.ना.सं. का अपराध दर्ज कर मामले की सूचना वरिष्ठ अधिकारियो को दिया गया। श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहूल देव शर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में टीम गठित कर पतासाजी किया जा रहा था कि दोनो आदतन बदमाशो की दीनदयालनगर कालोनी चिखली मे छिपने की पुख्ता सूचना पर घेराबंदी कर दबिश देकर आरोपी 01. सुधीर नायडू पिता गप्पू नायडू उम्र 18 साल साकिन अटल अवास दीनदयालनगर चिखली, 02. तुलसी शर्मा पिता गणेश शर्मा उम्र 24 साल साकिन अटल आवास दीनदयाल नगर चिखली जिला राजनांदगांव को पकड़ा गया आरोपियो से कड़ाई से अपराध स्वीकार कर मेमोरेण्डम कथन अनुसार आरोपी सुधीर नायडू के निषानदेही पर घटना मे प्रयुक्त लोहे का कुल्हाड़ी को जप्त किया गया । आरोपी सुधीर नायडू के विरूद्ध मारपीट, आर्म्स एक्ट व आरोपी तुलसी शर्मा के विरूद्ध छेड़छाड़, रास्ता रोकना, मारपीट, आर्म्स एक्ट अनेक मामले दर्ज है।

# इंजीनियर,सीएमओ ने शासन को लगाया लाखों का चूना

■ मामला- पौनी पसारी निर्माण कार्य का



**डोंगरगढ़ 15 सितंबर।** नपा प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा नपा को लाखों का चूना लगाने का मामला सामने आया है। बताया जाता है कि वर्ष 2022-23 में वार्ड क्रमांक 11 में पौनी पसारी योजना के अंतर्गत 25.53 लाख की राशि की लागत से निर्माण कार्य कराया जाना था और इसके लिए बकायदा निविदा निकालकर टेंडर बुलाया गया था। टेंडर के बाद निजी भूमि के खसरा क्रमांक 593/2 रकबा 0.0360 नाम ऋतु बग्गा पति मनजीत सिंह बग्गा निवासी महेश नगर राजनांदगांव के नाम आबन्टीत है और इसी निजी भूमि को नपा के अधिकारी के द्वारा स्थल चयन कर इंजीनियर के द्वारा लेआउट देकर निर्माण कार्य प्रारम्भ कर दिया गया और इस स्थल पर छज्जा लेबल तक निर्माण कार्य ठेकेदार के द्वारा करा दिया गया है इसकी भनक लगते ही निजी जमीन के मालिक के द्वारा 09/10/2023 को लिखित शिकायत थाने में करने के बाद मामला का उजागर होते ही कार्य को रोक दिया गया था। जितना निर्माण कार्य हुआ था उसके एवज में ठेकेदार को लगभग 07 लाख का भुगतान कर दिया गया है। अब यक्ष प्रश्न यह उठ रहा है कि नपा प्रशासन के द्वारा नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ का विशेष सम्मेलन 13 सितम्बर 2024 दिन शुक्रवार को आहूत की गई थी और वार्ड क्रमांक 11 में निर्माणाधीन पौनी पसारी योजना के स्थल परिवर्तन का विषय लाया गया था।

नियमानुसार कोई भी निर्माण कार्य के लिए स्थल चयन किया जाता है। स्थल चयन के पश्चात कार्य आदेश देने से पहले बी-1, बी-2 खसरा कागज के साथ कार्य आदेश दिए जाते हैं परंतु निर्वतमान सीएमओ, इंजीनियर की गलती नपा प्रशासन को लगभग 07 लाखो रू से अधिक राशि भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है। विशेष सम्मेलन में शामिल पार्षदों के द्वारा यह आरोप लगाया गया है कि स्थल परिवर्तन के विषय वस्तु की जानकारी पहले नहीं दी गई और एकाएक उस विषय को बैठक में शामिल कर दिया गया। तो दूसरी ओर वर्तमान सीएमओ चंद्रकांत शर्मा से चर्चा करने पर बताया गया है कि 07 लाख का नपा प्रशासन को जो नुकसान हुआ है वह दस्तावेज अध्ययन करने के बाद यह सुनिश्चत किया जायेगा कि इसकी भरपाई किससे की जायेगी।

### प्रधानमंत्री के किसान हितैषी फैसलों का लाभ छत्तीसगढ़ के किसानों को भी मिलेगा: मुख्यमंत्री

**रायपुर, 15 सितम्बर।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देश के अन्नदाता किसानों की आय को बढ़ाने और उनकी खुशहाली के लिए कई महत्वपूर्ण कार्यक्रमों के संचालन के साथ ही किसान हित में लगातार निर्णय ले रहें है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य दिलाने के लिए बासमती चावल से न्यूनतम निर्यात शुल्क हटाने के साथ ही खाद्य तेलों के आयात शुल्क में बढ़ोत्तरी एवं प्याज के निर्यात शुल्क में कमी करने का निर्णय का छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने स्वागत करते हुए कहा है कि इसका फायदा निश्चित रूप से छत्तीसगढ़ के किसानों को मिलेगा। मुख्यमंत्री ने श्री विष्णु देव साय ने देश के अन्नदाता किसानों के हित में लिए गए इस निर्णय के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का आभार व्यक्त किया है। गौरतलब है कि केन्द्र सरकार द्वारा बासमती चावल से न्यूनतम निर्यात शुल्क को हटाने, खाद्य तेलों के आयात शुल्क को शून्य से बढ़ाकर 20 प्रतिशत करने के साथ ही प्याज के निर्यात शुल्क को 40 प्रतिशत से घटाकर 20 प्रतिशत कर दिया गया है।

# शिक्षक दिवस पर वनांचल ग्राम बिजेपार के दो शिक्षक सम्मानित





**छुरिया 15 सितंबर।** शासकीय प्राथमिक शाला बिजेपार (जोब) की सहायक शिक्षक फगवा राम सिन्हा को शिक्षक दिवस के अवसर पर गोविन्दराम निर्मलकर आडिटोरियम राजनांदगांव में आयोजित मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण समारोह में विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह ने शिक्षा के क्षेत्र में योगदान , नवाचार, कला संस्कृति,खेलकूद ,समाज सेवा,जनजागरूकता एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में बच्चों की सफलता हासिल करने के लिए शिक्षादूत पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वही दूसरी ओर शाला के प्रधान पाठक श्री गिरधारी राम सहारे को प्रकृति विज्ञान शिक्षण यात्रा संस्था ( ज्ञान गुड़ी भवन जगदलपुर )की ओर से राज्य के समस्त जिलों से उत्कृष्ट कार्य कर रहें शिक्षकों को राज्य अलंकरण 2024 सम्मान साक्षरता दिवस पर शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज जगदलपुर में दिया गया। समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार, प्रकृति संरक्षण, विज्ञान प्रचार-प्रसार, स्वच्छता, स्वास्थ्य, कला संस्कृति, समाजसेवा, महिला सशक्तिकरण, रूढ़िवादी, अंधविश्वास, जनजागरूकता, के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान प्रदान करने वाले शिक्षकों को शामिल किया गया। उल्लेखनीय है कि गिरधारी राम सहारे प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला बिजेपार को शिक्षा के क्षेत्र में नवाचारी गतिविधि को शामिल कर उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर बच्चों के भविष्य संवारने हेतु शिक्षा रत्न सम्मान से नवाजा गया। शिक्षक द्वारा 16 वर्षों से वनांचल क्षेत्र शासकीय प्राथमिक शाला बिजेपार में अपनी सेवा देकर राज्य शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन किया जा रहा है ।इस उपलब्धि के लिए बीईओ प्रशांत कुमार चिर्वतकर,, ए बीईओ ए. के. ठाकुर, बीआरसी पी.डी.साहू, सीएसी व्ही.आर . पटेल, संकुल प्राचार्य श्री एल. सी.साहू,, जगेश्वर साहू, खुमान साहू, प्रमोद साहू, मनोज रावटे, राजेश नेताम, मानेन्द सिन्हा, विरेंद्र साहू, एवं समस्त शिक्षक मित्रगण, देवेंद्र पाल पटेल, चिन्ता राम सेवता, हरिप्रसाद सिन्हा (सचिव), टीकू रजक, मालिक निर्मलकर, सरोज पाल, देशराम तितराम (अध्यक्ष) शाला प्रबंधन एवं विकास समिति, हेमसिंह निर्मलकर (सरपंच), पालकगण आदि ने शुभकामनाएँ एवं बधाई प्रेषित की है।

# गणेश प्रतिमा का विर्सजन शिवनाथ नदी के पास निर्मित कुण्ड में ही करें:महापौर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 14 सितंबर।** नगर निगम द्वारा गणेश विसर्जन के लिये प्रति वर्ष मोहारा स्थित शिवनाथ नदी में व्यापक व्यवस्था की जाती है, निगम द्वारा विसर्जन के लिये विशालकाय विसर्जन कुण्ड का निर्माण किया गया है। जिसमें गणेश,दुर्गा आदि सभी प्रतिमाये विसर्जित की जाती है, जहॉ इस वर्ष भी गणेश प्रतिमा विसर्जित की जायेगी। उक्त संबंध में महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने बताया कि नगर निगम द्वारा गणेश विसर्जन के लिये नगर सहित मोहारा स्थित शिवनाथ नदी में प्रति वर्ष व्यापक व्यवस्था किये जाते है। जिसके तहत शहर में वॉच टावर का निर्माण,चौक चौराहों में लाईट की व्यवस्था, के साथ साथ सड़कों का पेचवर्क, साफ सफाई व पानी टैंकर रखे जाते है। साथ ही शिवनाथ नदी के चारो ओर लाईट, बेरीकेटिंग आदि व्यवस्था की जाती है। इसी कडी मे प्रतिमा विसर्जन के लिये शिवनाथ नदी के पास निगम द्वारा निर्मित विसर्जन कुण्ड में गणेश प्रतिमा का विसर्जन किया जाना है। महापौर श्रीमती हेमा देशमुख ने बताया कि राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (एन.जी.टी.) द्वारा नदी व तालाब में मुर्ति विसर्जित करना प्रतिबंधित किया गया है। उक्त बात को ध्यान में रख कर निगम द्वारा विसर्जन कुण्ड का निर्माण किया गया है। जिसमें प्रतिवर्ष सभी प्रतिमाए विसर्जित की जाती है। उन्होंने सभी समितियों एवं गणेश प्रतिमा रखने वाले लोगों से अपील की है कि वे मुर्ति विसर्जन कुण्ड में ही करे,साथ ही पूजा के लिये टेबल लगाया गया है। जिसमें प्रतिमा रखकर पूजा की जायेगी,उसके पश्चात विसर्जन किया जायेगा तथा पूजा सामग्री विसर्जन के लिये अलग से स्थान बनाया गया है,उसमें पूजा सामग्री विसर्जित करना है। उन्होंने विसर्जन कुण्ड में प्रतिमा विसर्जित कर सहयोग करने की अपील की है। महापौर श्रीमती हेमा देशमुख ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के लिये नगर निगम द्वारा वृहद रूप से वृक्षारोपण किया जा रहा है।

## समाचार संक्षेप

### ईद और गणपति विसर्जन को ध्यान में रखकर पुलिस ने फ्लैग मार्च किया



**राजनांदगांव 15 सितंबर।** 16 सितम्बर को धार्मिक पर्व ईद मिलाद-उन-नवी का पर्व है। वर्तमान में गणेश चतुर्थी के पावन पर्व के अवसर पर राजनांदगांव शहर के साथ-साथ जिले में सभी स्थानों में गणेश जी प्रतिमा स्थापित कर जन सामान्य पूजा अर्चना में लीन हैं। ऐसे समय में असामाजिक तत्व, गुण्डे, बदमाशों की गतिविधियों पर निगाह रखकर आपसी सौहाद्र में किसी प्रकार का खलल न हो इसको ध्यान में रखकर अतिरिक्त बल लगाये गए हैं। ईद और गणपति विसर्जन को ध्यान में रखकर पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग द्वारा स्वयं बल का नेतृत्व करते हुये शहर में सभी क्षेत्रों में पैदल फ्लैग मार्च किया गया । साम्प्रदायिक सौहाद्र, शांति एवं व्यवस्था बनाये रखने हेतु इस अवसर पर नगर की चाक चौबंद पुलिस व्यवस्था रखी गई है। अधिक भीड़ व जमाव वाले स्थानों पर अधिक से अधिक बल फिक्स प्वाइंट के रूप में ड्युटी पर लगाये गये हैं एवं थाने की पेट्रोलिंग के साथ ही अतिरिक्त विशेष पेट्रोलिंग की व्यवस्था रखी गई है, जो निरन्तर पेट्रोलिंग कर असामाजिक तत्वों की अवांछित गतिविधियों पर तत्काल प्रभावी कार्यवाही करेंगे। फ्लैग मार्च में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेंद्र नायक एवं शहर के समस्त थाना /चौकी प्रभारी व रक्षित निरीक्षक के साथ पुलिस लाइन के जवान फ्लैग मार्च में शामिल थे।

### 20 लीटर महुआ शराब के साथ युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**नगरी 15 सितंबर।** अवैध रूप से महुआ शराब बेचने वाले आरोपी को 20 लीटर शराब के साथ सिहावा पुलिस ने किया गिरफ्तार, जानकारी के मुताबिक पुलिस द्वारा लगातार अवैध शराब,जुआ,सट्टा के खिलाफ अभियान चलाकर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी परिप्रेक्ष्य में दिनाँक 14.09.24 सिहावा पुलिस के द्वारा अवैध शराब कोचियों के खिलाफ अभियान चलाकर ग्राम सिरसिदा के तिरनाथ ध्रुव पिता स्व0 मंगलराम ध्रुव उम्र 50 वर्ष के द्वारा देशी कच्ची महुआ शराब बनाकर बेचने के लिए अपने घर के बाड़ी मे 10-10 लीटर के प्लास्टिक जरकीन मे कुल 20 लीटर शराब को छुपा कर रखा था। जिसे मुखबिर के सूचना पर रेड कार्यवाही कर 20 लीटर महुआ शराब को जप्त कर आरोपी के विरुद्ध थाना सिहावा में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही किया गया। सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी सिहावा उनि.उमाकान्त तिवारी, प्रआर.शिवशंकर ठाकुर,आरक्षक रितेश कश्यप,राकेश बंजारे, टिकेश्वर साहू महिला आर.रीता मण्डावी का विशेष योगदान रहा।

### ज्ञानाराधना में अनुष्ठान का विशेष महत्वः मुनि सुधाकर



**रायपुर 15 सितंबर।** लाल गंगा पटवा भवन, टैगोर नगर में गतिमान चातुर्मासिक प्रवास अंतर्गत आचार्य श्री महाश्रमण जी के सुशिष्य मुनिश्री सुधाकर जी व मुनिश्री नरेश कुमार जी के सान्निध्य में श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा, रायपुर द्वारा आज दिनांक 15/09/2024 को विशेष रूप से ÷ज्ञानाराधना अनुष्ठान÷ का आयोजन ज्ञानाराधनारत विद्यार्थीयों को ध्यानार्थ करते हुए आयोजित किया गया। अनुष्ठान में अच्छी संख्या में लगभग 300 से अधिक ज्ञानार्थीयों ने सहभागिता दर्ज कर अपने ज्ञान को विकसित करने के अनेक जीवनचर्या से जुड़े सामान्य तरीकों को समझा। मुनिश्री सुधाकर जी ने कहा कि मंत्रों के अनुष्ठान से हम अपने ज्ञान चक्षु का विकास कर सकते हैं जिसकी मदद से हमारी एकाग्रता बढ़ती है। मुनिश्री ने की मंत्रों के प्रयोग बच्चों को करवाए। मुनिश्री ने आगे कहा कि सुव्यवस्थित जीवनचर्या से भी हम अपने ज्ञान का विकास कर सकते हैं अर्थात समय पर सोना समय पर उठना आदि अन्य कार्य समय पर संपादित कर। दिशाओं का भी हमारे ज्ञानार्जन में विशेष महत्व रहता है। मुनिश्री ने हर दिशा की उपयोगिता के विषय में भी जानकारी दी।

## उत्कृष्ट सेवा के लिए नेशनल ताइक्वांडो के समापन समारोह में

# राष्ट्रीय मंच पर कलेक्टर के हाथों सम्मानित हुए दिनेश कुरेटी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**छुरिया 15 सितंबर।** शिक्षक दिवस के एक दिन पूर्व नेशनल ताइक्वांडो मीट के समापन समारोह के अवसर पर नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ के सभा मंच में कल्लूबंजारी के उच्च वर्ग शिक्षक दिनेश कुमार कुरेटी को उत्कृष्ट सेवा कार्य के लिए राजनांदगाँव के जिला कलेक्टर संजय अग्रवाल द्वारा शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि छुरिया विकास खंड के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कल्लूबंजारी में पदस्थ उच्चवर्ग शिक्षक दिनेश कुमार कुरेटी के द्वारा जवाहर नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ के महत्वपूर्ण कार्यों के सफल संपादन में समय-समय पर सकारात्मक सहयोग प्रदान करते है।नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के लिए विशेष योगदान देते हैं। जवाहर नवोदय विद्यालय संभागीय कार्यालय भोपाल के सौजन्य से आयोजित राष्ट्रीय ताइक्कांडो मीट समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के अवसर पर राजनांदगाँव के जिलाधीश संजय अग्रवाल ने जवाहर नवोदय विद्यालय की ओर से उच्च वर्ग शिक्षक दिनेश कुमार कुरेटी को शाल,श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित कर बधाई दी। कार्यक्रम में उपस्थित डोंगरगढ़ के अनुविभागीय अधिकारी मनोज मरकाम,तहसीलदार मुकेश कुमार ठाकुर,नायब तहसीलदार सत्यपाल यादव,भोपाल संभाग के सहायक आयुक्त लेखराज मीणा, टीम मेंबर मनोज कुमार विद्यार्थी प्राचार्य धमतरी, डॉ.संजय कुमार सिन्हा प्राचार्य दुर्ग, स्वप्ना घोषाल उपप्राचार्य रायपुर, संजय कुमार मंडल प्राचार्य डोंगरगढ़, टीम मैनेजर अनिल कुमार पाल,शिक्षिका उमादेवी ध्रुर्वे एवं जानकी उइके, पटवारी भीषम ठाकुर एवं ताइक्कांडो के अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी भाविका पाण्डेय ने श्री कुरेटी को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित होने पर बधाई दी। इस अवसर पर छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश एवं ओड़िसा राज्य के जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य,टीम मैनेजर, रेफरी एवं 420 ताइक्कांडो खिलाड़ी विद्यार्थी उपस्थित थे।

## निधन

### सूर्यकांत गुप्ता



**राजनांदगांव।** समीपस्थल ग्राम भोथीपार खुर्द राजाराम मेंज प्रोजेक्ट के मालिक सूर्यकांत गुप्ता जी का 85 वर्ष आयु में हृदय गति रूप जाने से निधन हो गया सूर्यकांत गुप्ता जी हजारों मजदूरों का मालिक था जिसमें मृदु भाषी सहनशीलता संघर्षशील दयालु सेवाभावी व्यक्ति रहा जिससे उद्योग जगत से लेकर मजदूरों में शोक लहर निधन से कमी महसूस होगा जिसको दर्शन करना लालबाग निवास कर सकते कल अंतिम यात्रा मुक्ति धाम निकाला जाएगा।

TARUN-september-15-pag-4_Document11.qxd 15/09/2024 2:54 PM Page 1



## अभिनेत्री सीरत कपूर रैंप पर बिखेरेंगी जलवा



टॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री सीरत कपूर, जो अपनी शानदार अदाकारी के साथ-साथ बेमिसाल फैशन सेंस के लिए भी जानी जाती हैं, एक बार फिर चर्चा में हैं। सीरत की फैशन की पसंद हमेशा से उनके फैंस और फैशन इंडस्ट्री को चौका देती है। चाहे वो पारंपरिक कपड़े पहनें या मॉडर्न स्टाइल, सीरत का हर लुक ट्रेंड बन जाता है। उनकी सादगी और स्टाइल का अनोखा मेल हर किसी को प्रभावित करता है। सीरत कपूर अपने फैशन के स्तर को और ऊंचा करने के लिए तैयार है, क्योंकि वो इंटरनेशनल फैशन डिज़ाइन काउंसिल द्वारा आयोजित ग्लोबल इंडिया कॉउचर वीक 2024 में शोस्टॉपर के रूप में रैंप पर चलकर अपनी अदाओं से लोगों को मन्त्रमुग्ध करने को पूरी तरह से तैयार है। मशहूर डिजाइनर वसुंधरा के लिए शोस्टॉपर बनने को लेकर सीरत ने सोशल मीडिया पर अपनी खुशी जाहिर की। मुंबई एयरपोर्ट पर दिल्ली के लिए रवाना होते वक्त पपराज़ी ने भी उन्हें कैमरे में कैद किया। वो पेस्टल पिंक पटियाला ड्रेस में मुस्कुराते हुए बेहद खूबसूरत लग रही थीं। इस घोषणा ने उनके प्रशंसकों में उत्साह भर दिया है, और हर कोई अब इस पल का बेसब्री से इंतजार कर रहा है, जब सीरत कपूर रैंप पर जलवा बिखेरेंगी।

## डेलबार आर्या और पंजाबी सिंगर गुरनजर चट्ठा लेकर आ रहे ग़ज़ल गाना 'जाम'- गाने का पोस्टर हुआ रिलीज़




डेलबार आर्या, जो अपने हिट म्यूजिक वीडियो और फिल्मों के लिए जानी जाती हैं, एक बार फिर दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने के लिए तैयार हैं। गुरु रंधावा के साथ ₹डाउंटाउन₹ और सिंगा के ₹शैडो 2₹ में अपनी लोकप्रियता के बाद, डेलबार अब एक नए रोमांटिक अंदाज में 'जाम' नामक ग़ज़ल म्यूजिक वीडियो में पंजाबी सिंगर गुरनजर चट्ठा के साथ दिखेंगी। यह गाना एक ग़ज़ल है जिसे गुरनजर चट्ठा ने लिखा और कंपोज किया है। इस गाने में डेलबार आर्या भी हैं। डेलबार ने इस अनुभव के बारे में बात करते हुए कहा, "हमने हाल ही में 'जाम' गाने की शूटिंग की और यह एक शानदार अनुभव था। गुर्नाजार एक बहुत ही प्यारे और विनम्र इंसान हैं। यह गाना गुरनजर और सभी के लिए नया है। गुर्नाजार अपने रोमांटिक ट्रैक्स के लिए मशहूर हैं, लेकिन इस बार उन्होंने एक अनोखा और मन को छूने वाला ग़ज़ल गाना पेश किया है, जिसमें हार्टब्रेक और रोमांस दोनों का मिश्रण एक साथ है। मैं उत्सुक हूं कि दर्शक इस गाने को कैसे रिस्पॉन्ड करेंगे। हमने गाने की शूटिंग चंडीगढ़ के खूबसूरत लोकेशन पर की है और मुझे उम्मीद है कि दर्शक इस गाने को भी बहुत पसंद करेंगे।

## ट्रेलर जारी! जन-जन के पसंदीदा एनटीआर जूनियर की 'देवराः भाग 1' ने जन-मनोरंजन के लिए एक नया रास्ता तय किया



'देवराः भाग 1' के आने से सिनेमा जगत में हलचल मच गई है, इसका रोमांचक ट्रेलर दिलों की धड़कनें बढ़ा रहा है और उम्मीदें आसमान छू रही हैं। जन-जन के पसंदीदा एनटीआर जूनियर की महाकाव्य एक्शन गाथा मनोरंजन की एक लहर है जो दुनिया भर की स्क्रीन पर छाने के लिए तैयार है। आज इसका बहुप्रतीक्षित प्रदर्शन भारतीय फिल्म उद्योग और प्रशंसकों में उत्साह पैदा कर रहा है, जो इस अभूतपूर्व एक्शन फिल्म के लिए उत्सुक हैं। अनिरुद्ध रविचंदर द्वारा रचित फिल्म का संगीत जिसमें 'धीरे-धीरे', 'दावुदी' और इंटेंस फियर ट्रैक शामिल हैं, ने पहले ही देश भर के श्रोताओं को आकर्षित कर लिया है, जिससे एक चार्ट-टॉपिंग प्लेलिस्ट तैयार हो गई है जो निश्चित रूप से धूम मचाएगी। उत्साह के तूफान में, फिल्म ने रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं, उत्तरी अमेरिका में 35,000+ से अधिक टिकट और अकेले यूएस में 30,000+ टिकट बेचने वाली सबसे तेज भारतीय फिल्म बन गई है और ट्रेलर रिलीज से पहले इसने $1M+ से अधिक की प्रभावशाली प्री-सेल्स अर्जित की है। तमाम चहल-पहल के बीच, ट्रेलर लॉन्च एक शानदार नजारे के रूप में सामने आया।

## फिल्मी दुनिया के लोग भी बड़ी धूम धाम से बाप्पा का स्वागत करते है



फिल्म दुनिया के लोग भी बड़ी धूम धाम से बाप्पा का स्वागत करते है, यह कहना गलत नहीं होगा की जब बाप्पा के आने का समय आता है तो हर बड़ा से बड़ा सेलिब्रिटी बाप्पा के स्वागत में सब लग जाते है और गणपति आने से लेकर विसर्जन तक सब व्यस्त रहते है। उनमें से कुछ लोग पंडाल में पूजा करते, तो बहुत सरे लोग बाप्पा को अपने घर पर ही रखते । टीवी जगत के फेमस निर्देशक रंजन कुमार सिंह ने अपने घर बाप्पा को बुलाया और बड़े तन मन से उनकी पूजा की और विसर्जन के दौरान टीवी के कई बड़े कलाकार भी वहां मौजूद रहे । रंजन कुमार सिंह ने अपने घर पर ही गार्डन में छोटा सा तालाब बना कर बाप्पा की विदाई की । विदाई के दौरान रंजन कुमार बहुत ही भावुक मन से दोनों हाथ जोड़ कर बाप्पा के दर्शन कर रहे थे, यह दृश्य देखने लायक था। रंजन कुमार सिंह टीवी के कई बड़े बड़े सीरियल को डायरेक्ट कर चुके है जिसमे पोलुपर सीरियल चंद्र नंदिनी अनुदामनी, बेकाबू और नागिन है।

## मिशाल आडवाणी का नया सिंगल "रॉयल ओक" पहचान और महत्वाकांक्षा के विषयों की खोज करता है

स्वतंत्र कलाकार, गीतकार और निर्माता मिशाल आडवाणी ने आज अपना नवीनतम सिंगल रॉयल ओक रिलीज़ किया। मिशाल द्वारा खुद लिखा और प्रोड्यूस किया गया यह गाना, और सियान डायस द्वारा शूट किया गया इसका वीडियो, पहचान, महत्वाकांक्षा, सामाजिक आलोचना और व्यक्तिगत विकास जैसे जटिल विषयों को प्रस्तुत करता है। मुंबई के मूल निवासी मिशाल आडवाणी ने 13 साल की उम्र में संगीत लिखना शुरू किया था। ब्राउन यूनिवर्सिटी से संगीत और कंप्यूटर विज्ञान की पढ़ाई के बाद, उन्होंने अपने कौशल को निखारा और न्यूयॉर्क शहर के विभिन्न स्थानों पर अपने ओरिजिनल गीत का प्रदर्शन करना शुरू किया। अपने होशियार गीत लेखन और विशिष्ट स्टाइल के लिए जाने जाने वाले मिशाल का संगीत शैलियों की सीमाओं को पार करता है और अपनी गहराई और बहुमुखी प्रतिभा से श्रोताओं को मोहित करता है। रॉयल ओक₹ मिशाल के करियर का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है, जो उनके एक कलाकार के रूप में विकास और प्रगति को दर्शाता है। गाने की जटिल कहानी और विचारोत्तेजक गीत श्रोताओं को आत्म-खोज और सपनों का पीछा करने की जटिलताओं की खोज करने का आमंत्रण देते हैं। मिशाल का पहला सिंगल नो माई नेम, जो नवंबर 2022 में रिलीज़ हुआ था, ने ध्यान आकर्षित किया और उन्हें एक उभरती हुई प्रतिभा के रूप में स्थापित किया।

## जसलीन रॉयल ने टी-सीरीज़, राज रांझोध और गुरु रंधावा के खिलाफ कॉपीराइट उल्लंघन का मामला दर्ज किया

भारत की प्रसिद्ध गायिका और संगीतकार जसलीन रॉयल ने अपने कॉपीराइट की सुरक्षा के लिए बॉम्बे हाईकोर्ट में एक मुकदमा दर्ज कराया है। इस मुकदमे में टी-सीरीज़, राज रांझोध और गुरु रंधावा (सामूहिक रूप से ₹प्रतिवादी₹) का नाम शामिल है, जिन्होंने कथित तौर पर उनके संगीत को बिना अनुमति उपयोग किया है। यह आरोप गाने ₹ऑल राइट₹ से संबंधित है, जो जी थिंग एलबम का हिस्सा है। जसलीन रॉयल ने मार्च 2022 में फिल्म ₹रनवे 34₹ के प्रचार कार्यक्रमों के लिए एक संभावित गाने के लिए मौलिक संगीत रचनाएँ बनाई थीं। ये रचनाएँ उन्होंने गीतकार राज रांझोध के साथ ऑडियो-वीडियो कॉल और संदेशों के माध्यम से साझा की थीं, और इन्हें बाद में गाने के एक प्रारंभिक संस्करण में शामिल किया गया था। जबकि गुरु रंधावा को इस गाने के लिए गायन के लिए विचार किया गया था, जसलीन को गुरु द्वारा रिकॉर्ड की गई प्रारंभिक रिकॉर्डिंग संतोषजनक नहीं लगी, जिसके कारण यह सहयोग विफल हो गया और जसलीन रॉयल ने संगीत के सभी अधिकार अपने पास रखे। दिसंबर 2023 में, जसलीन रॉयल को पता चला कि टी-सीरीज़ द्वारा जारी गाना ऑल राइट, जिसमें गुरु रंधावा की आवाज़ थी, उनके मूल संगीत कार्यों को बिना अनुमति और बिना किसी श्रेय के उपयोग कर रहा था।

## अनुपम खेर ने 'अनुपम खेर दिवस' के नौ साल पूरे होने को किया सेलिब्रेट



2015 में, अभिनेता अनुपम खेर को उनके नाम पर एक विशेष सम्मान मिला क्योंकि संयुक्त राज्य अमेरिका के लास वेगास शहर ने विश्व स्तर पर कला और सिनेमा के क्षेत्र में उनके योगदान को मान्यता देते हुए 10 सितंबर को अनुपम खेर दिवस घोषित किया। इस प्रतिष्ठित उपलब्धि के नौ साल पूरे होने के उपलक्ष्य में अनुपम खेर ने सोशल मीडिया पर इसे सेलिब्रेट किया। 10 सितंबर को 'अनुपम खेर दिवस' घोषित किए जाने के बारे में एक समाचार स्निपेट की एक क्लिप साझा करते हुए, अभिनेता ने इसे किशोर कुमार की 'साला मैं तो साहब बन गया' के संगीत पर सेट किया। इसके साथ उन्होंने लिखा, " आज से नौ साल पहले 10 सितंबर 2015 को हुआ था। कुछ भी हो सकता है!" जय हो!!" इस पोस्ट ने खेर के प्रशंसकों को उनका जश्न मनाने के लिए प्रेरित किया और कॉमेंट के ज़रिये उन्होंने अपने प्यार को व्यक्त किया। रोनित बोस रॉय ने भी खेर को उनकी उपलब्धि पर बधाई दी। 2024 में 40 साल पूरे करनेवाले अनुपम खेर की यात्रा बहुत ही शानदार रही है.

## बॉलीवुड ने लाई त्योहारी चमक

यह वह समय है जब हमारी पसंदीदा जीन्स और टॉप्स की जगह भारी भारतीय परिधान लेंगे; हल्के मेकअप वाले लुक को भुला दिया जाएगा जबकि काजोल-रिम वाली आँखें हमें सबसे अलग दिखाएँगी! गणेश चतुर्थी लंबे समय से प्रतीक्षित त्योहारों की शुरुआत का प्रतीक है। हमारी बॉलीवुड की प्रमुख अदाकाराएं त्योहारों को और भी खास बनाने के लिए आकर्षक पारंपरिक पहनावे के साथ त्योहार की रौनक बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़तीं। यहाँ गणेश चतुर्थी पर ये 5 लुक्स जिन्हें हम अपने आगामी त्योहारी फैशन वॉर्डरोब के लिए ज़रूर बुकमार्क करने वाले हैं।



## क्या आप जानते हैं कि ताहा शाह बदुशा ने 'बार बार देखो' में सिद्धार्थ मल्होत्रा के भाई का किरदार निभाया था?

'नेशनल क्रश' ताहा शाह बदुशा भारतीय सिनेमा के सबसे प्यारे नामों में से एक हैं। अपनी कड़ी मेहनत, प्रतिभा और करिश्माई स्क्रीन प्रेजेंस के कारण, इस उभरते हुए स्टार ने दर्शकों के दिलों में अपनी जगह बना ली है और संजय लीला भंसाली निर्देशित शो 'हीरामंडीः द डायमंड बाज़ार' में अपने प्रदर्शन से शो चुरा लिया। लेकिन बहुत से लोग नहीं जानते कि ताहा शाह बदुषा सिद्धार्थ मल्होत्रा और कैटरीना कैफ की फिल्म 'बार बार देखो' का हिस्सा थे। यह फिल्म 2016 में रिलीज़ हुई थी और आज इसके रिलीज़ को 8 साल पूरे हो गए हैं। इस फिल्म में ताहा ने तरुण भल्ला का किरदार निभाया था, जो सिद्धार्थ मल्होत्रा के भाई थे। फिल्म में ताहा के प्रदर्शन ने युवाओं पर आधारित फिल्मों में उनकी ऑन-स्क्रीन उपस्थिति की ओर ध्यान आकर्षित किया। उनकी उपस्थिति ने फिल्म की कहानी में गहराई प्रदान की और कई भावनात्मक दृश्यों को आकार देने में मदद की, खासकर उन दृश्यों में जो जीवन के विभिन्न चरणों और रिश्तों का अन्वेषण करते हैं।



## विद्या बालन को प्रारंभिक कैंसर जांच के लिए चलाए जा रहे अभियान की राष्ट्रीय एंबेसडर नियुक्त किया गया है



भारतीय अभिनेत्री विद्या बालन को फेडरल बैंक होरमिस मेमोरियल फाउंडेशन और न्यूज़ 18 नेटवर्क द्वारा 'संजीवनीः यूनाइटेड अगेंस्ट कैंसर' कार्यक्रम के दूसरे चरण के लिए राष्ट्रीय एंबेसडर नियुक्त किया गया है, जिसमें टाटा ट्रस्ट्स ज्ञान साझेदार के रूप में शामिल हैं। इस अभियान #TimeNikaaleinScreenKarein के तहत एक सार्वजनिक सेवा संदेश के माध्यम से विद्या बालन लोगों से अपील करती हैं कि वे कैंसर की समय से जांच करवाने के लिए समय निकालें। इस अभियान का उद्देश्य शुरुआती कैंसर स्क्रीनिंग के प्रति लोगों के रवैये में बदलाव लाना है और जागरूकता फैलाना है। कैंसर दुनिया भर में मृत्यु के सबसे सामान्य कारणों में से एक है, लेकिन प्रारंभिक जांच द्वारा इसे पहले से रोकना और निदान करना आसान हो सकता है। विद्या बालन ने कहा, स्क्रीनिंग एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है जो लक्षणों के प्रकट होने से पहले कैंसर का पता लगाने में मदद करती है। इस कार्यक्रम के जरिए, मैं लोगों से कैंसर स्क्रीनिंग को लेकर फैली भ्रांतियों और गलत धारणाओं को खत्म करने की कोशिश करूंगी.

## निर्माता निर्देशक कुमार राज की फ़िल्म अमीना की सिल्वर जुबली पार्टी

अनंत महादेवन, रेखा राणा अभिनीत निर्माता निर्देशक कुमार राज की फ़ल्मि अमीना ने आज के समय मे इतिहास रचते हुए सिनेमाघरों में 25 सप्ताह सफलता से चलने का रिकॉर्ड बना लिया। मुम्बई के इस्कॉन ऑडिटोरियम में फ़ल्मि की सिल्वर जुबली का शानदार केक काटकर जश्न मनाया गया। साथ ही इस अवसर पर डायरेक्टर कुमार राज ने लेखक डॉ प्रोफेसर किशन पवार, सह निर्माता धर्म, अभिनेत्री और कवियत्री लता हया, फ़ल्मि के सिंगर, कलाकारों, एसोसिएट डायरेक्टर, चीफ असिस्टेंट डायरेक्टर और एसोसिएट प्रोड्यूसर सहित मौजूद अमीना की टीम को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। निर्माता निर्देशक कुमार राज ने हिंदी फीचर फ़ल्मि ₹अमीना₹ की इस ऐतिहासिक सफलता पर पूरी टीम का धन्यवाद किया और साथ ही उन्होंने दर्शकों का भी आभार जताया जिन्होंने फ़ल्मि को थेटर्स में 25 सप्ताह तक देखा। इस महिला प्रधान फ़ल्मि की सिल्वर जुबली पर कुमार राज ने कहा कि इस कंटेंट बेस्ड फ़ल्मि के 25 हफ्ते तक चलना इस बात का प्रमाण है कि दर्शक अब जाग गए हैं, उन्हें अच्छा कंटेंट चाहिए। यह फ़ल्मि बलात्कार जैसे गम्भीर मामले पर आधारित है। आज देश भर में रेप की घटनाओं से जनता में आक्रोश है, इस फ़ल्मि में हीरोइन रेखा राणा मुजरिमो को कड़ी सजा देती है। दर्शकों को यह फ़ल्मि इसीलिए पसन्द आ रही है क्योंकि इसमे ज्वलंत मुद्दे को बड़ी गंभीरता से दर्शाया गया है।

## कुमार सानु और कमल चोपड़ा का रोमांटिक सिंगल चाँदनी लाँच



मेलोडी किंग कुमार शानू लंबे समय के बाद 90 के दशक जैसे मधुर गीत संगीत से वापसी कर रहे हैं। रोमांटिक ट्रैक ₹चांदनी₹ में उनके साथ खूबसूरत आवाज़ कमल चोपड़ा की है। खास बात यह है कि इस के वीडियो में कमल चोपड़ा के साथ कुमार शानू ने फीचर भी किया है। मुम्बई में इस सॉन्ग लांच के अवसर पर कुमार शानू, कमल चोपड़ा, संगीतकार अरविंदर रैना - मृदुल, गीतकार शहाब इलाहाबादी-अंजान सागरी, निर्माता डॉ. सुनील चोपड़ा, निर्देशक फिलिप, होस्ट मिहिर जोशी और क्रिएटिव डायरेक्टर तनवीर आलम, सुबोध निम्लेकर, शेखर सावंत, मुनाफ पटेल, इसरार खान, मानिक बत्रा उपस्थित थे। चांदनी के म्युज़कि वीडियो को बड़ी सुंदरता और भव्यता के साथ फिल्माया गया है। वीडियो में कुमार शानू, कमल चोपड़ा के साथ मॉडल माही चौधरी और शुभम शर्मा ने भी अपना जलवा बिखेरा है। वीडियो के एक विशेष भाग में संगीतकार अरविंदर रैना की झलक भी नज़र आती है।

## भजनों से किया भक्तिमय



भजन सम्राट और पद्मश्री अनूप जलोटा ने लगातार कई घंटों तक भजन गाकर मुम्बई के इस्कॉन में स्थित लोगों को भक्तिमय बना दिया। स्टूडियो रीफ्यूल द्वारा आयोजित किए गए इस कार्यक्रम ₹कृष्णार्थ₹ में अनूप जलोटा ने अपने भजनों से श्री कृष्ण जी की लीलाओं का वर्णन किया। इस अवसर पर लीजेंडरी गायक सुरेश वाडकर और घनश्याम वासवानी ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। स्टूडियो रीफ्यूल के सीईओ इंडिया चैप्टर सचिन तैलंग और सीईओ दुबई चैप्टर रमन छिब्बर, कुमार ने पुष्पगुच्छ देकर दोनों महान गायकों का सम्मान किया। इस भक्ति भरी संगीतमय शाम में अनूप जलोटा ने अपने भजनों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। भजन सम्राट अनूप जलोटा ने ऐसी लागी लगन, इतनी शक्ति हमें देना दाता जैसे भक्ति गीत गाकर सभी को भजन गुनगुनाने पर मजबूर कर दिया। पद्मश्री अनूप जलोटा ने इस मौके पर स्टूडियो रीफ्यूल और उससे जुड़ी पूरी टीम का आभार जताया और कहा कि इस कार्यक्रम का आयोजन केवल एक दिन में किया गया,जो बहुत बड़ी बात है। ऐसे कार्यक्रम होते रहने चाहिए। इसमें संगीत है, स्वर है, सन्देश और शांति भी है, इसलिए भक्ति संगीत को शाश्वत माना गया है। भक्ति संगीत सुनकर आपके ह्रदय और आत्मा को जो सुकून मिलता है वह बेमिसाल है।

## कलाकारों ने बताया कैसे उनकी बेटियाँ उन्हें जीवन में प्रेरित करती हैं!



नेशनल डॉटर्स डे पर कई कलाकार अपनी बेटियों के साथ साझा किए गए गहरे रिश्ते को याद कर रहे हैं, जो उन्हें अपार खुशी, प्रेरणा और व्यक्तिगत विकास का अनुभव कराती हैं। एण्डटीवी के मशहूर कलाकार अमित भारद्वाज (मेवा, 'भीमा), दीपा सावरगांवकर (सुशीला बुआ, 'अटल), योगेश त्रिपाठी (हप्पू सिंह, 'हप्पू की उलटन पलटन) और शुभांगी अत्रे (अंगूरी भाबी, 'भाबीजी घर पर हैं) बता रहे हैं कि उनकी बेटियाँ कैसे उन्हें मार्गदर्शन और प्रेरणा देती हैं। मेवा की भूमिका के लिये मशहूर अमित भारद्वाज ने बताया, ''मेरी कोई बहन नहीं है और उस खास रिश्ते को मैंने हमेशा मिस किया है। शादी के बाद मैंने बेटी की कामना की और मेरी प्यारी बेटी शिरीशा के जन्म ने उस इच्छा को पूरा कर दिया। उसे पहली बार गोद में लेने की खुशी को मैं बयां नहीं कर सकता। और तब से ही वह हमारा लकी चार्म बनी हुई है और उसने हमारी जिन्दगी को खुशियों से भर दिया है। जब मैं घर जाता हूँ, तब वह रोमांचित हो जाती है और उसकी मुस्कुराहट मुझे एक बेहतर इंसान बनने तथा हमारे परिवार की खुशहाल जिन्दगी के लिये काम करने की प्रेरणा देती है।'

## 'श्रीमद् रामायण' में श्री राम और सीता का सर्वोच्च बलिदान



सोनी सब पर प्रसारित हो रहा 'श्रीमद् रामायण' श्री राम (सुजय रेऊ) और सीता (प्राची बंसल) की कहानी है। हाल के एपिसोड में दर्शकों ने देखा कि कैसे सहस्त्रमुख रावण (प्रणीत भट्ट) ने लंका से लौटने पर सीता की अशुद्धता को लेकर अयोध्यावासियों के मन में संदेह पैदा किया। आने वाले एपिसोड में दर्शक देखेंगे कि सीता और श्री राम को पता चलता है कि सीता गर्भवती हैं। हालांकि, वे सीता के चरित्र के इर्द-गिर्द नकारात्मकता देखकर चिंतित हो जाते हैं। दिव्य दंपत्ति आपसी सहमति से यह कठिन निर्णय लेते हैं कि सीता भगवान वाल्मीकि के आश्रम में जाकर रहेंगी। श्री राम और सीता दोनों इस बात पर सहमत हैं कि उनके बच्चों के पालन-पोषण के लिए सात्विक वातावरण आवश्यक है, और साथ मिलकर वे अलग होने और अपने बच्चों को अलग-अलग पालने का निर्णय लेते हैं। श्रीमद् रामायण में राम की भूमिका निभाने वाले सुजय रेऊ ने कहा, ₹यह देखना दुखद है कि सीता पर निष्ठाहीन और अनैतिक होने का आरोप लगाया गया क्योंकि उन्हें रावण ने बंदी बना लिया था। सब जानते हैं कि वह पवित्र थीं। इसका परिणाम यह हुआ कि श्री राम और सीता ने आपसी सहमति से अलग होने का फैसला किया। यह एक अनूठा दृष्टिकोण है जो हम अक्सर नहीं सुनते हैं। श्रीमद रामायण में सीता की भूमिका निभाने वाली प्राची बंसल ने कहा, मेरे लिए इस दृश्य की शूटिंग करना बहुत ही भावनात्मक था। सीता की पवित्रता और शक्ति के बावजूद समाज ने उन पर आरोप लगाने में देर नहीं लगाई।

## सोनी सब के 'पुष्पा इम्पॉसिबल' में अश्विन की हुई गिरफ्तारी



सोनी सब का 'पुष्पा इम्पॉसिबल' पुष्पा (करुणा पांडे) की प्रेरक कहानी के साथ दर्शकों को आकर्षित करता है। वह एक दृढ़ महिला है जो जीवन की चुनौतियों का सामना उम्मीदों और आशा के साथ करती है। हाल के एपिसोड में दर्शकों ने पुष्पा के परिवार में सभी को खुशी मनाते देखा जब राशि (देशना दुगद) ने आत्मसम्मान से जुड़े मुद्दों से उबरकर एक विज्ञापन हासिल किया। आगामी एपिसोड में राशि प्रभास (भव्य गांधी) नामक एक यूजर के ऑनलाइन ट्रोलिंग का टारगेट बन जाती है, जिसे 'किंग ऑफ कूल' के नाम से जाना जाता है। जब अश्विन को पता चलता है कि उसकी बहन को परेशान किया जा रहा है, तो वह प्रभास से भिड़ जाता है। यह पता किए बिना कि वह एक मानसिक और अस्थिर व्यक्ति से निपट रहा है, और उसे थप्पड़ मार देता है। इससे प्रभास भड़क जाता है। अश्विन को बदला लेने की धमकी देता है। मामले को बदतर बनाने के लिए अश्विन का बिजनेस लाइसेंस रद्द कर दिया जाता है। इससे उसका भविष्य अनिश्चित हो जाता है। ट्रोल यहीं नहीं रुकता, उसकी बदला लेने वाली हरकतों के कारण अश्विन जेल पहुंच जाता है, जिससे पुष्पा परिवार परेशान हो जाता है। पुष्पा इम्पॉसिबल में अश्विन का किरदार निभाने वाले नवीन पंडिता ने बताया, "प्रभास को सबक सिखाने की अश्विन की कोशिश अप्रत्याशित नतीजों की ओर ले जाती है।

## एक्टर्स ने अपने ग्रैंडपैरेन्ट्स को बताया सुपरहीरो!



ग्रैंडपैरेन्ट्स की अक्सर हमारे दिलों में एक खास जगह होती है। उनसे हमें ज्ञान, प्रेम और मार्गदर्शन मिलता है, जो हमारे जीवन को आकार देता है। कई एक्टर्स अपने ग्रैंडपैरेन्ट्स को सुपरहीरो मानते हैं, क्योंकि उन्होंने उनके सपनों को प्रेरित किया, उन्हें बढ़ावा दिया और अपना पूरा सहयोग दिया। इस इंटरनेशनल ग्रैंडपैरेन्ट्स डे पर एण्डटीवी के एक्टर्स अपने जीवन में ग्रैंडपैरेन्ट्स की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में बात कर रहे हैं। यह कलाकार हैं आशुतोष कुलकर्णी (कृश्ण बिहारी वाजपेयी, 'अटल'), तेजस्विनी सिंह ('भीमा' में भीमा की भूमिका निभा रहीं), ज़ारा वारसी (चमची, 'हप्पू की उलटन पलटन') और वैभव माथुर (टीका, 'भाबीजी घर पर हैं')। भीमा में भीमा की भूमिका निभा रहीं तेजस्विनी सिंह ने बताया, ''मेरी दादी मेरी सुपरहीरो हैं! वह मुझे सुरक्षा का एहसास कराती हैं और बहुत प्यार करती हैं। वह मुझे कहानियाँ भी सुनाती हैं और स्वादिष्ट खाना बनाती हैं! दादी मेरी शूटिंग के दौरान हमेशा मेरे साथ रहती हैं। वह मेरे साथ खेलती हैं और मेरी बातें सुनती हैं। और जब वह मुझे अपनेपन से गले लगाती हैं, तब सुरक्षा और प्यार का एहसास मिलता है। वह मुझे हंसाती हैं, जो कि मुझे बहुत पसंद है और हमेशा मुझे अपने सबसे बढ़िया अंदाज़ में रहने के लिये प्रोत्साहित करती हैं। चाहे कुछ भी हो, वह हमेशा मेरा साथ देती हैं। बड़ी होने पर मैं उनके जैसी बनना चाहती हूँ- दयालु, बुद्धिमान और बेहद मजबूत!

## एण्डटीवी के 'अटल' ने लिया लीपः आयुध भानुशाली निभायेंगे युवा अटल बिहारी वाजपेयी का किरदार!



एण्डटीवी के 'अटल' में श्री अटल बिहारी वाजपेयी की बचपन से लेकर बड़े होने तक की कहानी दिखाई जा रही है और यह शो 5 साल का लीप लेने के लिये तैयार है। आयुध भानुशाली जोकि अपने प्रभावशाली टीवी प्रदर्शन के लिये मशहूर हैं, इस शो में 12 वर्षीय अटल बिहार वाजपेयी की भूमिका निभायेंगे। 'एक महानायक-डॉ. बी. आर. आम्बेडकर' और 'दूसरी मां' में अपने किरदारों से दर्शकों का दिल जीतने के बाद, आयुध अब इस प्रतिष्ठित किरदार को परदे पर साकार करने जा रहे हैं। लीप एपिसोड का प्रसारण 18 सितंबर 2024 को किया जायेगा। अपने नये किरदार के बारे में बताते हुये आयुध ने कहा, ''अटल बिहारी वाजपेयी अद्भुत राजनेता और प्रतिभाशाली व्यक्ति थे, और उनका किरदार निभाना एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। नन्हें अटल की भूमिका में व्योम ठक्कर ने बेमिसाल अभिनय किया है और इस शो की कहानी के आगे बढ़ने के साथ मैं उनके जीवन के अगले चरण को परदे पर दिखाने के लिये उत्सुक हूं। शो की टीम बहुत सपोर्टिव है और वे मुझे सराहनीय प्रदर्शन देने के लिये बहुमूल्य सलाह दे रहे हैं।"

## एण्डटीवी पर ड्रामा और कॉमेडी का डबल डोज़



एण्डटीवी के 'अटल', 'हप्पू की उलटन पलटन' और 'भाबीजी घर पर हैं' में किरदार खुद को मुश्किल हालातों में फंसा हुआ पायेंगे। एण्डटीवी के 'भीमा' में धनिया का किरदार निभा रहीं स्मिता सेबल ने कहा, ''पढ़ाई को लेकर भीमा के इरादे काफी बुलंद हैं, लेकिन उसे कुछ नई और महत्वपूर्ण बाधाओं का सामना करना पड़ता है। शिक्षा के अपने अधिकारों के लिये लड़ने के बाद, वह स्कूल में आधिकारिक रूप से दाखिला लेने के लिये संघर्ष करती है। इसके अलावा उसके शिक्षक भी उसे क्लासरूम में कदम रखने से रोक देते हैं। फिर भी वह किसी तरह से क्लासरूम में दाखिल होने में कामयाब हो जाती है, लेकिन अब दूसरे स्टूडेंट्स क्लास छोड़कर चले जाते हैं। इसलिये वह क्लासरूम के बाहर रहकर ही टीचर के पाठ सुनकर अपनी पढ़ाई जारी रखती है, जबकि बाकी के स्टूडेंट्स क्लासरूम में मौजूद रहते हैं।'' एण्डटीवी के 'अटल' में कृष्णा बिहारी का किरदार निभा रहे आशुतोष कुलकर्णी ने कहा, ''एक क्रांतिकारी की मदद करने के लिये अटल को पकड़ने में तोमर नाकाम होता है। इस बीच, अटल द्वारा अस्पताल के बिल का भुगतान करने के वादे को पूरा करने के बाद उसके पिता कृष्णा बिहारी और दादाजी को हॉस्पिटल से छुट्टी मिल जाती है। जब अवध घर लौटता है, तो उसकी असंवेदनशील टिप्पणी के कारण उसकी मां कृष्णा देवी के साथ एक बड़ा झगड़ा हो जाता है। इस स्थिति का फायदा उठाते हुये, अवध की साली मीना उसे घर में अपना हिस्सा मांगने के लिये उकसाती है।

## टीवी कलाकारों ने युवाओं को हिन्दी भाषा को अपनाने और बोलने के लिये किया प्रेरित!

हिन्दी भाषा को जानने से साहित्य के प्रति गहरा जुड़ाव बनता है। हम उन परंपराओं से भी जुड़ते हैं, जिन्होंने पीढ़ी दर पीढ़ी हमारे समाज को गढ़ा है। हिन्दी दिवस के मौके पर एण्डटीवी के कलाकार युवा पीढ़ी को प्रोत्साहित कर रहे हैं कि वे इसे केवल संवाद का माध्यम न बनाएं, बल्कि अपनी सांस्कृतिक पहचान के रूप में इसका संरक्षण भी करें। ये कलाकार हैं स्मिता सेबल (धनिया, 'भीमा'), आशुतोष कुलकर्णी (कृष्ण बिहारी वाजपेयी, 'अटल'), योगेश त्रिपाठी (हप्पू सिंह, 'हप्पू की उलटन पलटन') और रोहिताश्व गौड़ (मनमोहन तिवारी, 'भाबीजी घर पर हैं')। 'भीमा' में धनिया की भूमिका निभा रहीं स्मिता सेबल ने कहा, ''हिन्दी भारत के इतिहास एवं संस्कृति की गहराई में रची-बसी है। हालांकि, आजकल के युवा अक्सर अपनी रोजमर्रा की बातचीत में मॉडर्न स्लैन्ग का प्रयोग करते हैं, पर यह महत्वपूर्ण है कि वे हिन्दी से जुड़ाव खत्म न करें। अपनी भाषाई पहचान का संरक्षण करना जरूरी है। और मैं शैक्षणिक संस्थानों में हिन्दी को अधिक प्रमुखता देने की पक्षधर हूँ, ताकि वह हमारी संस्कृति का एक महत्वपूर्ण पहलू बनकर चलती रहे।'' 'अटल' में कृष्ण बिहारी वाजपेयी की भूमिका निभा रहे आशुतोष कुलकर्णी ने कहा, '' अपनी समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का पक्षधर होने के नाते मेरा मानना है कि जनरेशन-जेड को हिन्दी अपनानी और बोलनी चाहिये। दुनिया का तेजी से भूमण्डलीकरण हो रहा है और ऐसे में हमारी अपनी भाषा का महत्व केवल संवाद तक सीमित नहीं हो सकता। यह हमें अपने इतिहास, परंपराओं और मूल्यों से जोड़ती है। हिन्दी बोलकर हम न केवल अपने पूर्वजों की बुद्धिमत्ता का सम्मान करते हैं।

## एक नजर

### सांसद और विधायक ने किया जिला अस्पताल का निरीक्षण



**उत्तर बस्तर कांकेर, 15 सितंबर।** स्वच्छता अभियान के शुभारम्भ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के उपरांत कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद भी भोजराज नाग और कांकेर विधायक श्री आशाराम नेताम ने आज दोपहर डेढ़ बजे कोमलदेव शासकीय जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान उन्होंने पोस्ट ऑपरेटिव वॉर्ड, पुरूष एवं महिला जनरल वॉर्ड में जाकर वहां भर्ती मरीजों से मिलकर उनके उपचार के संबंध में जानकारी ली, साथ ही उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना भी की। इसके पश्चात् सांसद व विधायक ने डायग्नोसिस कक्ष, रेडियोलॉजी विभाग की एक्स-रे युनिट, एमआरआई लैब, हमर लैब व टेक्निशियन कक्ष में जाकर उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मरीजों का बेहतर इलाज करने, ड्यूटी चिकित्सकों को समय पर अपने कार्य में उपस्थित रहने तथा एम्बुलेंस, व्हीलचेयर जैसी आपातकालीन सुविधाओं की 24 घण्टे उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शांडिया को दिए। इस दौरान कलेक्टर श्री नीलेश कुमार क्षीरसागर, सी.ई.ओ. जिला पंचायत श्री सुमित अग्रवाल सहित जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने किया श्रमदान, शासकीय कार्यालयों में की गई साफ-सफाई



**उत्तर बस्तर कांकेर, 15 सितम्बर।** 'स्वच्छता ही सेवा अभियान' के अंतर्गत आज सुबह कलेक्टोरेट एवं जिला पंचायत के अधिकारियों एवं कर्मचारियों सहित ब्लॉक स्तर के विभिन्न कार्यालयों में स्वच्छता अभियान में चलाया गया, जिसके तहत कार्यालय परिसर की साफ-सफाई श्रमदान करके किया गया। इसी क्रम में कलेक्टर श्री निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर और जिला पंचायत सीईओ ने भी सफाई अभियान में श्रमदान कर अपनी सहभागिता दी। उल्लेखनीय है कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत 'स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता' की थीम पर आज 14 सितंबर से आगामी 02 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत आज सभी शासकीय कार्यालयों में सफाई अभियान चलाकर इस अभियान की शुरूआत की गई।

### बीएएसएलपी पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रक्रिया की द्वितीय काउंसिलिंग 18 सितंबर को

**रायपुर. 15 सितम्बर।** पं. जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर के नाक, कान व गला रोग विभाग (ई.एन.टी) के अंतर्गत संचालित बैचलर ऑफ ऑडियोलॉजी एंड स्पीच लैंग्वेज पैथोलॉजी (बी.ए.एस.एल.पी) पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रक्रिया 2024-25 की द्वितीय काउंसलिंग बुधवार 18.09.2024 को आयोजित की गई है। विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रतीक्षा सूची के अभ्यर्थियों को बुधवार 18.09.2024 को सुबह 10.00 बजे अम्बेडकर अस्पताल स्थित नाक, कान, गला रोग विभाग, द्वितीय तल के कक्ष क्रमांक 244 में संपूर्ण मूल दस्तावेज के साथ उपस्थित होना है। विभाग की वेबसाईट के तकनीकी कारणों से सुचारु रूप से कार्यरत नहीं होने के कारण अभ्यर्थी चिकित्सा महाविद्यालय की वेबसाईट का अवलोकन करते रहें।

### डॉ. रमन सिंह से पेन्ड्री वार्ड-20 की समस्याओं के निराकरण की माँग

**राजनांदगांव 15 सितंबर।** छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के उपाध्यक्ष मेघदास वैष्णव ने वार्ड क्रमांक-20 पेन्ड्री में वार्ड की विभिन्न समस्याओं विद्यमान है, जिनकी निराकरण एवं स्वीकृति राशि प्रदान करने हेतु निम्न माँग पत्र मान. डॉ. रमन सिंह विधायक को एक पत्र के माध्यम से पत्र प्रेषित की गई पूर्व में भी डॉ. रमन सिंह जी को वार्ड की समस्याओं का अगवत कराते आ रहे है तथा संबंधित अधिकारी को भी पत्र प्रेषित करते आ रहे है लेकिन समस्या यथावत बना हुआ है। जिससे वार्ड वासी परेशान है। मान रमन सिंह जी को निम्न माँगे 1. जी.ई. रोड़ से डबरी तालाब तक सी.सी.रोड़ (कांकरेटी करण)2. गौठान से पशु औषधालय तक सी.सी.रोड़ एवं नाली निर्माण (कांकरेटी करण)3. परमेश्वर दास वैष्णव के घर से परदेशी साहू के घर तक सी.सी.रोड़ (कांकरेटी करण आबादी पारा)4. खेम यादव के घर से द्वारका साहू के घर तक सी.सी.रोड़ (कांकरेटी करण आबादी पारा)5. शिवराम साहू के घर से आंगनबाड़ी केन्द्र क्र-2 तक सी.सी.रोड़ (कांकरेटी करण)6. डबरीतालाब एवं बाँधा तालाब की सौंदर्यीकरण 7. शीतला मंदिर में आहता निर्माण 8. सामुदायिक मंगल भवन निर्माण एवं मानस भवन जीर्णोद्धार करने 9. जी.ई.रोड़ जयस्तंभ चौक में मुख्य द्वार एवं हाई मास लाईट लगाने 10. गौठान एवं मुक्तिधाम में आहता निर्माण11. आबादी पारा गली नं.3-4 में पाईप लाईन विस्तार किया जायें।

### राष्ट्रवादी विचारधारा के साथ जनता के बीच पहुंच रहे:जयंती पटेल

**रायपुर 15 सितंबर।** भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता अभियान सितंबर के प्रथम सप्ताह से ही पूरे देश में शुरू हो गया है प्रत्येक प्रदेश और जिला को नए सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया है भाजपा नेता और कार्यकर्ता सदस्य बनाने लगातार विभिन्न माध्यमों से कार्यकर्ताओ के संपर्क में हैं अब रायपुर शहर जिला भाजपा द्वारा अध्यक्ष जयंती पटेल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं से आगे बढ़ कर आम जनता के बीच पहुंच रहे हैं और भाजपा से जुड़ने का आह्वाहन कर रहे हैं ज्ञात हो की रायपुर शहर जिला भाजपा को 2 लाख से अधिक सदस्य बनाने का लक्ष्य प्रदान किया गया है और उत्साह से लबरेज जिला भाजपा के नेता लक्ष्य से भी अधिक सदस्य बनाने का दावा कर रहे हैं।

# बच्चे की चोरी के लिए पुलिस प्रशासन जिम्मेदार:महेश स्वर्ण

## लेबर पार्टी ऑफ इंडिया के प्रदेशाध्यक्ष ने पुलिस प्रशासन पर खड़े किए सवाल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 15 सितंबर।** दंतेवाड़ा थानाक्षेत्रांतर्गत पोंदुम पंचायत से आदिवासी परिवार के एक नवजात बच्चे का अपहरण का मामला अब पूरी तरह से गरमा गया है। एक पखवाड़ा बीत जाने के बाद भी जब बच्चे व अपहरणकर्ताओं का कोई सूराग पुलिस नहीं जुटा पाई तो आदिवासी समाज आक्रोशित हो गया और पुलिस प्रशासन की नाकामी के खिलाफ लामबंद होते हुए शनिवार को एक दिवसीय दंतेवाड़ा बंद कर विशाल जनसमूह के साथ रैली निकालकर प्रशासन के नुमाइंदों को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंप आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफतारी की मांग की। वहीं इस मामले में अब लेबर पार्टी ऑफ इंडिया भी मैदान में कुद पड़ी है। लेबर पार्टी ऑफ इंडिया के प्रदेशाध्यक्ष गीदम निवासी-महेश स्वर्ण ने घटना के लिए पुलिस को ही जिम्मेदार ठहराया है। श्री स्वर्ण ने कहा है कि जिस 6 माह के बच्चे का अपहरण अज्ञात युवकों द्वारा किया गया है वह बच्चा एक गरीब, बेबस, आदिवासी समाज का बच्चा है इसलिए पुलिस इस मामले में तेजी नहीं दिखाई अगर किसी बड़े रईस अथवा व्हीआईपी के घर से जुड़ा मामला होता तो अब तक हमारी पुलिस आसमान पाताल एक कर चुकी होती और आरोपी अब तक सलाखों के पीछे पहुंच चुके होते और बच्चा मां बाप के पास। श्री स्वर्ण ने कहा कि घटना के बाद वे स्वयं पोंदुम जाकर पीड़ित मां बाप से मिले हैं मां पर दुखों का पहाड़ टूट पडा है दुधमुंहा बच्चे को घर से दिन दहाड़े उठाकर ले जाना यह कोई छोटी मोटी वारदात नहीं है। इससे पूर्व जिले में कहीं भी इस तरह की घटना नहीं हुई है यह पहली दफा है जब अपहरण जैसी घटना शांत व छोटे जिले में भी अब बड़े शहरों की तर्ज पर होने लगे हैं। इसके लिए कोई और नहीं बल्कि पुलिस प्रशासन ही पूरी तरह से जिम्मेदार है। श्री स्वर्ण ने कहा कि बस्तर में 5वीं अनुसूची लागू है आदिवासी की जानमाल की रक्षा सुरक्षा एवं उनके मौलिक अधिकार को कोई आंच न आने पाए इसकी पूरी जवाबदेही शासन प्रशासन की है। लेकिन क्या असलियत में आदिवासियों को 5चवीं अनुसूची का लाभ मिल रहा है? इस आदिवासी बाहुल जिले में जिस तरह से दूसरे प्रदेशों से लोग बिना किसी रोक टोक के व्यापार करने आ रहे हैं जिनकी कोई पहचान प्रशासन के पास नहीं होती। कांड करके ये लोग यहां से फरार हो जाते हैं पुलिस लाठी पीटती रह जाती है अपराधी पकड़ में नहीं आते यही इस मामले में भी हुआ है। बाहर से आकर बाईकों में गैस चुल्हा रिपेयर, कुर्सी टेबल, गददा, सोफा कव्हर, साडी, कंवल बेचने एवं रिपेयर करने के बहाने ये लोग गांवों में घुसते हैं रेकी करते हैं और मौका मिलते ही घटना को अंजाम देकर भाग निकलते हैं। हमारी यही मांग है कि पुलिस इन घुमन्तु बाहरी तथाकथित व्यापारियों के विरूद्ध क्यों कोई अभियान नहीं चलाती है इनकी जांच पड़ताल पूर्व में ही क्यों नहीं की जाती? जब घटना हो जाता है तब ही पुलिस इन लोगों को थाने बुलाकर क्यों इनकी पहचान पत्र दिखाने एवं जमा करने को कहती है पहले ये काम पुलिस क्यों नहीं करती? इसलिए लेबर पार्टी ऑफ इंडिया की मांग है कि अपहरण हुए बच्चे को जल्द से जल्द पुलिस खोजे, अपराधियों को पकड़े और उन्हें कठोर से कठोर सजा दिलाए अन्यथा लेबर पार्टी ऑफ इंडिया आने वाले दिनों में सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन करेगी जिसकी पूरी जवाबदेही शासन प्रशासन पर होगी।

# आत्महत्या के कारण एवं रोकथाम पर व्याख्यान आयोजित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़ 15 सतंबर।** शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में 12 सितम्बर को महिला प्रकोष्ठ व आई.क्यू.ए.सी. के संयुक्त तत्वाधान में प्राचार्य डॉ. श्रीमती ई.वी. रेवती के मार्गदर्शन व महिला प्रकोष्ठ संयोजिका डॉ. श्रीमती आशा चौधरी के कुशल नेतृत्व में आत्महत्या के कारण एवं रोकथाम विशय पर एक दिवसीय अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगढ़ से काउंसलर हितेंद्र कोसरे एवं जयकिशन महोबिया उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर हुई। प्राचार्य डॉ. रेवती द्वारा छात्र-छात्राओ को आत्महत्या के कारण तथा कहा कि छात्र छात्राओं को कोई भी समस्या हो तो उन्हें एक दूसरे से बात करके उसे सुलझाने की कोशिश करनी चाहिए क्योंकि हर समस्या का समाधान निकाला जा सकता है । मुख्य वक्ता हितेंद्र कोसरे ने छात्र-छात्राओं को उदाहरण देते हुए समझाया गया की आत्महत्या करने वाला मनुष्य उससे पहले कई संकेत हमें देता है जिन संकेतों को हमें समझ कर उनसे बात करनी चाहिए ताकि उनकी समस्या कम हो सके और वह कोई ग़लत क़दम न उठाएँ । मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित महोबिया ने बड़े ही रोचक ढंग से छात्र छात्राओं को आत्महत्या करने के कारणों को तथा उसे रोकने के उपायों को बताया जिसमें उन्होंने सोशल मीडिया तथा सभी वर्ग के लोगों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने अपने व्याख्यान में छात्र-छात्राओं को अपनी परेशानी को एक दूसरे से बताने या घर वालों को बताने की सलाह दी, उन्होंने कहा कि आज कल हर व्यक्ति कोई न कोई समस्या से जूझ रहा है परंतु वह समस्या कभी भी इतनी बड़ी नहीं होती कि उन्हें ऐसा कुछ क़दम उठाना पड़े इसलिए यदि किसी को कोई भी समस्या हो तो उन्हें एक दूसरे से बात करके समस्या का हल निकालना चाहिए साथ ही उन्होंने टेली मानस की जानकारी बच्चों को दी जिसमें उन्होंने टोल फ्री नंबर 14416 के बारे में बताया जिसमें कोई भी कॉल करके अपनी परेशानी बता सकता है तथा उस परेशानी का समाधान प्राप्त कर सकता है । कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक श्रीमती नीलम चतुरवेदानी, प्रभात बैस, व छात्र-छात्राएँ उपस्थित थे ।कार्यक्रम का संचालन श्रीमती सोनाली लोया ख़ानखोजें एवं आभार प्रदर्षन अविनाश सिंह द्वारा किया गया।

## समाचार संक्षेप

### पुलिस ने छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं को साइबर फॉड़, गुड चट- बैड टच, यातायात नियमों की दी जानकारी



**बचेली 15 सितंबर।** दंतेवाड़ा पुलिस द्वारा चलाये जा रहे जागरूकता अभियान के तहत दंतेवाड़ा पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय (भा.पु.से.) के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दन्तेवाड़ा श्री स्मृतिक राजनाला (भा.पु.से.)एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दन्तेवाड़ा श्री राम कुमार वर्मन (रापुसे0) मार्गदर्शन में व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी किरन्दुल श्री कपिल चंद्रा के नेतृत्व में थाना प्रभारी किरन्दुल प्रहलाद कुमार साहू के द्वारा अपने स्टॉफ सहायक उप निरीक्षक अनिता चौधरी, प्रधान आरक्षक नरेश मंडल, महिला आरक्षक सोनिया नेताम के साथ क्वढ्ढ.ह्र.क्क स्कूल सभागार में शिक्षकों की मौजूदगी में कक्षा 6वीं से कक्षा 12 वीं तक के छात्र छात्राओं को सायबर फॉड के प्रकार, उससे बचने के उपाय के बारे में जानकारी दिया गया। बच्चों को गुड टच, बैड टच के साथ अभिव्यक्त ऐप की जानकारी देते हुए उनसे किसी प्रकार की अप्रिय घटना होने पर तत्काल थाना किरन्दुल पुलिस को निर्भिक होकर सूचित करने समझाईश दिया गया। वाहन चलाने के संबंध में सभी यातायात नियमों का पालन करने के साथ-साथ नाबालिग बच्चो को वाहन न चलाने दिशा निर्देश देते हुए एम.व्ही. एक्ट एवं उनसे होने वाले फायदे और नुकसान के संबंध में भी जानकारी दी गई। किसी प्रकार की कोई समस्या होने से थाना प्रभारी के मोबाईल नंबर 94791-94315 में संपर्क करने हेतु समझाईश दिया गया।

### पुलिस की कार्रवाई से शराब कोचियों में मचा हड़कम्प




**डोंगरगढ़ 15 सितंबर।** दर्जन भर शराब कोचियों को पकड़ने में पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस की कार्यवाही को देखकर कई मगरमच्छ भूमिगत हो गए है। बताया जाता है कि प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के द्वारा एसपी व कलेक्टर को 13 सितम्बर को नाराजगी व्यक्त किया था जिसका असर जमीनी स्तर पर दिखाई देने लगा है। स्थानीय पुलिस के द्वारा 13 सितम्बर की देर शाम एक के बाद एक कई ठिकानो पर छापामारी कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस से मिले प्रेस नोट में बताया गया कि वरिष्ठ अधिकारी पुलिस अधीक्षक महोदय राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग, अति पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा व श्रीमान पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ आशिष कुंजाम के दिशा-निर्देश में थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा द्वारा अपने थाना क्षेत्र में अपने टीम के साथ लगातार गस्त पेट्रोलिंग कर अवैध गतिविधियों एवं असमाजिक तत्वों पर नजर रख रही है साथ ही क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री को रोकने हेतु डोंगरगढ़ पुलिस मुहिम छेड़ दी है। इसी अभियान के तहत क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री को रोकने हेतु 14 सितंबर 2024 को डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा क्षेत्र के 10 आदतन शराब कोचियों के विरूद्ध धारा- 170, 126, 135 बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया गया है। डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा अपने क्षेत्र में लगातार गस्त पेट्रोलिंग कर अवैध रूप से शराब रखने, बिक्री करने एवं पिलाने वालों व सट्टा लिखने वालों पर लगातार कार्यवाही किया जा रहा है जिससे शराब कोचियों, तस्करों एवं सटोरियों के उपर दहशत का माहौल बना हुआ हैं। प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किये आदतन शराब कोचियों का नाम इस प्रकार है ईशनु टेम्भुरकर पिता प्रभुलाल टेम्भुरकर उम्र- 52 साल निवासी रविदास मंदिर के पास डोंगरगढ़, राजू साहू पिता ईश्वर साहू उर्म्- 30 साल साकिन बुधवारी पारा वार्ड न0-15, सहदेव गली डोंगरगढ़, बारेलाल पिता स्व0 रामप्रसाद सिन्हा उम्र- 53 साल साकिन ग्राम चिद्दो थाना डोंगरगढ़ जिला, जाकिर खान पिता जुम्मन खान उम्र- 30 साल साकिन बुधवारी पारा वार्ड क्र0- 15 डोंगरगढ़, राज कुमार पिता सहसराम कंवर उम्र- 35 साल साकिन देवकट्टा थाना डोंगरगढ़, अवेक चौरसिया पिता मनोज चौरसिया उम्र- 36 साल साकिन खुंटापारा वार्ड न0- 01 डोंगरगढ़ ।



सुकमा जिले के कोन्टा में सर्वश्रेष्ठ गणेश की मूर्ती।

# उत्कृष्ट कार्य करने वालों का सम्मान किया गया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 15 सतंबर।** श्री दिगम्बर जैन मंदिर डोंगरगढ़ में पर्युषण महापर्व कि धूम मची है । दिनांक 13/09/2024 को एक कार्यक्रम का आयोगन श्री दिगम्बर जैन पंचायत समिति डोंगरगढ़ के तत्वाधान में किया गया जिसमे दिगम्बर जैन मेधावी छात्र एवं छात्राओं को जिन्होंने दसवी एवं बारहवी में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किया है - कु. आर्या जैन एवं आदि जैन को श्रीफल, साल, तिलक लगाकर एवं मोमेंटों प्रदान कर उनका सम्मान किया गया एवं उनके उज्जवल भविष्य कि कामना कि गयी । इसी प्रकार जिन बच्चों ने उपनयन संस्कार शिविर में सम्मिलित हुए थे उनको भी तिलक लगाकर, गिफ्ट एवं मैडल भेंट कर उनका सम्मान किया एवं उनके उज्जवल भविष्य कि कामना कि गयी । इसी तारतम्य में श्रीमती आशा बिरेन्द्र जैन को चौका शिरोमणि कि उपाधि से नवाज़ा गया और उनको तिलक लगाकर, श्रीफल एवं साल भेंट कर सम्मान किया गया । इन्होने आचार्य श्री विद्यासागर महाराज जी के आशीर्वाद से अपनी दो बेटियों नेहा दीदी एवं शुभी दीदी जो कि आजीवन ब्रह्मचर्य व्रत, प्रतिभास्थली एवं हाथ करघा में अपनी सेवा प्रदान कर रही है । श्रीमती आशा बिरेन्द्र जैन के द्वारा जब भी कोई साधू या साध्वी चंद्रगिरी या डोंगरगढ़ में आते हैं तो इनके द्वारा प्रतिदिन चौका लगाया जाता है और बहुत सारे स्वादिष्ट व्यंजन बनाने में भी काफी मशहूर हैं । श्रीमती शालिनी नीरज जैन को बच्चों को पाठशाला पढ़ाने एवं मंदिर जी और शास्त्रों कि सेवा करने के लिये तिलक लगाकर, श्रीफल एवं साल भेंट कर सम्मान किया गया। स्वर्गीय श्री दिलीप जैन कि धर्म पत्नी त्रिशला जैन को उनके पति द्वारा भगवान कि आरती एवं शोभा यात्रा में 50 वर्षों से उत्कृष्ट तबला वादन के लिये तिलक लगाकर, श्रीफल एवं साल भेंट कर सम्मान किया गया । श्री प्रखर जैन को क्क्रस्ष्ट श्व×ड्डद्व पास करने एवं अधिकारी पद प्राप्त करने पर तिलक लगाकर, श्रीफल एवं साल भेंट कर सम्मान किया गया । श्री दिगम्बर जैन पंचायत समिति डोंगरगढ़ के अध्यक्ष श्री अनिल कुमार जैन ने बताया कि यह कार्यक्रम करने का उद्देश्य प्रतिभावान बच्चों एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगो का सम्मान कर सभी को इस प्रकार से प्रोत्साहित किया जाता है कि वे भी अपने जीवन में उत्कृष्ट कार्य कर अपना और अपने समाज का नाम रोशन कर सकते हैं । श्री दिगम्बर जैन पंचायत समिति डोंगरगढ़ के कोषाध्यक्ष श्री जय कुमार जैन ने कहा कि बच्चों को संस्कारित करना बहुत महत्वपूर्ण हैं जो मंदिर और पाठशाला आये बिना संभव नहीं है । जिससे बच्चे जीने कि कला सीखते हैं और हमेशा सद्कार्य में लगे रहते हैं ।



### स्वच्छता अभियान के तहत ब्लैक स्पॉट्स चिन्हांकित किए जाएंगे

**उत्तर बस्तर कांकेर, 15 सितंबर।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत पूरे देश सहित जिले में आज स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ हुआ। कलेक्टर श्री निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने इस अवसर पर जिले के नागरिकों को संबोधित करते हुए अपील की है कि इस अभियान के तहत 'स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता' की थीम पर 02 अक्टूबर तक विभिन्न कार्यक्रमों एवं गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। जिले के अधिक कचरे वाले ब्लैक स्पॉट्स का चिन्हांकन कर वहां सफाई अभियान चलाया जाएगा। साथ ही 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत वृक्षारोपण भी किया जाएगा। इसी प्रकार नगरीय क्षेत्रों, ग्राम पंचायतों सहित पूरे जिले में व्यापक स्तर पर सफाई अभियान चलाया जा रहा है। आज सुबह सभी शासकीय कार्यालयों में साफ-सफाई कर इस अभियान की शुरूआत की गई। कलेक्टर ने सभी जिलावासियों से उक्त अभियान का हिस्सा बनकर तन-मन से स्वच्छता अपनाने एवं आवश्यक सहयोग करने की भी अपील की।

### स्वच्छता के प्रति समाज व देश को जागरूक करने क्रांति मिशन के तहत करना होगा कार्य

**उत्तर बस्तर कांकेर, 15 सितम्बर।** 'प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने और इसे जन-जन का अभियान बनाने के उद्देश्य से स्वच्छता अभियान चलाया। प्रत्येक नागरिक को स्वयं के साथ-साथ समाज व देश को स्वच्छ रखने के लिए आगे आना होगा तभी यह अभियान सफल होगा। इसे क्रांति मिशन के तौर पर लेकर हमें कार्य करना होगा।' उक्ताशय के उद्गार कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्री भोजराज नाग ने आज स्वच्छता ही सेवा-2024 के शुभारम्भ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में दिए। सांसद ने मुख्य अतिथि की आसंदी से कहा कि देव स्थलों की भांति प्रत्येक जगह को साफ-सुथरा रखने की प्रवृत्ति को हमारी संस्कृति व स्वभाव लाने की जरूरत है। इस वर्ष 'स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता' की थीम पर आधारित स्वच्छता अभियान के शुभारम्भ अवसर पर जिला पंचायत के सभाकक्ष में आज दोपहर को आयोजित कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि की आसंदी से कांकेर विधायक श्री आशाराम नेताम ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह प्रत्येक व्यक्ति का अभियान है जिसमें अपने घर में स्वच्छ रखने के साथ-साथ बच्चों को भी स्वच्छता का संस्कार दें। यह अभियान एक क्रांति है और इसमें सभी वर्ग को भागीदार होना बेहद जरूरी है।

### स्कूलों में आठवीं के हजारों बच्चों ने दिया एनएमएमएससी परीक्षा के लिए माक टेस्ट

**उत्तर बस्तर कांकेर, 15 सितंबर।** हमर लक्ष्य कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा हेतु जिला उत्तर बस्तर कांकेर के 608 शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा 8वीं में अध्ययनरत सात हजार से अधिक छात्रों हेतु एनएमएमएससी परीक्षा हेतु मॉक टेस्ट का आयोजन किया गया है। जिले में प्रारंभ से ही एनएमएमएससी परीक्षा की तैयारी हेतु प्रधानाध्यापकों की बैठक लेकर सभी विद्यालयों में अतिरिक्त कक्षाओं का संचालन कर तैयारी कराई जा रही है। विगत पांच वर्षों के प्रश्न पत्रों से तैयारी कराई जा रही है। इस परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों को अगामी सत्रों में कक्षा 9वीं से 12वीं चार वर्षों तक प्रत्येक माह एक हजार प्राप्त होगा। इससे छात्र-छात्राओं को आगे अध्ययन में शैक्षणिक रूप से आर्थिक सहयोग प्राप्त होगा। गत सत्र में जिले से 2023-24 में जिले के 526 छात्र चयनित हुए हैं। इस परीक्षा में प्रयास, आवासीय विद्यालय, एकलव्य, आश्रम, निजी विद्यालय के छात्र इस परीक्षा में भाग नही ले सकते हैं। जिला प्रशासन द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रारंभ से ही एनएमएमएससी परीक्षा हेतु बच्चों को तैयार किया जा रहा है, मॉक टेस्ट के माध्यम से छात्रों का आंकलन किया जा रहा है।

## एसडीएम ने 2 दुकानों का निरीक्षण कर नोटिस जारी किया, चितालंका की राशन दुकान में अनियमितता, संचालक निलंबित

# खाद्य विभाग का राशन दुकानों पर नियंत्रण नहीं,10 दिन से बंद मिली दुकान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 15 सितंबर।** जिले में खाद्य विभाग की अकर्मण्यता के चलते राशन दुकानों के संचालन में लापरवाही बरती जा रही है। इसका खुलासा एसडीएम के औचक निरीक्षण में हुआ। हैरानी की बात यह है कि जिला मुख्यालय के 3-4 किमी के दायरे में ही 2 दुकानों के संचालन में अनियमितता मिली। एसडीएम जयंत नाहटा ने अपने एक दिवसीय जिले भ्रमण के दौरान शासकीय उचित मूल्य दुकान ग्राम चितालंका का निरीक्षण किया, जिसमें कई अनियमितताएं मिली। इस पर एसडीएम ने संचालक एजेंसी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर ग्राम पंचायत में संलग्न करने के निर्देश दिए । इसके अलावा ग्राम टेकनार में संचालित राशन दुकान 10 दिनों से बंद होना पाया गया।इस पर एसडीएम ने उक्त दुकान के संचालक व विक्रेता को कारण बताओ सूचना पत्र भी जारी किया है। इसी तरह हाल ही में एक राशन दुकान में उपभोक्ताओं को शक्कर कम दिया जा रहा था। तौलकर देने की जगह दुकान संचालक मग्गे में शक्कर डालकर 1किजी शक्कर बताकर सभी उपभोक्ताओं को दे रहा था। जब एक जागरूक उपभोक्ता ने इसे तौलकर चेक किया तो शक्कर 1000 ग्राम के जगह 800 ग्राम ही निकला। इस पर भी बहुत हंगामा हुआ था। बाद में संचालक ने अपनी गलती मानी और उसमे सुधार किया गया। खाद्य विभाग के अधिकारी व फूड नियंत्रकों द्वारा राशन दुकानों का प्रॉपर निरीक्षण नहीं किए जाने से ऐसी स्थिति निर्मित होती है। इन्ही सब अनियमितताओं से नाराज एसडीएम ने जिला खाद्य अधिकारी को सतत निरीक्षण करने एवं खाद्?य अधिकारियों को प्रति माह प्रत्येक दुकान का निरीक्षण कर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है।

एक नजर

## हिंदी भारतीय संस्कृति की आत्मा है:पूरन लाल



**फिंगेश्वर, 15 सितंबर।** शासन के निर्देशानुसार स्वच्छता पखवाड़ा के तहत 1 सितंबर से 14 सितंबर तक शालाओं में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी तारतम्य में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजली में हिंदी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के प्राचार्य एवं शिक्षकों द्वारा माँ सरस्वती एवं छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर पूजा अर्चना के साथ किया गया।तत्पश्चात स्वच्छता पखवाड़ा के तहत स्वच्छता से संबंधित चित्रकला, रंगोली एवं मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया.प्रतियोगिता में प्रथम,द्वितीय के साथ साथ सभी प्रतिभागी को शाला की ओर से पुरस्कृत किया गया। वही हिंदी दिवस के अवसर पर संस्था के प्राचार्य पूरन लाल साहू ने कहा कि हिंदी भारतीय संस्कृति की आत्मा है.हिंदी हमारी राष्ट्रीय एकता को सशक्त करती है।भारत विविधताओं वाला देश है जिसमें विभिन्न धर्म,जाति एवं सम्प्रदाय के लोग रहते है लेकिन इन सभी लोगों को हिंदी भाषा ने जोड़ कर रखा है।उन्होंने आगे कहा कि हिंदी हमें भारतीय संस्कृति और परंपराओं को समझने और उनकी सराहना करने में मदद करता है।हिंदी भारत की सर्वाधिक बोली व समझी जाने वाली भाषा है। हिंदी दिवस प्रतिवर्ष 14 सितंबर को मनाया जाता है। दिनेश कुमार साहू व्याख्याता ने कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा है और हमे इसका आदर और उसका मूल्य समझना चाहिए। भाषा ही वह ईकाई है जो व्यक्ति को आपस मे जोड़ती है। संतोषी गिलहरे व्याख्याता ने कहा कि देश को एकता के सूत्र में बाँधने वाली हिंदी सिर्फ एक भाषा ही नहीं बल्कि भावों की अभिव्यक्ति है.कार्यक्रम का संचालन हसीना निषाद (ग्यारहवीं) ने किया।इस मौके पर प्राचार्य पूरन लाल साहू,व्याख्याता दिनेश कुमार साहू,विनय कुमार साहू,नरेन्द्र कुमार साहू,रेखा सोनी,गीतांजली नेताम,संतोषी गिलहरे,सत्या मिश्रा,नकुल राम साहू,रुद्रप्रताप साहू, भृत्य आकाश सूर्यवंशी व छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## मौलीपारा बासीन स्कूल के छात्रों का हुआ नवोदय में चयन

**फिंगेश्वर, 15 सितंबर।** जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2024 में शासकीय प्राथमिक शाला मौलीपारा बासीन, संकुल बासीन के दो छात्रों का चयन पाण्डूका स्थित नवोदय विद्यालय के लिये हुआ है।





विद्यालय में कक्षा पांचवीं में अध्ययनरत छात्र- डुमेश्वर ध्रुव पिता रामाधार ध्रुव तथा कमलेश प्रजापति पिता राजू प्रजापति का चयन हुआ है। बच्चों ने अपने इस सफलता का श्रेय अपने माता पिता के साथ ही साथ अपने विद्यालय तथा शिक्षकों को दिया। विद्यालय के शिक्षकों द्वारा बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए विभिन्न नवाचार एवं शैक्षिक गतिविधियों का आयोजन सतत रूप किया जाता है। जिसके ही फलस्वरूप इस तरह बच्चे प्रतियोगी परीक्षा में भी सफलता प्राप्त कर रहे हैं। नवोदय विद्यालय में चयनित छात्रों को शाला के प्रधान पाठक सती गायकवाड़, शिक्षक तेजराम साहू, नीतू भरद्वाज, बासीन संकुल समन्वयक डीहू राम रावत, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष व सभी सदस्यों तथा ग्राम बासीन के सभी शिक्षकों व ग्रामीणों द्वारा छात्रों की उज्जवल भविष्य की कामना के साथ हार्दिक बधाई दी है।

## आईटीआई कॉलेज में सभी ने ली नशामुक्ति की शपथ



**बीजापुर 15 सितम्बर ।** कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में नशामुक्त भारत अभियान अंतर्गत 13 सितम्बर को शासकीय आईटीआई कॉलेज बीजापुर में नशा से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। तथा समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित भारत माता वाहिनी योजना के संबंध में जानकारी प्रदाय किया गया। राज्य के विभिन्न जिलों में संचालित नशामुक्ति पुनर्वास केन्द्रों के बारे में वहां के छात्र-छात्राओं को बताया गया। इसी तारतम्य में महिला एवं बाल विकास एवं अंत्यावसायी के अधिकारी भी अपने विभाग की जानकारी के साथ नशे से हम कैसे दूर रहें इसके बारे में प्रकाश डाला एवं कार्यक्रम के अंत में नशामुक्ति हेतु शपथ लिया गया। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग के उप संचालक श्री कमलेश कुमार पटेल, जिला बाल संरक्षण अधिकारी राहुल कौशिक, अंत्यावसायी अधिकारी श्री योगेश कुमार साहू, आईटीआई कॉलेज के प्राचार्य अभिलाष नन्दे, प्रशिक्षण अधिकारी देवकिशन साहू, आदित्य नायर, सत्येन्द्र देवांगन एवं 70 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

# प्रभारी अधिकारी ने किया ब्लाक की उचित मूल्य दुकानों का निरीक्षण और कहा-राशन वितरण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 15 सितंबर।** 12 सितंबर 2024 को डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी खाद्य जिला बीजापुर द्वारा विकासखंड बीजापुर अंतर्गत उचित मूल दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान उचित मूल्य दुकान में साफ-सफाई वितरण पंजी स्टाक पंजी का संधारण नहीं पाया गया जिस पर डिप्टी कलेक्टर ने भारी नाराजगी व्यक्त करते हुए दो दिवस के भीतर उपरोक्त कार्रवाई पूर्ण कर सभी राशन कार्ड धारी को निशुल्क चांवल एवं निर्धारित दर पर शक्कर नमक गुड़ चना वितरण करने के निर्देश दिए गए गवेल ने कहा कि सभी दुकान नियमित रूप से खुले होने चाहिए दुकान में साफ-सफाई होना सुनिश्चित करें वितरण पंजी स्टॉक पंजी संधारित करें दुकान निर्धारित तिथि एवं समय पर अनिवार्य रूप से खुले होना चाहिए किसी भी ग्राही को राशन नहीं मिलने की शिकायत प्राप्त नहीं होनी चाहिए डिप्टी कलेक्टर श्री गवेल ने बताया कि सभी सरपंच राशन वितरण की समुचित मॉनिटरिंग करें यदि किसी को राशन नहीं मिलता है तो वे जिला खाद्य कार्यालय में इसकी सूचना देने ताकि समय पर निराकरण किया जा सके सभी दुकानदारों को समय पर डीडी राशि जमा करने हेतु निर्देशित किया गया एवं माह के प्रथम सप्ताह से राशन वितरण करना सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया चांवल के साथ-साथ शक्कर नमक चना भी वितरण करने के निर्देश दिए गए।

## गरबा नृत्य इस बार की अग्रसेन जयंती में रहेगा खास



**पत्थलगांव, 15 सितंबर।** अग्रवाल समाज के कुल पुरूष भगवान अग्रसेन की शहर मे 52वीं जयंती मनाने की अग्रवाल नवयुवक समिती ने तैयारियां पूरी कर ली है। पिछले सालो की मर्तबा इस बार नवयुवक समिती ने कुछ हटके कार्यक्रम शामिल किये है,लगातार आठ दिनो तक चलने वाले कार्यक्रमो मे महिला एवं युवतीयों के लिए गरबा नृत्य की प्रतियोगिता शामिल की गयी है। पहली बार गरबा नृत्य की थाप जयंती मे सुनायी देने पर अग्र बंधुओ मे इस आयोजन को लेकर बेहद उत्सुकता देखने को मिल रही है। अग्रवाल नवयुवक समिती के अध्यक्ष संस्कार गर्ग एवं सचिव वेदांत मित्तल ने बताया कि गरबा का आयोजन नवरात्र की पूजा के मद्देनजर अग्रसेन जयंती मे शामिल किया गया है,उनका कहना था कि पिछले कुछ वर्षो से महिलाओ द्वारा अग्रसेन जयंती एवं नवरात्र के उपलक्ष्य मे गरबा नृत्य की फरमाईश की जा रही थी।

# नव्या मिरी का नवोदय विद्यालय में चयन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजिम, 15 सितंबर।** शासकीय प्राथमिक शाला बकली संकुल केंद्र बकली की छात्रा कु.नव्या मिरी का नवोदय विद्यालय में चयन होने पर संकुल प्राचार्य मनहरण लाल यदु संकुल समन्वयक संतोष कुमार साहू ने बधाई प्रेषित करते हुए श्रीफल पेन,मंत्र पट्टिका मंत्र लेखन भेट कर बधाई प्रेषित किया। संकुल समन्वयक संतोष कुमार साहू ने कहा नव्या मिरी का नवोदय विद्यालय में चयन होना शाला के लिए काफी गौरव की बात है सभी बच्चों को उनकी मेहनत लगनशीलता को देखकर उनसे प्रेरणा लेना चाहिए ।संकुल प्राचार्य मनहरण लाल यदु ने कहा कि प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती परिश्रम सफलता की पूंजी है ।सकारात्मक सोच रखते हुए कड़ी परिश्रम करने से निश्चित ही सफलता मिलती है। नव्या मिरी के नवोदय विद्यालय में चयन होने पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामेंद्र कुमार जोशी ,सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी हेमंत कुमार साहू देवेंद्र बहल अनिल ध्रुव, विकासखंड स्रोत समन्वयक सुभाष शर्मा ,प्राचार्य चैतन्य कुमार यदु,प्रधान पाठक भुवनेश्वरी साहू, लेखाचंद मल्होत्रा सुनील कुमार पांडेय,आशा ध्रुव, डुमन लाल देवांगन ,भोले शंकर सोनी, पतिराम यादव, शत्रुहन लाल साहू, विमला बघेल शिक्षक घनश्याम दिवाकर,विकास शर्मा, जैस्मिन तिर्की,किरण साहू, पूरन लाल साहू, अनिता साहू, इंदरमन तारक अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति,दिनेश साहू उपाध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति,राजू साहू सफाई कर्मचारी,नव्या की माता गीता मिरी सहित संकुल के समस्त शिक्षकों ने बधाई दी है।

हिंदी भारतीय संस्कृति की आत्मा है

फिंगेश्वर शासन के निर्देशानुसार स्वच्छता पखवाड़ा के तहत 1 सितंबर से 14 सितंबर तक शालाओं में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी तारतम्य में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजली में हिंदी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के प्राचार्य एवं शिक्षकों द्वारा माँ सरस्वती एवं छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर पूजा अर्चना के साथ किया गया।तत्पश्चात स्वच्छता पखवाड़ा के तहत स्वच्छता से संबंधित चित्रकला, रंगोली एवं मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया.प्रतियोगिता में प्रथम,द्वितीय के साथ साथ सभी प्रतिभागी को शाला की ओर से पुरस्कृत किया गया। वही हिंदी दिवस के अवसर पर संस्था के प्राचार्य पूरन लाल साहू ने कहा कि हिंदी भारतीय संस्कृति की आत्मा है.हिंदी हमारी राष्ट्रीय एकता को सशक्त करती है।भारत विविधताओं वाला देश है जिसमें विभिन्न धर्म,जाति एवं सम्प्रदाय के लोग रहते है लेकिन इन सभी लोगों को हिंदी भाषा ने जोड़ कर रखा है।उन्होंने आगे कहा कि हिंदी हमें भारतीय संस्कृति और परंपराओं को समझने और उनकी सराहना करने में मदद करता है।हिंदी भारत की सर्वाधिक बोली व समझी जाने वाली भाषा है। हिंदी दिवस प्रतिवर्ष 14 सितंबर को मनाया जाता है। दिनेश कुमार साहू व्याख्याता ने कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा है और हमे इसका आदर और उसका मूल्य समझना चाहिए। भाषा ही वह ईकाई है जो व्यक्ति को आपस मे जोड़ती है। संतोषी गिलहरे व्याख्याता ने कहा कि देश को एकता के सूत्र में बाँधने वाली हिंदी सिर्फ एक भाषा ही नहीं बल्कि भावों की अभिव्यक्ति है.कार्यक्रम का संचालन हसीना निषाद (ग्यारहवीं) ने किया।इस मौके पर प्राचार्य पूरन लाल साहू,व्याख्याता दिनेश कुमार साहू,विनय कुमार साहू,नरेन्द्र कुमार साहू,रेखा सोनी,गीतांजली नेताम,संतोषी गिलहरे,सत्या मिश्रा,नकुल राम साहू,रुद्रप्रताप साहू,भृत्य आकाश सूर्यवंशी व छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# नशेड़ी शिक्षक के खिलाफ प्रतिवेदन डीईओ को भेजेंगे:बीईओ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**पत्थलगांव, 15 सितंबर।** ब्लाक में नशेडी शिक्षकों का उत्पात थमने का नाम नही ले रहा। एक सप्ताह पूर्व ही जिला प्रशासन ने नशेडी शिक्षको के लिए नशा मुक्ति अभियान चलाकर उन्हे शराब के सेवन से दूर रखने का प्रयास किया था,परंतु जिला प्रशासन के प्रयास पर नशेडी शिक्षक कालिक पोत रहे है,ऐसा ही एक मामला आज देखने को मिला। जब शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला काडरो में पदस्थ शिक्षक सुरेंद्र कुमार मुंजनी शराब के नशे मे धुत्त होकर स्कूल पहुंच गया। उसके स्कूल पहुंचते ही बच्चो मे दहशत देखने को मिली। शराबी शिक्षक की हरकते इतने मे बाज नही आयी,वह नशे मे गांव की गलियों मे घूमकर उत्पात मचाने लगा। किसी तरह गांव वालो ने अपने कंधो का सहारा देकर उसे उसके ठिकाने तक पहुंचाया। इस बीच नशे की हालत मे शिक्षक गांव वाले बच्चों के साथ गैर जिम्मेदाराना व्यवहार कर रहा था। स्कूल के बच्चों की माने तो लंबे समय से यह शिक्षक शराब का नशा कर स्कूल आता है,जिसकी अनेक बार शिकायत भी की जा चुकी है,परंतु सरकारी कार्यो की लापरवाही की हद ना रहने के कारण आज तक शिक्षा के मंदिर को बदनाम करने वाले ऐसे नशेडी शिक्षक पर कार्यवाही नही हो पायी। स्कूल के प्रधानपाठक अर्जुन राम यादव ने बताया कि यह शिक्षक हमेंशा शराब के नशे में स्कूल आता है,जिसके कारण बच्चों में हमेंशा भय का वातावरण बने रहता है,उन्होंने इस बात की शिकायत अपने तरीके से करी,परंतु शराबी शिक्षक पर कोई कार्यवाही नही हो पायी।।

**ईत्र का करता था इस्तेमाल-** :शराब की गंध एवं अपनी करतूतो पर पर्दा डालने के लिए शराबी शिक्षक सुरेन्द्र कुमार हमेंशा अपने कपड़ों में भरपूर ईत्र लगाकर स्कूल पहुंचता था,जिससे शराब की गंध छुपायी जा सके। ग्रामीणों ने बताया कि शराबी शिक्षक लंबे समय से शराब का सेवन कर स्कूल पहुंचता है। उसकी हरकत पर आपत्ति जताने वालों के साथ वह अभद्र व्यवहार करता है,जिसके कारण अक्सर लोग उससे भय भी खाते है।।

--इस संबंध मे जब ब्लाक शिक्षा अधिकारी विनोद पैंकरा से बात की गयी तो उनका कहना था कि उन्हे इस बात की जानकारी मीडिया के माध्यम से लगी है,वे उक्त शिक्षक के खिलाफ प्रतिवेदन तैयार कर जिला शिक्षा अधिकारी के पास भेजेंगे,वहा के निर्देश के बाद कठोर कार्यवाही की जायेगी।।

# जिज्ञासा कार्यक्रम से विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच विकसित होगी:डॉ.मान सिंह

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**पत्थलगांव, 15 सितंबर।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सुखरापारा में जिज्ञासा कार्यक्रम के तहत सीएसआईआर-सीएमईआरआई दुर्गापुर (पश्चिम बंगाल) द्वारा छात्र-वैज्ञानिक संपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य तथा वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. मान सिंह आजाद के द्वारा सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित-माल्यार्पण कर किया गया।बैच लगा कर सभी वैज्ञानिकों का स्वागत किया गया।यह भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा संचालित विशेष कार्यक्रम है।इस कार्यक्रम का आयोजन जशपुर जिले में संचालित ईएमआरएस सुखरापारा के अलावा घोलेंगे,सन्ना, ढूढरुडांड में भी कार्यक्रम किया जा चुका है।केंद्रीय यांत्रिक अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान/विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ.मान सिंह आजाद के द्वारा विज्ञान के विभिन्न सिद्धान्तों का वर्णन करते हुवे जिज्ञासा क्या है? के बारे बताया कि सीएसआईआर द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर अपने वैज्ञानिक सामाजिक उत्तरदायित्व(एसएसआर) को और अधिक व्यापक व गहन बनाने के लिए की गई प्रमुख पहलों में से एक है।यह छात्रों को शोध का अनुभव प्राप्त करने और उन्हें वर्तमान तकनीकी विकासों से अवगत कराने में मदद करता है। जिज्ञासा कार्यक्रम के मुख्य विशेषताओं के बारे में उन्होंने बताया कि इससे एक ओर स्कूली छात्रों और उनके शिक्षकों में जिज्ञासा की संस्कृति पैदा होगी तो दूसरी ओर वैज्ञानिक सोच भी विकसित होगी,इनका उद्देश्य स्कूली छात्रों और वैज्ञानिकों के बीच परस्पर संवाद स्थापित करना है ताकि छात्रों की कक्षा में सीखने की प्रक्रिया को एक सुनियोजित अनुसंधान प्रयोगशाला आधारित शिक्षा के साथ विस्तारित किया जा सके। साथ ही छात्र प्रयोगशालाओं में जाकर विज्ञान में पढ़ाई गई सैद्धान्तिक अवधारणाओं को व्यावहारिक रूप से समझने में भी मदद मिलेगी।विज्ञान के गूढ़ सिद्धान्तों व विज्ञान विषय के प्रति जागरूकता पर चर्चा किया गया। तकनीकी अधिकारी दिलीप गोराई ने सीएसआईआर की अब तक की यात्रा और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया। इसके बाद परियोजना सहायक जय प्रकाश कुमार, पुनेन्दू प्रमाणिक दोनों के द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी में सीएसआईआर द्वारा तकनीकों और मॉडल विद्यार्थियों के सामने प्रस्तुत किया गया। प्रदर्शनी पश्नोत्तरी में विद्यार्थियों के सही जवाब पर वैज्ञानिक टीम ने पुरस्कृत कर उत्साहवर्धन किया गया।प्रोजेक्टर के माध्यम से वीडियो दिखा कर जागरूक किया गया। अंत में प्राचार्य एवं स्टाफके द्वारा सभी वैज्ञानिक अतिथियों की टीम को एकलव्य सुखरापारा के तरफ से स्मृति चिन्ह भेंट करते हुवे धन्यवाद ज्ञापित किया।कार्यक्रम का संचालन राजेश भगत (टीजीटी) द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अनिल कुमार भारद्वाज, अंजना तिर्की,रिमझिम,सुजन कुमार,आरती गुप्ता,अजंता बौद्ध,च्यवन साय बाज,ज्योति,मंजू सैनी,अंकित,योगेंद्र,निशांत,नैना गोला,सतीश,बाबूलाल वर्मा,उमेश,दुर्गेश,उत्तम सिंह,योगेश नैय्यर उपस्थित रहे।

## छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं को साइबर फ्रॉड,गुड टच-बैड टच, यातायात नियमों की जानकारी दी गई



**बीजापुर,15 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** दंतेवाड़ा पुलिस द्वारा चलाये जा रहे जागरूकता अभियान के तहत दंतेवाड़ा पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय (भा.पु.से.) के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दन्तेवाड़ा श्री स्मृतिक राजनाला (भा.पु.से.)एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दन्तेवाड़ा श्री राम कुमार वर्मन (रापुसे0) मार्गदर्शन में व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी किरन्दुल कपिल चंद्रा के नेतृत्व में थाना प्रभारी किरन्दुल प्रहलाद कुमार साहू के द्वारा अपने स्टॉफ सहायक उप निरीक्षक अनिता चौधरी, प्रधान आरक्षक नरेश मंडल, महिला आरक्षक सोनिया नेताम के साथ क्ढ्ढ.ह्ल.क्कस्कूल सभागार में शिक्षकों की मौजूदगी में कक्षा 6वीं से कक्षा 12 वीं तक के छात्र छात्राओं को सायबर फ्रॉड के प्रकार, उससे बचने के उपाय के बारे में जानकारी दिया गया। बच्चों को गुड टच, बैड टच के साथ अभिव्यक्त ऐप की जानकारी देते हुए उनसे किसी प्रकार की अप्रिय घटना होने पर तत्काल थाना किरन्दुल पुलिस को निर्भिक होकर सूचित करने समझाईश दिया गया। वाहन चलाने के संबंध में सभी यातायात नियमों का पालन करने के साथ-साथ नाबालिग बच्चो को वाहन न चलाने दिशा निर्देश देते हुए एम.व्ही. एक्ट एवं उनसे होने वाले फायदे और नुकसान के संबंध में भी जानकारी दी गई। किसी प्रकार की कोई समस्या होने से थाना प्रभारी के मोबाईल नंबर 94791-94315 में संपर्क करने हेतु समझाईश दिया गया।

## स्वच्छ वातावरण से ही सुंदर और स्वच्छ समाज की कलपना की जा सकती है:सुनील कुमार



**बीजापुर,15 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की 85 वाहिनी के श्री. सुनील कुमार राही कमाण्डेंट के निर्दशन में बीजापुर मे स्थापित स्ह्ल. ञ्जद्धश्रद्वड्डह्य स्ष्द्धश्रश्रद्य के आस-पास के स्थान एवं स्कूल के आर्तरिक क्षेत्र में दिनांक 14/09/2024, षनिवार को स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमे श्री. नरेन्द्र सिंह, उप कमाण्डेंट 85 वाहिनी के नेतृत्व में चलाये गये स्वच्छता अभियान के दौरान स्कूल के प्रधानाचार्य व अन्य शिक्षक व अन्य कर्मचारी भी शामिल रहें। इस दौरान केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के अधिकारियों व जवानो के द्वारा लोगो के बीच स्वच्छता को लेकर एक बेहतर संदेश देने का कार्य किया गया। इस मौके पर श्री नरेन्द्र सिंह, उप कमाण्डेंट 85 वाहिनी ने बताया कि हमारे समाज को स्वच्छता के प्रति जागरूक बनाने को लेकर केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के माध्यम से लगातार अपने सभी कैंप क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ वातावरण से ही सुंदर और स्वच्छ समाज की कल्पना की जा सकती है। इस मौके पर केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के श्री ब्रजेश कुमार सिंह, द्वितिय कमा0 अधिकारी 85 वाहिनी, श्री नरेन्द्र सिंह, उप कमाण्डेंट 85 वाहिनी एवं जवान मौजूद थे।

## बैठक में सेवानिवृत्त कर्मचारी लालू कावरे का पूर्व जिला अध्यक्ष गणपत राव ने किया सम्मान



**बीजापुर,15 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ लघुवेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ के ब्लॉक स्तरीय बैठक बालक आश्रम बीजापुर में संपन्न किया गया। उक्त बैठक में पदाधिकारियों द्वारा कर्मचारियों की समस्या एवं समयमान वेतनमान, पदोन्नति, क्रमोन्नति व संभाग घेराव करने एवं छ: सूत्रीय मांगों को लेकर बैठक रखा गया। जिसमें संभागीय पदाधिकारी श्री अजित बेलसरिया एवं जिला उपाध्यक्ष श्री दैयमन बघेल व बीजापुर ब्लाक अध्यक्ष श्री सत्यम एवं सभी पदाधिकारियों ने बैठक में आगामी होने वाली मांगों के बारे में विस्तृत रुप से चर्चा की एवं 1994 से भृत्य श्री लालू कावरे बालक आश्रम चिन्नाकोडेपाल में अपनी सेवा दे रहे थे वे 31 मई 2024 को सेवानिवृत्त हुए। पूर्व जिला अध्यक्ष श्री जी गणपत राव की उपस्थिति में श्री लालू कावरे को श्रीफल एव साल भेंटकर सम्मानित करते हुए उनके सुखद भविष्य की कामना की । इस दौरान श्री गणपत राव ने कहा कि शासकीय कर्मचारी अपने जीवन के महत्वपूर्ण समय शासकीय सेवा में रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन करते है । इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष श्री सत्यम दुर्गम एवं पदाधिकारी गण व कर्मचारी उपस्थित थे।

## कराते प्रतियोगिता में बीजापुर के खिलाड़ियों ने दिखाया जौहर



**बीजापुर,15 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 24वीं राज्यस्तरीय शालेय कराते प्रतियोगिता 2024 08 सितम्बर 2024 से 11 सितम्बर 2024 जो जगदलपुर के प्रियदर्शनी स्टेडियम में आयोजित किया गया। जिसमें बस्तर संभाग से बीजापुर जिले के 6 खिलाड़ियो का चयन हुआ था जिसमें से 5 खिलाड़ियो ने मेडल लाया है और जिले का नाम रोशन किया है। शलोनी कट्म और शिवपाल कुड़ियम ने सिल्वर मेडल लाकर अंडर 17 में अपना दूसरा स्थान बनाया वहीं परी लिंगम ने अंडर 14 में तीसरा स्थान प्राप्त की बीजापुर के स्वामीआत्मानंद हिन्दी माध्यम के रितेश कट्म और बुलबुल कुड़ियम ने गोल्ड मेडल प्राप्त कर राष्ट्रीय शालेय नेशनल प्रतियोगिता अंडर 17 के लिए अपना जगह बना लिया है। बच्चों में खेल के प्रति उत्साह बना रहे व खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बीजापुर स्पोर्ट्स अकादमी की कराते कोच माला ठाकुर का बेहतर मार्गदर्शन रहा।

## हिंदी दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

**पत्थलगांव, 15 सितंबर।** यहा के लिटिल रोज अंग्रेजी माध्यम स्कूल में हिन्दी दिवस के उपलक्ष में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माता सरस्वती की प्रतिमा के समीप दीप प्रजल्वित कर गणेश वंदना के साथ किया गया, तत्पश्चात अलग-अलग कक्षाओं के विद्यार्थियों ने हिंदी में अपनी कविता, भाषण एवं हिंदी गीतों पर नृत्य का प्रदर्शन किया। विद्यालय के डायरेक्टर डॉ पवन अग्रवाल ने बताया कि 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा द्वारा देवनगरी लिपि में लिखी हिंदी को राजभाषा का दर्जा दिया गया था।

### पर्यूषण पर्व पर श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में किया गया अभिषेक

# शरीर व आत्मा को एक मानना सबसे बड़ा असत्य : मोदी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 15 सितम्बर।** 1008 आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में पर्यूषण पर्व महोत्सव धूमधाम से संपन्न हो रहा है. आज पर्युषण पर्व का पांचवा दिन उत्तम सत्य धर्म है। सर्वप्रथम 1008 भगवान महावीर स्वामी की प्रतिमा मस्तक पर विराजमान कर पांडुक शीला में विराजमान की गई, पांडुक शिला में विराजमान होने के पश्चात आज का प्रथम अभिषेक करने का सौभाग्य अभिषेक मोदी, अभिनव मोदी को प्राप्त हुआ। सभी भक्तों ने मिलकर भगवान का मंगल अभिषेक किया। उसके पश्चात शांति धारा संपन्न हुई, आज की शांति धारा का सौभाग्य अनुराग जैन अंकुश जैन आशा जैन को प्राप्त हुआ। दूसरी ओर से सुमनलता अभिषेक अभिलाषा मोदी को प्राप्त हुआ।शांतिधारा के पश्चात भगवान की मंगल आरती की गई। मंगल आरती के पश्चात प्रतिमा का मार्जन कर सभी भक्त धूमधाम से भक्ति के साथ श्रीजी की प्रतिमा को लेकर भक्ति नृत्य करते हुए बेदी में विराजमान किया। आज की मंगल पूजा प्रारंभ हुई सर्वप्रथम देव शास्त्र गुरु की पूजा, सोलहकारण पूजा, रत्नत्रय पूजा, पंच मेरू पूजा, दशलक्षण पूजा, 24 तीर्थंकर का अर्ध, समुच्च महाअर्ध समर्पित कर पूजा संपन्न की गई।

धर्म सभा को संबोधित करते हुए अभिषेक मोदी ने बताया लोग वेद, उपनिषद, धर्म के सार, में सत्य को ढूंढते हैं पर सत्य तो आपके अंदर ही है। सत्य जिसे प्राप्त हो जाता



है वह चुप हो जाता है वह संसार में भी रहकर उसे विरक्त हो जाता है। सत्य तो हमारी आत्मा का स्वभाव है, अनुभूति है जिसे हम पर पदार्थ में ढूंढ रहे हैं इसलिए आज तक प्राप्त नहीं हुआ है। सनातन धर्म, सत्य धर्म क्या है ? सत्य बोलो, प्रिय बोलो, अप्रिय सत्य मत बोलो, प्रिय झूठ भी मत बोलो। कहा गया है प्राणी रक्षा के लिए कहा गया असत्य भी सत्य के बराबर होता है। सत्य अपना और पर का भला करने वाला होता है। मुख्य रूप से व्यक्ति तीन कारण से झूठ बोलता है- स्नेहा, लोभ और भय। इतिहास में कई उदाहरण उपरोक्त लिखित बातों को प्रमाणित करते हैं। बोली हुई बातें कभी वापस नहीं आती इसीलिए बोलने के पहले विचार कर लो जिससे उसे पर पुनर्विचार नहीं करना पड़े। जैन दर्शन का एक प्रमुख सिद्धांत है- कर्मवाद, जो कहता है कि किसी का बुरा सोचना नहीं और किसी का बुरा करना नहीं। दूसरे के लिए बुरा सोचने और करने वाला स्वयं ही उसे गड्ढे में गिरता है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रकाश मोदी, नवीन गदीया, आलोक मोदी, अभिनव, अभिनंदन, अक्षत, सुमन लता, रजनी, नेहा, सुरभि मोदी, अनुराग जैन, अंकुश जैन, संदीप सनत कुमार जैन, पंकज गदीया, नितिन गदीया, नैतिक गदीया, शोभा लाल जैन, अरिंजय आदि, अंशु मोदी, लाला जैन, निशी हैं आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## समाचार संक्षेप

### टीआई हेमंत पटेल वीरता पदक से सम्मानित किए गए



**हथबंद, 15 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** थाना हथबंद में पदस्थ टीआई हेमंत पटेल को राज्य सरकार द्वारा उनके अदम्य साहस के लिए राष्ट्र पति वीरता पदक से सम्मानित किया गया है इसी उपलब्धि के लिए सद्भावना मंच सिमगा भाटापारा परिक्षेत्र के अध्यक्ष मुबारक हुसैन की टीम ने हेमंत पटेल का अभिनंदन समारोह हथ बंद में आयोजित किया जिसमें उन्हें प्रशस्ति पत्र, मोमेटो, शाल श्रीफल, हैदराबादी इत्र से अंचल के बुद्धि जीवियों के गरिमा मय वातावरण में सम्मान किया। मुबारक हुसैन ने अभिनंदन पत्र में उन्हें अपने पिता जो स्वयं पुलिस सेवा में थे से मिले देश सेवा कै संस्कार का जिक्र किया पटेल साहब सुकमा नक्सली क्षेत्र में आठ लाख के ईनामी नक्सली को अपने लीडर शीप में एनकाउंटर कर फत्तह हासिल की। हेमंत पटेल ने अपने राष्ट्र पति वीरता पदक और उस नक्सली मुठभेड़ की बड़ी बहादुरी से जिक्र किया उपस्थित समुदाय रोमाचित हो उठा उनके जिदा बाद के नारों से वातावरण राष्ट्र मय हो गयाइसके बाद उपस्थित बुद्धि जीवियों ने अपनी ओर से शाल श्रीफल से उनका अभिनंदन किया। सद्भावना मंच के कार्यक्रम में मंच के चिकित्सा विग के डा इकबाल हुसैन, महिला विग प्रमुख फिरोजा निकहत, उपाध्याय इनायत खान, पंचायती राज के प्रथम सरपंच सुरेश यादव, विप्र समाज के अध्यक्ष संतोष दीवान, पूर्व जिला पंचायत सदस्य चन्द्रशेखर साव, जनपद अध्यक्ष वीणा आडिल, पूर्व सरपंच सरिता रामू जागडै, , नरेंद्र शुक्ला, धोना सरपंच विश्व नाथ साहू, पूर्व जनपद सदस्य बेदूराम वर्मा, सुभाष मिश्रा, डा रोहित वर्मा, मेडम नीलिमा साहू, फौजी सुरैन्द वर्मा, उत्तम चंदेल, थाना स्टाफसे हरीश सोना, मालचंद ध्रुव, मंगल दास धृतलहरे, प्रदीप शर्मा, कृष्णकुमार कोशरिया, गोविन्द राम साहू, प्रशांत धर दीवान उपस्थित थे। राष्ट्र गान के साथ सभा का समापन हुआ।

## एक नजर

### रवेली में नाचा पार्टी रंगधारा ओनवा ने दी शानदार प्रस्तुति



**छुरा, 15 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ग्राम हरदी में इस वर्ष भी गणेश चतुर्थी पर छत्तीसगढ़ के सुप्रसिध्द छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी रंगधारा ओनवा रवेली के शानदार कार्यक्रम किया गया था जिसमें अतिथि के रुप सरपंच संतुराम ध्रुव, भारत साहू, शत्रुहन तारक लखन तिवारी, लक्ष्मण वर्मा, पुनितराम ठाकुर, मंचसीन रहे।सर्वप्रथम मां शारदे के छाया चित्र पर पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।गणेश उत्सव समिति के सभी सदस्य जनों ने मंचसीन सभी अतिथि जन को बेंच तिलक लगाकर स्वागत किया गया।इसी बीच रंगधारा छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी को देखने के लिए आसपास गांवों के ग्रामीण हजारों की जनसंख्या में पहुंचकर पुरे रात भर छत्तीसगढ़ी नाचा गम्मत कर्मा, ददरिया, सुआ, नृत्य गौरी गौरा, नाटक, के साथ हंसी मजाक का भरपूर आनंद लिया इस कार्यक्रम के सहयोगी हेमचंद देवांगन संकल्प छत्तीसगढ़ मिशन हॉस्पिटल छुरा, चंदू मिक्कर फैक्टरी छुरा, राकेश शर्मा, डीगेश्वर साहू, मीरा कंवर, हुमसिंग कंवर, इस कार्यक्रम को सफल बनाने में दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर गणेश उत्सव समिति के अध्यक्ष रूपनाथ बंजारे, कन्हैया यादव, लोकेश्वर यादव, टायल यादव, अमर सिंह तारक, गैदलाल यादव, मानिक यादव, गणपत कंवर, सहित सभी सदस्य गण उपस्थित रहे।

### छात्रावास अधीक्षक परीक्षा केंद्रों में परीक्षा की पूरी तैयारी की जा रही

**छुरा, 15 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ व्यापम द्वारा रविवार को छात्रावास अधीक्षक भर्ती परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है इसके अंतर्गत नगर में चार परीक्षा केन्द्र केंद्र क्रमांक29029 शासकीय कचना धुरवा महाविद्यालय, केंद्र क्रमांक 290 30 शासकीय जीपीडी बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, केंद्र क्रमांक 290 31 शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं केंद्र क्रमांक 290 32 निजी कचना धुरवा महाविद्यालय को बनाया गया है सभी परीक्षा केन्द्रों के केन्द्राध्यक्षों द्वारा शासन के निर्देशानुसार सभी तैयारियां पूरी की जा रही है वीक्षकों की ब्रीफिंग की जा चुकी है जिसमें निर्विघ्न परीक्षा सम्पन्न कराने सभी वीक्षकों को निष्ठापूर्वक अनुशासित रहकर परीक्षा संचालित करने के निर्देश दिए है सभी वीक्षकों को ताकीद की गई है कि छात्रावास अधीक्षक भर्ती परीक्षा का समय 12 बजे से प्रारंभ होगा दोपहर 2:15 तक परीक्षा होगी 15 मिनट ओएमआर सीट भरने व प्रश्न पत्र अवलोकन के लिए मिलेंगे इसके लिए वीक्षकों को एक घंटे पूर्व परीक्षा केन्द्र में उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देशानुसार दिया गया है।

### घर घुसकर टोनही कहकर मारपीट व जान से मारने की धमकी देने पर दो गिरफ्तार



**बलौदाबाजार, 15 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 1 अगस्त प्रार्थी द्वारा थाना सिटी कोतवाली में आकर लिखित आवेदन प्रस्तुत करते हुए रिपोर्ट दर्ज कराया कि मेरी पत्नी को आरोपी सेवकराम एवं दयावती द्वारा घर अंदर घुसकर जान से मारने की धमकी देते हुए, गाली गलौज कर टोनही कहकर, मारपीट किया गया है, कि रिपोर्ट पर एवं घटनास्थल निरीक्षण, गवाहों के कथन एवं जांच के आधार पर अपराध क्र. 591/2023 धारा 294, 506, 452, 34 भादवि एवं टोनही प्रताडना निवारण अधिनियम 2005 की धारा 4, 5 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। अपराध दर्ज होने उपरांत दोनों आरोपी फरार हो गए थे तथा गिरफ्तारी के डर से इधर-उधर लुक-छिप रहे थे। कि प्रकरण में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया, जिसमें आरोपियों द्वारा प्रार्थी की पत्नी के साथ घर अंदर घुसकर, टोनही कहते हुए उसके साथ मारपीट करना स्वीकार किया गया है। प्रकरण में दोनों आरोपियों को 13 सितम्बर को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

### डौडीलोहारा विधानसभा स्तरीय सदस्यता अभियान

# भाजपा में बड़े से बड़ा नेता एक कार्यकर्ता के रूप में कार्य करता है : रिकेश सेन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दल्लीराजहरा, 15 सितम्बर।** डौडीलोहारा विधान सभा स्तरीय सदस्यता अभियान 2024 के के अंतर्गत भाजपा मंडल के बैठक दल्लीराजहरा स्थित अटलयोग सदन में प्रदेश उपाध्यक्ष व सभागीय प्रभारी भूपेन्द्र सवन्नी के अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा भूपेन्द्र सवन्नी ने अपने संबोधन में सदस्यता पर्व पर जो देते हुए कहा कि अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचकर उन्हें सदस्यता ग्रहण कराकर सदस्यता अभियान से जोडने की बात कहीं। वहीं उन्होने इस बात पर भी बल दिया कि आगामी विधान सभा चुनाव में डौडीलोहारा विधान सभा में भाजपा का विधायक हो इस कारण से सदस्यता पर और भी जोर - शोर से बल देने की बात कहीं।

कार्यक्रम में बालोद जिला के भाजपा अध्यक्ष पवन साहू ने वर्तमान में सदस्यता कि स्थिति पर चर्चा हुए कहा कि अल्प समाज में बेहतरीन कार्य में अंजाम आप सबने मिल कर दिया है मुझे आशा है निश्चित समय पर हम लक्ष्य की पूर्ती अवश्य दें कर लेंगे। उन्होने सभी पदाधिकारियों को धन्यवाद प्रेषित करते हुए अपनी



शुभकामनाएं प्रेषित की।

वैशाली नगर के विधायक रिकेश सेन कार्य पदाधिकारियों मे जोश भरते हुए कहा -कि भाजपा एक सैद्धातिंक पार्टी हैं। इस पार्टी में छोटा से छोटा कार्यकर्त्ता से लेकर बडा से बडा नेता एक कार्यकर्त्ता के रूप में कार्य करते है। जिम्मेदारी पार्टी में अलग हो सकती हैं। उन्होने आगे कहा कि अपने दैनिक कार्यो में से कुछ समय सदस्यता पर्व पर दिया जाये तो हम लक्ष्य की प्राप्ति आसानी से करने की बात कहीं।

प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने अपने उद्बोधन मे सभी से निवेदन करते हुए कहा - कि हमें डौडी लोहारा विधान सभा क्षेत्र में अधिक से अधिक लोगों में सदस्यता पर्व से जोडते हुए सदस्य बनाने की बात कहीं। जिसका लाभ आगामी निकायों, पंचायतो के चुनाव में हो सके। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री राकेश छोटू यादव के द्वारा किया गया एवं अभार प्रर्दर्शन दल्लीराजहरा मंडल अध्यक्ष राकेश द्विवेदी ने किया दल्लीराजहरा प्रथम आगमन प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेन्द्र श्रीवास एवं दुर्ग संभाग प्रभारी भूपेन्द्र सवन्नी एवं विधाययक रिकेश सेन का दल्लीराजहरा भाजपा मंडल द्वारा साल एवं श्रीफल देकर सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथियों में भूपेन्द्र सवन्नी प्रदेश उपाध्यक्ष, रिकेश सेन विधायक, पवन साहू जिलाअध्यक्ष, ञ्ज शीतल नायक प्रदेश उपाध्यक्ष महिला मोचा, चेमन देशमुख, देवलाल ठाकुर प्रदेश प्रवक्ता, राकेश छोटू यादव, दिलीप शर्मा, राजेश दसोडे सुरेश जयसवाल, गोविन्द वाधवानी, मंडल अध्यक्ष राकेश द्विवेदी, मंडल महामंत्री महेन्द्र सिंह, मदन माइती, मनीष झा, रूपेश सिन्हा, कार्यक्रम में प्रमुख रूप से न.पं अध्यक्ष सोमेश सोरी, भिखी मसीया दारा सिह भूआर्य, राजू कुकरेजा, महेश पाण्डेय, विनय डरसेना, गिरधर सिंहा, राकेश देवांगन, राहूल शर्मा, अजय चौहान, न.पं उपाध्यक्ष संतोष देवांगन, अब्दूल इब्राहिम, रूपेश नायक, जशराज, शर्मा, महेन्द्र पिपरे, सुरेश देशमुख, सुजीत झा, रमेश गुज्जर, बॉबी छतवाल, मंजीत कौर, संजीव सिंह किरण सिन्हा, बांटी चोपडे, उमेश विश्वकर्मा, इमरान खान, दमन दीप, गीता मरकाम, रमेश जैन, जर्नादन सिंगरोल, रामेश्वर साहू, श्याम जायसवाल, रमणी बाघ, ललिता विश्वकर्मा, पिंटू दूब, स्वाधीन जैन, जयदीप गुप्ता, आशिष लालवानी, टी ज्योति, मेवा पटेल, उषा साहू नंदापसीने, हरीश बाघ, अर्जुन विश्वकर्मा, प्रवीण उईके, सोनू ठगेल, पदाधिकारी उपस्थित थे।

### सिद्धि विनायक गणेशोत्सव समिति ने किया खेलकूद का आयोजन



**भखारा, 15 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सिद्धिविनायक गणेश उत्सव समिति सुपेला के तत्वाधान में शनिवार को विविध खेलकूद प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया जिसमें गणेशोत्सव समिति द्वारा मटका फोड़, कुर्सी दौड़, सेव दौड़, कबड्डी जैसे विविध कार्यक्रम आयोजित किए गया जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं एवं स्कूली बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिये इस खेलकूद प्रतिस्पर्धा में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के लिये प्रोत्साहन राशि की व्यवस्था रखा गया था जिसमें प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि के हाथों प्रोत्साहन राशि वितरण किया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि कृष्ण दयाल साहू ने कहा कि बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकार के लिए ऐसे खेलकूद का आयोजन होते रहना चाहिए खेलकूद से शरीर में स्फूर्ति आता है जिससे हमारे शरीर मे नई ऊर्जा का संचार होता है कार्यक्रम में प्रमुख रूप से हितेंद्र साहू, तुलेंद्र साहू, खिलावन सिंह साहू, संत राम साहू, अवध राम साहू, दिग्विजय सिंह, लखन यादव, हरिराम साहू, रघुनाथ साहू, रामसिंग यादव, भीखम यादव, प्रतिभा साहू एवं सिद्धि विनायक गणेश उत्सव समिति के ढाकेश्वर साहू, ललेश्वर यादव, मोहित निषाद, टिकेश्वर यादव, नुकेश साहू, फलेंद्र साहू, मोहित यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे इस कार्यक्रम का संचालन बुद्धेव साहू व आभार प्रदर्शन युगल किशोर साहू ने किया!

## समिति की बैठक में गणेश विसर्जन और ईद पर शांति बनाए रखने की अपील

### धुमाल और डीजे पर पर प्रतिबंध, बजाते पाये जाने पर होगा जब्त



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 15 सितम्बर।** गणेश विसर्जन और ईद मिलादुन्नबी पर्व को लेकर छुरा थाना परिसर मे शांति समिति कि बैठक तहसीलदार छुरा रमेश मेहता के अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई, बैठक मे नगर पंचायत अध्यक्ष खोमन चंद्राकर, नगर पंचायत उपाध्यक्ष रिंकू सचदेव, नायब तहसीलदार क्ल तारेन्द्र सिंग ठाकुर, नगर पंचायत सी एम ओ लालसिंग मरकाम, मुख्यकार्यपालन अधिकारी रूपकुमार ध्रुव, थाना प्रभारी दिलीप मेश्राम, के उस्थिति मे मे बैठक शुरू हुई, बैठक मे मुस्लिम समाज के साथ गणेश समिति के अलावा डीजे संचालक उपस्थित हुए, बैठक को सम्बोधित करते हुए तहसीलदार छुरा रमेश मेहता ने कहा कि आगामी दिनों मे ईद मिलादुन्नबी व गणेश विसर्जन का पर्व है जिसे हमें आपसी भाईचारे के साथ शांतिपूर्ण ढंग से मनाना है उन्होंने कहा कि इस बार सुप्रीम कोर्ट का सख्त आदेश है कि कोई भी वाहन मे साउंड बॉक्स न बजे वाहन मे साउंड बॉक्स मिलने पर साउंड बॉक्स जब्त कर वाहन का रिकार्ड रखा जाये जब्त साउंड बॉक्स को मजिस्ट्रेट (कलेक्टर ) के आदेश के बाद ही छोड़ा जाना दूसरी बार पकड़े जाने पर उस वाहन का परमिट निरस्त किया जायेगा तथा उच्च न्यायलय के आदेश के बिना उस वाहन को कोई भी नया परमिट जारी नहीं किया जायेगा उच्च न्यायलय ने यह भी स्पस्ट कर दिया है कि नियम का उल्लंघन करते हुए पाये जाने पर संबंधित अधिकारी पर अवमानना कि कार्यवाही होंगी इसलिए हम न्यायलय के आदेश से बंधे हुए है इसलिये ईद मिलादुन्नबी व गणेश विसर्जन पूरी सादगी के साथ मनाया जाये इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिक नथमल शर्मा, अब्दुल समद खान, दिनु कोठरी, सलीम मेमन, सुल्तान खान, रमेश शर्मा, इस्माइल मेमन, अनीश सोलंकी, उज्जवल जैन, कुलेश्वर सिन्हा, मेषनन्द पाण्डेय, प्रकाश यादव, शीतल ध्रुव, यामीन, मोनू सेन, प्रकाश सिन्हा, ओमप्रकाश, गेंदुराम, कान्हा कोठरी, सिकंदर खान, सुल्तान खान, सुलेमान खान, युनुस मेमन, इस्माइल खान, अब्बास बेग, सहित बड़ी संख्या मे नगरवासी उपस्थित थे!

### नवजागरण गणेश उत्सव समिति 50 वर्षों से लगातार कर रही गणेश प्रतिमा की स्थापना



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दल्लीराजहरा, 15 सितम्बर।** श्री नवजागरण गणेश उत्सव समिति हटरी बाजार अनाज लाइन भाटापारा। यह एकमात्र ऐसा पंडाल है जो विगत 50 वर्षों से गणेश जी की प्रतिमा स्थापित करते आ रहा है सन 1974 से 2024 तक निरंतर जारी है। यह पंडाल इस वर्ष अपना स्वर्ण महोत्सव मना रहा है जिसके द्वारा समिति के द्वारा प्रतिदिन आयोजन भजन कीर्तन एवं भाटापारा के महानुरागी मुख्य अतिथियों का आगमन पंडाल में होता रहा है जिसमें विधायक इंद्र साव एवं पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, एसडीएम नितिन तिवारी, टी आई परिवेश तिवारी, भाटापारा प्रेस क्लब के सभी सदस्य का आगमन हुआ आने वाले कुछ दिनों में भाटापारा की सुंदरकांड पाठ चालीसा पाठ समिति एवं पीठ परिषद आदित्य वाहिनी आनंद वाहिनी का आगमन होगा एवं शनिवार को श्याम संकीर्तन श्याम गुणगान परिवार द्वारा रखा गया है आप सभी समस्त श्रद्धालु गणेश जी महाराज का आशीर्वाद एवं दर्शन प्राप्त करने अवश्य पधारे। इस वर्ष 2024 में समस्त तीर्थ एवं मंदिरों की मिट्टी से गणेश जी की प्रतिमा बनाई गई है। समिति के सदस्य मोतीलाल केशरवानी मोहनलाल केशरवानी प्रमोद केशरवानी श्याम रतन मुंढडा, कल्लु सोनी, कमल सेठी, उच्चा अंकल, कन्हैया सेठी दीपक केशरवानी, पंकज केशरवानी नरेश गुप्ता छोटामुन्ना, गोलू यादव, मंतु चक्रवर्ती, शंभू नाथ, विजय सोनी, हेमंत केशरवानी शुभम गुप्ता शुभम सेठी शिवम छाबड़िया, हेमंत बहेकर, सौरभ गुप्ता कपिल गुंडयाल अमन केशरवानी, रौनक सोनी, आयुष सोनी, प्रांजल केशरवानी। इस स्वर्ण महोत्सव को मनाने में सभी सदस्यों का बहुत ही अच्छा योगदान रहा।

### पिकनिक के लिए निकली बस को ट्रक ने मारी टक्कर, हादसे में दर्जन भर से ज्यादा यात्री घायल



**भखारा, 15 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भखारा थाना क्षेत्र के ग्राम कोसमर्रा में बस और ट्रक के बीच जबरदस्त भिड़ंत होने से बड़ा हादसा हो गया है इस हादसें में बस में सवार दर्जन भर से ज्यादा लोग घायल हो गए है जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल धमतरी में दाखिल कराया गया है वहीं मामले की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर आगे की कार्रवाई में जुट गए है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी मुताबिक बीती रात्रि बस धमतरी से 50 से भी अधिक लोगों को लेकर अंबिकापुर, मैनपाट पिकनिक में जाने के लिए धमतरी से रायपुर पुरानी मार्ग से होते हुए निकली थी उसी दरम्यान बस ग्राम कोसमर्रा के पास रुकी हुई थी तभी पीछे से आ रही ट्रक क्रमांक - ष्टत्र 21 छ्व 3117 ने खड़ी बस क्रमांक - ष्टत्र 23 रु7100 को पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया जिससे बस की पिछ्ले हिस्से की परखच्चे उड़ गए।बस में सवार लोगों में हड़कंप मच गई थी वहीं दर्जन भर से अधिक लोग घायल हो गए है मौके पर पहुंची पुलिस टीम विवेचना में जुट गई है।

### नशामुक्ति के लिए जिले में चलेगा नई दिशा अभियान, जिला स्तरीय कंट्रोल रूम क़ा संपर्क नम्बर होगा जारी

# अवैध शराब बिक्री व निर्माण पर कड़ी कार्रवाई करने आबकारी विभाग को निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 15 सितम्बर।** युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक करने जिले में नई दिशा अभियान शुरू क़ी जाएगी। इसके तहत नशा मुक्ति केंद्र, समाज कल्याण विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के अमलों क़ी सक्रिय भूमिका होगा। इसके साथ ही जिला स्तर पर नशामुक्ति केंद्र कंट्रोल रूम क़ा संपर्क नंबर भी जारी होगा।अभियान के संचालन हेतु कलेक्टर दीपक सोनी ने शनिवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में अधिकारियों क़ी बैठक लेकर जरुरी निर्देश दिए।

कलेक्टर ने आबकारी विभाग के अधिकारियों को अवैध शराब बिक्री, निर्माण व ओवर रेट क़ी शिकायत पर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि मैदानी अमले सक्रिय होकर कार्य करें। प्रतिदिन कार्यवाही रिपोर्ट दें।किसी भी क्षेत्र में शिकायत मिलने पर सम्बंधित क्षेत्र के अधिकारी पर कार्यवाही होगी। उन्होंने शराब दुकानों में सेल्समेन के द्वारा गड़बडी करने पर उसे तत्काल हटाने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि सबसे पहले सूचना तंत्र को मजबूत करें। हर पंचायतों में भारत माता वाहिनी क़ा गठन कर सक्रिय करें। पुलिस के साथ बेहतर





तालमेल कर अवैध गतिविधियों पर कार्यवाही करें। कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

कलेक्टर ने नशा मुक्ति केंद्र के टीम के कार्यो की समीक्षा करते हुए विकासखंड स्तर पर नशामुक्ति कार्यक्रम आयोजित करने तथा सभी राजस्व अनुभागों में नशामुक्ति केंद्र स्थापित कर सक्रिय करने के निर्देश दिए।उन्होंने नशामुक्ति कार्यक्रम में नशामुक्ति केंद्र के पुरी टीम को मौजूद रहने के निर्देश दिए।कलेक्टर ने रेडक्रास समिति की समीक्षा करते हुए समिति के नवीनीकरण शीघ्र करने तथा सक्रिय संचालन हेतु नोडल अधिकारी को निर्देश किया। उन्होंने कहा की नोडल अधिकारी स्वस्थ की टीम सामुदायिक स्वास्थ्य पर भी कार्य करें।

इस दौरान नशामुक्ति केंद्र द्वारा जागरूकता कार्यक्रम हेतु तैयार किये गए पावर पॉइंट प्रेजेटेशन क़ा अवलोकन किया गया जिसमें चिंता, तनाव, मनोविदलिता, आत्महत्या की रोकथाम, रोकने के उपाय एवं जोखिम, शीघ्र हस्तक्षेप, नशामुक्ति, नशे क़ा कुप्रभाव, नशे से अंगों पर प्रभाव इत्यादि पर विस्तृत प्रकश डाला गया था। बैठक में सीएमएचओ डॉ राजेश अवस्थी, उप संचालक समाज कल्याण अरविन्द गेड़ाम, जिला आबकारी अधिकारी लक्ष्मीकांत गायकवाड़ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### खाद्य तेल के रेट में लगी आग: कन्हैया

**रायपुर 15 सितंबर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल ने



खाद्य तेलों के दाम में आज अचानक हुई भारी भरकम वृद्धि हुई । उन्होंने कहा कि थोक किराना बाजार में आज तेल की उपलब्धता नही मिल रही है । तेल का रेट आज बाजार में खुला पर तेल नही है । बाजार में तेल बीस से पच्चीस रुपए प्रति लीटर तक बढ़े रेट में बताया जा रहा है । श्री अग्रवाल ने कहा कि अचानक एक-दो दिन के अंदर तेल के रेट में 20 से 25 प्रतिशत तक की भारी भरकम बढ़ोतरी से घर घर का बजट तो बिगड़ेगा ही होटलों में सामग्री महंगी हो जाएगी । उन्होंने कहा की सरकार इस मामले को तत्काल संज्ञान में ले ।

### महिला अफसर से 30 हजार की अवैध वसूली

**रायपुर, 15 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की अफसर (अनुभाग अधिकारी) जयश्री निर्वाण को मनी लॉड्रिंग के केस में फंसाने की धमकी देते हुए अज्ञात ठग ने पीड़िता से 30 हजार रुपए की अवैध उगाही कर ली। पीड़िता की शिकायत पर राखी थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर प्रकरण जांच में लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग में अनुभाग अधिकारी के पद पर पदस्थ जयश्री निर्वाण ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। अफसर ने पुलिस को बताया है कि उनके पास शुक्रवार दोपहर अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर टेलीकॉम रेगुलर्टी ऑफइंडिया के दिल्ली ऑफिस का बताया। महिला अफसर के खिलाफ मनी लांड्रिंग का केस दर्ज होने का झांसा दिया। अफसर के वाट्सऐप नंबर पर फर्जी एफआईआर की कॉपी भेज बैंक अकाउंट चेक करने का झांसा दिया। इसके बाद अकाउंट के चार डिजीट बताने के लिए कहा। महिला अफसर के अनुसार तब उनके अकाउंट में 30 हजार रुपये थे। जालसाज ने महिला अफसर को जांच के बाद आधे घंटा के भीतर रकम लौटाने का झांसा देकर उक्त रकम किसी अन्य अकाउंट में ट्रांसफर कराया। दो घंटे बीतने के बाद भी अकाउंट में पैसा वापस नहीं आया तब उन्हें ठगी होने की जानकारी मिली। सीजीपीएससी की जांच सीबीआई कर रही है। अध्यक्ष सहित अन्य पर अपराध दर्ज है। उनके यहां टीम ने छापा मारा है। महिला अधिकारी डर से ठग चंगुल में आ गई। और खुद को बचाने के लिए ठगों को जानकारी दे दी।

### फ्लैट दिलाने का झांसा देकर लाखों की ठगी

**रायपुर, 15 सितम्बर।** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत फ्लैट दिलाने का झांसा देकर ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया अनामिका वैष्णव 41 वर्ष जवाहर वार्ड मुंगेली की रहने वाली है। बताया जाता है कि आरोपी राकेश मंडल अपने दोस्त के साथ मिलकर प्रार्थिया को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत फ्लैट दिलाने एवं नहीं दिला पाने पर दुगना रकम वापस करने के नाम पर धोखाधड़ी किया। प्रार्थिया की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### बंद खाते का चेक देकर ठगी, जुर्म दर्ज

**रायपुर, 15 सितम्बर।** व्यवसाय के लिए पैसा लेकर बंद खाते का चेक देकर ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर सरस्वती नगर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अभिषेक एम नत्थानी 40 वर्ष सिंगापुर सिटी के पास महोबाबाजार का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी आशीष अशोक चड्डा 43 वर्ष ने व्यवसाय के नाम पर प्रार्थी से कई बार पैसा लिया और पटाने के लिए अपने बंद खाता का चेक देकर धोखाधड़ी किया। प्रार्थी की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### शराब दुकान के पास खड़ी बाइक पार

**रायपुर, 15 सितम्बर ।** गोगांव स्थित शराब दुकान के पास खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर गुढ़ियारी पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

## निधन

### मिज्जु बाई

**रायपुर।** तात्यापारा निवासी श्री मोहन लाल जी मोयल की धर्मपत्नी श्रीमती मिज्जु बाई



मोयल उम्र 89 वर्ष का आज दिनाँक 13 सितंबर को आकस्मिक निधन हो गया, उनकी अंतिम यात्रा निवास से मारवाड़ी मुक्तिधाम के लिए शनिवार 14 सितंबर को 11 बजे रवाना होगी, वे राजेन्द्र, रंजन की माताजी एवं भानु प्रताप सिंह, कुशल कुमार मोयल की दादी थी।

# अगर मौजें डुबो देतीं तो कुछ तस्कीन हो जाती किनारों ने डुबोया है मुझे इस बात का गम है



हाल ही में मेरे एक मित्र आईपीएस ने प्रेमचंद के उपन्यास 'सेवा सदन' की एक प्रति भेंट की है, यह उपन्यास पढ़कर वर्तमान स्थिति से तुलना करने पर पाया कि वर्तमान हालात की 106 साल पहले मुंशी प्रेमचंद ने कैसे कल्पना कर ली थी..? आज के हालात फिर आजादी के पहले जैसे ही होते जा रहे हैं, प्रेमचंद ने सामाजिक सरोकारों से ओत-प्रोत उपन्यास 'सेवा सदन' की रचना 106 पहले 1918 में की थी। उर्दू में भी 'बाजार-ए- हुस्न' नाम से 1919 में भी छपा था। भारतीय राजनीति में जो सम्मान महात्मा गांधी का है, वही मुकाम हिंदी कथा साहित्य में उपन्यास सम्राट प्रेमचंद का है। वाल्मीकि, उपमागुरु कालिदास,महाकवि तुलसी दास जैसे महान कालजयी रचनाकारों के समान सामाजिक सरोकारों के लेखक प्रेमचंद ने भारत के जन मानस को प्रभावित किया। वे मानते थे कि साहित्य समाज का दर्पण होने के साथ दीपक का भी कार्य करता है, जिसका उद्देश्य अन्याय , उत्पीड़न,आडंबर के अंधेरे को मिटाकर, सद्भावना, सदाचार, साहस, समानता,सत्य के मार्ग को आलोकित करना है। सामाजिक सरोकारों से ओत- प्रोत उप न्यास 'सेवा सदन' में प्रेमचंद ने नारी पराधीनता वेश्या जीवन, दहेज प्रथा, मध्यम वर्ग की आर्थिक- सामाजिक समस्याओं, जातिप्रथा,धर्म के ठेकेदारों को चित्रित कर उसका यथासंभव समाधान भी प्रस्तुत किया है। ईमानदार थानेदार कृष्णचंद्र की दो बेटियां सुमन और शांता हैं। दहेज की शर्त पूरी किये बिना कोई भी अच्छा रिश्ता सुमन को मिल नहीं पाता है कम आमदनी के कारण सुमन के पिता दहेज जुटाने के लिए रिश्वत लेनी पड़ी है। रिश्वत का भेद खुलने पर थानेदार को जेल हो जाती है, परिवार संकट में आता है। मजबूरी में ही सुमन का विवाह मामूली आमदनी वाले विधुर गजाधर से हो जाता है। बेमेल विवाह और गरीबी के कारण पति-पत्नी के बीच मन- मुटाव शुरू हो जाता है और एक दिन रात को देर से लौटने पर पति ने सुमन पर दुराचार का आरोप लगाकर घर से निकाल दिया। अब सुमन को जीवन में अकेलापन,अपमान ,तिरस्कार, विवशता के कांटें चुभने लगते हैं, सुमन कस्बे की वेश्या भोली की शरण लेती है, स्वयं वेश्या बन जाती है। लेखक प्रेमचंद भाषा-शैली के साथ -साथ मनोविज्ञान के जादूगर थे। आधे पागल जैसी दशा में सुमन के पिता जेल से छूट ते हैं। उनको दुख था, माया भी हाथ न आई, पद- प्रतिष्ठा से भी हाथ धोना पड़ा।जब यह पता चला कि बड़ी बेटी सुमन वेश्या बन गई है,तो वह नदी में डूबकर आत्महत्या कर लेते हैं। प्रेमचंद की दूरदर्शिता काबिले तारीफ है। आज से 106 साल पहले धर्म के ठेकेदारों को बेनकाब करते हुए सेवा सदन में लिखा- 'आजकल धर्म तो धूर्तों का अड्डा है,इस निर्मल सागर में एक से एक मगरमच्छ पड़े हुए हैं। भोले -भाले भक्तों का निगल जाना उनका काम है।लंबी जटाएं, तिलक,लंबी दाढ़ियां महज पाखंड हैं, लोगों को धोखा देने के लिए हैं'। प्रेमचंद का यह वक्तव्य 106 बाद भी सामयिक है।हरियाणा- गुजरात के दो चर्चित रसूखदार दोहरे - दोगले चरित्र वाले बाबाओं को जेल इसका सबल प्रमाण है,सेवा सदन की मुख्य समस्या भारतीय नारी की पराधीनता है।नारी- समाज का सबसे दलित अंगराष्ट्रीय पराधीनता,घरेलु दासता, दोनों से पिसती हुई स्वाधीनता के लिए हाथ फैलाने लगी थी। प्रेमचंद ने सबसे पहले इस परिवर्तन को देखा,स्वागत किया,उसे बढ़ावा दिया। 'सेवा सदन' के माध्यम से प्रेमचंद केवल सामाजिक कुरीतियों और आडंबरों से ही रूबरू नहीं करते,बल्कि यथायोग्य समाधान भी प्रस्तुत करते हैं।

### एसपी कांफ्रेंस: गृहमंत्री को आमंत्रण नहीं था क्या?

13 नवम्बर 2013 को सीएम ने कार्यभार सम्हाला था, 9 महीने पूरा होने के दिन ही एसपी कॉन्फ्रेंस लेकर अपनी सरकार की नीति स्पष्ट की, कार्यवाही के भी कड़े निर्देश दिये,कुछ



आईजी रेंज की पुलिसिया कार्यवाही की तारीफ की तो कुछ को सुधरने की भी हिदायत दी। दुर्ग रेंज (जिस में गृहमंत्री का गृह जिला भी आता है) कार्यप्रणाली पर असंतोष भी प्रकट किया, वहीं गृहमंत्री के गृह जिले कवर्धा के एसपी को भी एक मामले में कहा कि ऐसा नहीं होना थाज..? उन्होंने बिलासपुर पुलिस रेंज की जरुर तारीफ की। इस बैठक में पहली बार एसपी से बैठक में ही चर्चा की,उनकी समस्याओं की भी जानकारी ली, सबसे बड़ी चर्चा डिप्टी सीएम तथा गृहमंत्री विजय शर्मा की गैर मौजूदगी चर्चा में रही..? वैसे अमूमन ऐसे आयोजन में गृहमंत्री की मौजूदगी रहती है,पहले जारी कार्यक्रम में गृहमंत्री का सम्बोधन भी होना था पर बाद में उन्हें आमंत्रित ही नहीं किया गयाज.?

### अबूझमाड़ में सेना का युद्धाभ्यास रेंज बनेगा

बस्तर को नक्सलियों के आतंक से मुक्ति दिलाने के नाम पर छ्ग सरकार ने अबूझमाड़ के जंगल में सेना के युद्धाभ्यास रेंज बनाने 54, 543 हेक्टेयर भूमि अधि ग्रहण करने नारायणपुर के कलेक्टर को पत्र लिखा है।अबूझमाड़ को नक्सलियों का बड़ा गढ़ माना जाता है। वैसे नारायणपुर कलेक्टर को पहले भी 13 सितंबर 2017, 21नवम्बर 17,फिर 17 फरवरी 21 को भूमि हस्ताँतरण के लिये पत्र दिया गया है,वर्तमान पत्र में उसका भी उल्लेख है।सेना को इस भूमि हस्ताँतरण का प्रस्ताव पिछले 7 सालों से लंबित है,देखना है इस बार क्या होता है?सेना का उपयोग नक्सली उन्मूलन हेतु नहीं होगा पर नक्सलीगढ़ अबूझमाड़ में सेना के युद्धाभ्यास से तो नक्सली गति विधियों पर एक तरह से दबाव बनेगा यह तय है।

### एक छत्तीसगढ़िया पूर्व आईएएस ऐसा भी

मप्र में व्यापम घोटाला और छ्ग में पीएससी भर्ती में घोटाला की जमकर चर्चा है। ऐसे में एक पूर्व आईए एस की चर्चा जरुरी है।मूल छत्तीसगढ़िया पूर्व आईएएस बीएल ठाकुर,सरकारी नौकरी के दौरान मप्र में 19 91-92 में माध्यमिक शिक्षा मण्डल के सचिव रहे,छ्ग राज्य बनने के बाद 2008 से 2011 तक 3 साल,पी एससी चेयरपर्सन भी रहेज डिंडोरी (मप्र) तथा छ्ग के धमतरी के कलेक्टर भी रहे, 74 में साइंस कॉलेज रायपुर से एमएससी करने के बाद कुछ जगह नौकरी की फिर 76 बैच के डिप्टी कलेक्टर बने, बालाघाट,राजनांदगाँव दंतेवाड़ा,जगदलपुर में एसडीएम, के अलावा खनिज, गृह निर्माण मण्डल, विद्युत मण्डल आदि में भी कार्य किया। छ्ग पीएससी में चेयरमेन पर्सन बनने एक साल पहले ही अनिवार्य सेवा निवृति लेकर वहाँ 3 साल कार्य किया। वहाँ से कार्यमुक्त होकर अब झलमला (बालोद) में खेती- बाड़ी में लगे हैं।






मेरी उनसे मुलाक़ात रिटायर्ड एडीजी आर सी पटेल ने कराई थी, उनके परिवार की शादी में हम ज़ब गाँव गये थे, आईपीएस बीबीएस ठाकुर (आईपीएस प्रफुल्ल ठाकुर के बड़े भाई) भी आये थे, ग्रामीण माहौल में पत्तों का मंडप देखकर मुझे ठाकुर साहब की सादगी पर फ़ख्र ही हुआ। खैर हाल ही में हमारे मित्र देवघर महंत ने गांव जाकर ठाकुर साहब से मुलाक़ात की। मुझे लगा कि हाल ही में जिस तरह आईएएस जेल में हैं, कुछ जाने की तैयारी में हैं,लाखों - करोड़ों की सम्पति के मालिक बन रहे हैं इस माहौल में सादगी पसंद रिटायर आईएएस की चर्चा करना जरुरी था.!

### और अब बस

- छ्ग के भाजपा के 2 सांसदों बृजमोहन अग्रवाल,विजय बघेल को अपने ही सीएम को पत्र लिखने की जरुरत क्यों पड़ीज?
- भूपेश सरकार के मंत्री रहे मो. अकबर के खिलाफ एफ आई आर हो गई है, अब शिव डहरिया की बारी है..?
- सरगुजा में मां के मोबाईल देखने से मना करने पर एक बेटी ने आत्महत्या कर ली है।
- छत्तीसगढ़ के इंद्रावती टायगर रिजर्व के कोर एरिया के अंतर्गत 76 गांवों से विस्थापन में प्रथम चरण में 21 गांवों का चयन किया गया है।

# हिंदी की दशा और दिशा पर विचार विमर्श

**रायपुर 15 सितंबर।** शासकीय दूधाधारी बजरंग महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा हिंदी दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हिंदी की दशा और दिशा पर आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शासकीय नवीन महाविद्यालय भाठागांव के प्राचार्य डॉ. राजेश दुबे ने कहा कि हिंदी ने स्वतंत्रता आंदोलन की भाषा बनकर भारत को एक जुट किया था। आगे उन्होंने कहा हिंदी के प्रति हमे सजग होने की आवश्यकता है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. किरण गजपाल ने कहा हिंदी पर हमे गर्व करना चाहिये एवं हिंदी को बढ़ावा देने के साथ ही शुद्ध रूप से पढ़ने -लिखने की आवश्यकता है ।समाजशास्त्र विभाग की प्राध्यापक डॉ. मनीषा महापात्र ने हिंदी के महत्व को प्रतिपादित करते हुए कहा कि हिंदी का साहित्य समृद्ध है हिंदी ने भारतीय साहित्य को पुष्ट किया है। इस कार्यक्रम में हिंदी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. सविता मिश्रा ने कहा कि हिंदी की वैश्विक रूप से समृद्धि हुई है तथा आज विभिन्न क्षेत्रों में हिंदी का प्रयोग हो रहा है।



कार्यक्रम में छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के द्वारा हिंदी के महत्व को समझाया । महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापक डॉक्टर शंपा चौबे ने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।,नुक्कड़ नाटक में अदिति प्रधान, भूमिका बारीक, गीतांजलि वर्मा, भारती साहू ,आकांक्षा साहू प्रमुख भूमिका में रही। पद्मश्री शर्मा ,पूजा राजपूत ,पूनम नायक, रिया जमीदार, यामिनी पांडे, आदित्य शुक्ला, कविता, आशा झा और काजल राय ने हिंदी के महत्व और उपयोग पर वक्तव्य दिए और कविता का पाठ किया। कार्यक्रम का सफल संचालन सहायक प्राध्यापक डॉक्टर कल्पना मिश्रा ने किया धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर मंजू देवी कोचे ने किया । हिंदी विभाग से डॉक्टर किरण शर्मा और डॉक्टर दुरपत मिरी उपस्थित थे। बड़ी संख्या में स्नातक और स्नातकोत्तर की छात्राएं कार्यक्रम में उपस्थित रही।

# जरिता का बयान अपने पाप को छुपाने वाला: भाजपा

**रायपुर 15 सितंबर।** कांग्रेस प्रदेश प्रभारी सचिव जरिता लैटफलांग के भाजपा नेताओं पर महिला उत्पीड़न में संलिप्त होने के आरोप पर बीजेपी प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने पलटवार किया है. उन्होंने कहा कि जरिता का बयान अपने पाप को छुपाने वाला है. जब व्यक्ति खुद कटघरे में खड़ा होता है, तो सामने वाले पर आरोप लगाता है. इसे भी पढ़ें ⁃ कांग्रेस की प्रभारी सचिव जरिता लैतफलांग ने लगाया गंभीर आरोप, कहा- महिला उत्पीड़न के केस में हर जगह भाजपा के नेता, उनके बेटे और रिश्तेदार शामिल

बीजेपी प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा कि पिछले 5 वर्षों के आंकड़ों का आकलन करें,



तो दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा. कांग्रेस की वापसी क्यों नहीं हो रही है. आत्मलोकन करने की आवश्यकता है. जिस तरीके से भ्रष्टाचार, अपराध, हत्या, नशा हुआ, वो पिछले 5 वर्षों में नहीं हुआ. बीजेपी के सदस्यता अभियान पर संजय श्रीवास्तव ने कहा कि बीजेपी की सदस्यता अभियान को महापर्व के रूप में मनाते हैं. बीजेपी की ताकत उनके सदस्य के बदौलत है. केंद्र में 10 करोड़ प्लस का लक्ष्य रखा गया है. प्रारंभिक 15 दिन में हमेशा से अधिक सदस्य बने हैं. हमारे कार्यकर्ता काम कर रहे हैं, आम लोगों का भी झुकाव भाजपा की ओर है. कांग्रेस के महिला सदस्यता अभियान चलाए जाने पर बीजेपी प्रदेश महामंत्री ने कहा कि कांग्रेस का कोई भी अभियान पैसे से प्रारंभ होता है. अब तो कांग्रेस के विस्थापन का समय आ गया है. कांग्रेसी बीजेपी की नकल करने की कोशिश करते हैं, लेकिन नकल के लिए भी अकल की जरूरत होती है.

### अंधविश्वास में हत्या की निंदा

**रायपुर 15 सितंबर।** डॉ दिनेश मिश्र ने कहा पिछले कुछ दिनों में टोनही /डायन के सन्देह में हत्या मारपीट ,प्रताड़ना की घटनाएं सामने आयी हैं सिर्फ अंधविश्वास ,जादू टोने जैसी भ्रामक मान्यताओं पर भरोसा कर किसी निर्दोष महिला एवं उसके परिवार पर हमला करने की घटनाएं, अनुचित है,दोषियों पर कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए.समिति प्रवास कर प्रताड़ित परिवारों से मिलेगी और ग्रामीणों को जागरूक करेगी .

डॉ. मिश्र ने कहा हर व्यक्ति की बीमारी,समस्या और उसके कारण अलग-अलग होते हैं जिनका समाधान सही चिकिसकीय उपचार ,तर्कसंगत उपाय से किया जा सकता है. बीमारियाँ अलग अलग कारणों से होती हैं संक्रमण होने से ,दुर्घटना होने,कुपोषण से व्यक्ति बीमार होता है संक्रमण भी विभिन्न बैक्टीरिया, वायरस ,फंगस से होता है ,तथाकथित जादू टोने ,से कोई बीमार नही हो सकता ,क्योंकि जादू टोने जैसी काल्पनिक मान्यताओं का कोई अस्तित्व ही नहीं है,इस लिए तथाकथित जादू टोने से ना ही कोई व्यक्ति किसी को भी मार कर सकता है।

# पर्यावरण अनुकूल गणेश प्रतिमा बनाने प्रतियोगिता

**रायपुर 17 सितंबर।** प्रियदर्शनी नगर स्थित मिनी मार्वल्स प्रीस्कूल ने हाल ही में रचनात्मकता और स्थिरता का उत्सव मनाया, जिसमें बच्चों और उनके माता-पिता ने मिलकर एक अद्भुत गणेशा बनाने की प्रतियोगिता में भाग लिया। यह आयोजन 12 सितंबर, 2024 को हुआ और इसमें प्रतिभागियों ने विभिन्न पर्यावरण-अनुकूल सामग्री का उपयोग करके गणेश के अद्वितीय मूर्तियों को जीवंत किया। प्रतियोगिता एक बड़ी सफलता रही, जिसमें युवा कलाकारों और उनके परिवारों द्वारा जीवन्त गणेशा की कई शानदार रचनाएँ प्रस्तुत की गईं। पुनर्नवीनीकरण कागज, प्राकृतिक मिट्टी, जैविक रंगों और बायोडिग्रेडेबल सजावट के साथ बनी मूर्तियों ने मिनी मार्वल्स के पर्यावरणीय जिम्मेदारी के प्रति समर्पण को



उजागर किया। इस प्रतियोगिता की जज के रूप में प्रमुख वरिष्ठ पत्रकार प्रियंका प्रशांत गुप्ता, इस आयोजन की गरिमा को और बढ़ाया। गुप्ता की विस्तृत रिपोर्टिंग पृष्ठभूमि और बारीकियों पर उनकी नजर ने सभी प्रतिभागियों को प्रेरित किया और उनके प्रयासों की सराहना की। उनकी उपस्थिति ने प्रतियोगिता को विशिष्टता प्रदान की, जो दोनों कलात्मक प्रतिभा और पर्यावरणीय जागरूकता के महत्व को दर्शाती है। मिनी मार्वल्स प्रीस्कूल की निदेशक अनुभूति श्रीवास्तव ने कहा, हमें हमारे छात्रों और उनके परिवारों की इतनी उत्साही भागीदारी देखकर बहुत खुशी हुई। गणेशा बनाने की प्रतियोगिता ने न केवल बच्चों को अपनी रचनात्मकता को व्यक्त करने का मौका दिया, बल्कि स्थिरता का महत्व भी उजागर किया। हम मानते हैं कि मज़े और महत्वपूर्ण कारण को जोड़ना भविष्य की पीढ़ियों को पर्यावरणीय देखभाल के महत्व को सिखाने का एक प्रभावी तरीका है।

### सूने मकान से नकदी सहित जेवर पार

**रायपुर, 15 सितम्बर।** बजाज कालोनी राजेन्द्र नगर स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने नकदी 60 हजार सहित सोने-चांदी के जेवर पार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।



बूढ़ापारा गणेशोत्सव समिति।



गौरा गणेशोत्सव समिति तेलीबांधा।

# उद्योगों की स्थापना की प्रक्रिया आसान होने से रोजगार बढ़ेगा

**रायपुर 15 सितंबर।** छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश महामंत्री अजय भसीन, स्वावलंबी भारत अभियान के प्रांत सह समन्वयक संजय चौबे, भिलाई उधोग चेंबर के अध्यक्ष जे पी गुप्ता, उधोग चेंबर के उपाध्यक्ष एवम लघु उद्योग भारती के पूर्व इकाई अध्यक्ष के एस बेदी ने बताया की दुर्ग जिले के जिलाधीश सभागार में उधोग विभाग के अधिकारियों द्वारा छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा जारी सिंगल विंडो प्रणाली को लेकर प्रजेंटेशन दिया गया इस अवसर पर सभी संगठनों के प्रतिनिधि शामिल रहे!

छत्तीसगढ़ में उद्योगों की स्थापना को सरल बनाने के लिए वाणिज्य एवं उद्योग विभाग ने पुराने पोर्टल को अपग्रेड कर सिंगल विंडो सिस्टम 2.0 तैयार कर

आपरेटिव सोसायटी, लैंड रिकॉर्ड, इलेक्ट्रानिक एवं सूचना विभाग, छत्तीसगढ़



पर्यावरण संरक्षण मंडल, छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम, छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग, श्रम विभाग, छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूटेशन, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, नियंत्रक विधिक माप विज्ञान, वाणिज्यिक कर, नगर तथा ग्राम निवेश, रजिस्ट्रार फर्म एवं संस्थाएं जैसी सुविधाओं को एक ही प्लेटफार्म में लाया गया है। अजय भसीन एवम संजय चौबे ने बताया कि सिंगल विंडो सिस्टम संस्करण 2.0 के माध्यम उद्योगों की स्थापना में सहयोग व युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे, एवम युवाओं को उद्योग लगाने में सरलता होगी सही मायने में ये ईजी ऑफ ड्यूंग बिजनेस कहलाएगा। आगे भसीन एवम चौबे ने बताया की पोर्टल के माध्यम से 16 से अधिक विभागों की 100 से अधिक सुविधा मिलेगी। पोर्टल पर एक बार आवेदन से ही सभी विभागों को क्लीयरेंस मिलेगा। ऑफलाईन मोड में किसी भी कार्यालय जाने की आवश्यकता नहीं होगी। उद्योग स्थापना के लिए किन विभागों से क्लीयरेंस लेना होगा यह जानकारी पोर्टल पर उपलब्ध होगी। ई-चालान के माध्यम से पेमेंट की सुविधा होगी। सिंगल क्लिक पर आवेदन की स्थिति देखी जा सकेगी। इस अवसर पर एडीएम,, महाप्रबंधक उद्योग एवं व्यापार केन्द्र श संबंधित विभाग के अधिकारी एवं विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी सहित दुर्ग भिलाई के उद्योगपति उपस्थित थे।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26